3 राजधानी
बेघर बच्चों के लिए खुलेंगे आवासीय स्कूल

6 अभिमत
पाकिस्तान में वहाबी आतंकवाद

10 विदेश
यूक्रेन के ल्वीव पर रॉकेट से हमले

11 विविध
ड्रोन के साथ ऊंची उड़ान

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 139
नई दिल्ली, सोमवार, 28 मार्च, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



पीवी सिंधू ने जीता स्विस ओपन
स्पोर्ट्स-12

# दिल्ली-केंद्र के झगड़े में फंसा प्रतिष्ठित कॉलेज ऑफ आर्ट्स

- आंबेडकर विश्वविद्यालय की संबद्धता के जरिए दिल्ली सरकार कॉलेज को करना चाहती है अपने अधीन, एलजी ने मामले को ठंडे बस्ते में डाला
- केंद्रीय विश्वविद्यालय डीयू से संबद्धता वाला कॉलेज ऑफ आर्ट्स देश भर में है बेहतर पढ़ाई के लिए मशहूर

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली



फाइल फोटो

**डीयू** के प्रतिष्ठित कॉलेज ऑफ आर्ट्स के प्राधिकार के मुद्दे पर दिल्ली सरकार और राज निवास के बीच खींचतान के चलते संस्थान की अकादमिक प्रगति पर भारी दुष्प्रभाव पड़ रहा है। यह कॉलेज देशभर में बहुत प्रतिष्ठित है, क्योंकि इससे पद्म पुरस्कार विजेता एवं इस कॉलेज की स्थापना करने वाले बीसी सान्याल, मशहूर पेंटर एमएफ हुसैन, ओपी शर्मा जैसी तमाम हस्तियां जुड़ी रही हैं। शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए छात्रों का नामांकन नहीं करने के संदेहास्पद कदम उठाने और संबद्धता के मुद्दों पर लंबी खींचतान से परेशान छात्रों, शिक्षाविदों के एक वर्ग और अन्य हितधारकों ने कॉलेज के अंदर एवं बाहर लगातार विरोध प्रदर्शन किए हैं।

दिल्ली सरकार के अधीन दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा इस विश्वस्तरीय प्रतिष्ठा वाले डीयू से हटाकर दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स को आंबेडकर विश्वविद्यालय के तहत लाने का दबाव बनाने को अंततः उपराज्यपाल अनिल बैजल ने ठंडे बस्ते में डाल दिया है। कॉलेज ऑफ आर्ट्स लुटियंस दिल्ली में स्थित एक बहुत ही खास कॉलेज है, जो 1974 से डीयू के संगीत और ललित कला संकाय से संबद्ध रहा है। आंबेडकर विश्वविद्यालय एक राज्य सरकार का विश्वविद्यालय है, जबकि दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, जो कई वैश्विक रैंकिंग में अपनी जगह बना चुका है। कॉलेज ऑफ आर्ट्स का आंबेडकर विश्वविद्यालय में विलय को रोकने के प्रयास में छात्रों ने बैजल और दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति को एक ऑनलाइन याचिका भी शुरू की है। छात्रों की याचिका में डीटीयू के कदम को अलोकतांत्रिक और अत्यधिक अनैतिक कहा गया है। साथ ही इसमें यह भी कहा गया है कि छात्रों को कॉलेज के बारे में निर्णय लेने की प्रक्रिया को प्रभावित करने का अधिकार है। शिक्षण, गैर-शिक्षण कर्मचारियों, छात्रों और अन्य हितधारकों के एक वर्ग ने कॉलेज ऑफ आर्ट्स के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो बीएस चौहान पर निहित स्वार्थ के लिए आंबेडकर विश्वविद्यालय से संबद्धता प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगाया है, क्योंकि वह अपेक्षित मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं।

यह कॉलेज 2012 से नियमित प्राचार्य के बिना चल रहा है। यही नहीं, प्रौद्योगिकी के इस युग में संस्थान की वेबसाइट 2017 से अपग्रेड/अपडेट नहीं हुई है। दिल्ली सरकार ने विलय की प्रक्रिया में तेजी लाने के उद्देश्य से एक ओएसडी नियुक्त किया है। दूसरी ओर, राज निवास ने कहा है कि जब तक दिल्ली विश्वविद्यालय से डी-संबद्धता के लिए एक एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) जारी नहीं किया जाता है, तब तक विलय नहीं हो सकता। दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद और दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने डीयू से कला कॉलेज के निकास को मंजूरी नहीं देने के लिए अपना रुख दोहराया है। इसके बिना तकनीकी रूप से ( शेष पेज 8 )

# निर्यात 30 लाख करोड़ पार, यही देश का दमः मोदी

- मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने वोकल फॉर लोकल का किया आह्वान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' सुनते वरिष्ठ भाजपा नेता

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारत के 30 लाख करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य हासिल करने का श्रेय मजबूत आपूर्ति श्रृंखला को देते हुए वोकल फॉर लोकल (स्थानीय के लिए मुखर) होने का आह्वान किया है ताकि हर उत्पाद की वैश्विक पहचान हो जाए। प्रधानमंत्री ने निर्यात के इस आंकड़े को देश का असली दम बताया है। प्रधानमंत्री ने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में नए स्टार्ट-अप, आयुष उत्पाद निर्माण में बढ़ोतरी, जल निकायों को रिचार्ज करने के लिए व्यक्तिगत प्रयास, स्वच्छता कार्यों सहित कई मुद्दों को छूते हुए कई लोगों द्वारा पर्यावरण और समाज का पोषण करने वाले महान कार्यों की चर्चा की।

मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत में 30 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य को प्राप्त करने वाले भारतीय निर्यात का हवाला देते हुए कहा कि यह भारतीय क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पहली नजर में यह अर्थव्यवस्था से संबंधित मामले के रूप में सामने आ सकता है, लेकिन यह अर्थव्यवस्था से अधिक भारत की क्षमता से संबंधित है। उन्होंने कहा कि एक समय में भारत से निर्यात का आंकड़ा 100 अरब, कभी 150 अरब, कभी 200 अरब और आज 400 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। एक तरह से इसका मतलब यह है कि भारत में बनी वस्तुओं की मांग दुनिया भर में बढ़ रही है। इसके अलावा, मोदी ने कहा कि इसका मतलब यह भी है कि भारत की आपूर्ति श्रृंखला दिन पर दिन मजबूत हो रही है। एक बहुत बड़ा संदेश भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब संकल्प सपनों से बड़े होते हैं तो राष्ट्र बहुत प्रगति करता है। जब संकल्पों के लिए दिन-रात ईमानदारी से प्रयास किया जाता है, तो वे संकल्प भी फलित होते हैं। आप देखते हैं कि जब व्यक्ति के जीवन में संकल्प, प्रयास, सपने से बड़ा हो जाता है, तो सफलता अपने आप मिल जाती है। मोदी ने कहा कि देश के कोने-कोने से हमेशा नए उत्पाद विदेशी तटों पर पहुंच रहे हैं। असम के हैलाकांडी से चमड़ा उत्पाद या उस्मानाबाद से हथकरघा उत्पाद, बीजापुर से फल और सब्जियां या चंदौली से काला चावल, इन सभी का निर्यात बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब, आपको दुबई में भी लद्दाख की विश्व प्रसिद्ध खुबानी मिलेगी और सऊदी अरब में, आपको तमिलनाडु से भेजे गए केले मिलेंगे।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि नए उत्पादों की एक श्रृंखला हमेशा नए देशों में भेजी जा रही है। प्रधान मंत्री ने कहा कि उदाहरण के तौर पर हिमाचल और उत्तराखंड में उगाया गया बाजरा की पहली खेप डेनमार्क को निर्यात किया गया। आंध्र प्रदेश के कृष्णा और चित्तूर जिलों से बैंगनपल्ली और सुवर्णरेखा आम दक्षिण कोरिया को निर्यात किए गए थे। त्रिपुरा से ताजे कटहल को हवाई मार्ग से लंदन भेजा गया और पहली बार नागालैंड के राजा मिर्च को लंदन भेजा गया। इसी तरह भालिया गेहूं की पहली खेप गुजरात से केन्या और श्रीलंका को निर्यात किया गया। मोदी ने कहा कि इसका मतलब है कि अब अगर आप दूसरे देशों में जाएंगे, तो भारत में बने उत्पाद पहले से कहीं ज्यादा दिखाई देंगे। यह सूची बहुत लंबी है और मेक इन इंडिया की ताकत को प्रदर्शित करती है। भारत की इस ताकत व शक्ति का आधार हमारे किसान, कारीगर, हमारे बुनकर, इंजीनियर, हमारे छोटे उद्यमी, एमएसएमई सेक्टर, कई अलग-अलग पेशों के लोग हैं। उन्होंने कहा कि उनकी मेहनत से ही 400 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य हासिल हुआ है और मुझे खुशी है कि भारत के लोगों की यह शक्ति अब दुनिया के कोने-कोने में नए बाजारों तक पहुंच रही है। अपने संबोधन ( शेष पेज 8 )

# भारत से प्रति सप्ताह 3,200 उड़ानें होंगी संचालित

- मंत्रालय ने वर्ष 2022 के ग्रीष्मकालीन सत्र के लिए जारी की सूची

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**इस** साल के ग्रीष्मकालीन सत्र (रविवार से शुरू हो रहे) के दौरान भारत से प्रति सप्ताह 3,200 उड़ानें संचालित की जाएंगी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अनुसार चीन को छोड़कर 40 देशों की 60 विदेशी एयरलाइनों को भारत से/के उड़ानों को प्रति सप्ताह 1783 प्रस्थान संचालित करने की मंजूरी दी गई है, जबकि प्रति सप्ताह 1466 उड़ानों को भारतीय वाहक को 27 देशों में 43 गंतव्यों के लिए मंजूरी दी गई है।

दो साल से अधिक समय के बाद शनिवार को अंतरराष्ट्रीय अनुसूचित उड़ानों पर से प्रतिबंध हटा लिया गया। निर्धारित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को फिर से खोलने के साथ, यात्रियों को कुछ उड़ानों के हवाई किराए में गिरावट और अपनी यात्रा के मार्ग के लिए अधिक विकल्प उपलब्ध होंगे। डीजीसीए ने कहा कि 27 मार्च, 2022 से 29 अक्टूबर तक वर्ष 2022 की ग्रीष्मकालीन अनुसूची प्रभावी है। एक अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा उड़ानों की एक श्रृंखला है जो प्रकाशित समय सारिणी के अनुसार एयरलाइनों द्वारा संचालित की जाती है। हालांकि, भारत के साथ एयरलाइन संचालन शुरू करने के लिए कुछ नई एयरलाइंस हैं जिनमें इंडिया सलाम एयर, एयर अरबिया अबू धाबी, ( शेष पेज 8 )

## देश से सभी नियमित अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवाएं फिर से शुरूः सिंधिया



**ग्वालियर।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि करीब दो साल बाद रविवार से अब देश से सभी नियमित अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवाएं फिर से शुरू कर दी गई हैं। इसके पहले कोविड-19 महामारी पर नियंत्रण के चलते पाबंदियां लागू थीं। उन्होंने कहा कि रविवार से गर्मी के मौसम के लिए नई 135 घरेलू और 15 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी शुरू की गई हैं। सिंधिया ने यहां मीडिया से चर्चा करते हुए कहा, आज से गोरखपुर और वाराणसी के बीच हवाई सेवा शुरू कर दी गई है।

मैंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ग्वालियर से ही वर्चुअल माध्यम से इस सेवा की शुरुआत की। मंत्री ने कहा कि रविवार से सौ फीसदी तरीके से अंतरराष्ट्रीय नियमित हवाई सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि देश के लोग विदेश जाने के लिए और विदेशी लोग भारत आने के लिए तैयार हैं, इसलिए पूरी क्षमता से हवाई सेवाएं प्रारंभ की गई हैं।

# बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमले का प्रयास



**भाषा।** पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर रविवार को पटना के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने हमला कर दिया। घटना को लेकर पूरे बिहार में सनसनी फैल गई। अधिकारियों ने घटना के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की लेकिन उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि यह हमला बख्तियारपुर में हुआ जहां कुमार अपने पुराने सहयोगियों से मिल रहे थे।

मुख्यमंत्री कुमार ने अपना प्रारंभिक बचपन बख्तियारपुर में बिताया है। वह क्षेत्र के एक स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर रहे थे। सीसीटीवी फुटेज में हमलावर पीछे से आते और कुमार के चेहरे पर वार करते हुए दिखाई दे रहा है। टी-शर्ट और पैंट पहने हमलावर को जल्द ही मुख्यमंत्री के सुरक्षा कर्मचारियों ने काबू में कर लिया और उसे तुरंत पुलिस को सौंप दिया।

एक अन्य फुटेज में कथित हमलावर को पुलिसकर्मी खींचकर ले जाते नजर आ रहे हैं। वहीं पुलिसकर्मी बुदबुदाते सुने गए कि पागल है। हमलावर की पहचान अभी तत्काल नहीं हो सकी है और समझा जाता है कि पुलिस उसे एक थाने ले गई है।

## मंत्रिमंडल से मुकेश सहनी बर्खास्त

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को मत्स्य पालन एवं पशुपालन मंत्री मुकेश सहनी को अपने मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दिया। उच्च पदस्थ सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस आशय की सिफारिश सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक लिखित ( शेष पेज 8 )

# आज, कल की हड़ताल से बैंक सेवाएं हो सकती हैं प्रभावित

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने विभिन्न क्षेत्रों के कामगारों को प्रभावित करने वाली केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ 28 और 29 मार्च को दो दिन की हड़ताल का आह्वान किया है। संयुक्त मंच ने एक बयान में कहा कि रोडवेज, परिवहन और बिजली विभागों के कर्मियों ने हड़ताल में शामिल होने का फैसला किया है। हालांकि हरियाणा और चंडीगढ़ में आवश्यक सेवा अनुरक्षण कानून (एस्मा) लागू करने की चेतावनी दी गई है। मंच ने बताया कि बैंकिंग और बीमा समेत वित्तीय क्षेत्र के कर्मी भी हड़ताल में शामिल हो रहे हैं। विद्युत मंत्रालय ने परामर्श जारी करके कहा, सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) ने 28 मार्च को सुबह छह बजे से 30 मार्च को सुबह छह बजे तक राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। उसने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं के हित में सभी ऊर्जा प्रतिष्ठानों को सलाह दी जाती है कि वे इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड का दिन-रात संचालन सुनिश्चित ( शेष पेज 8 )

# सीएपीएफ जवानों के लिए 100 दिन का वार्षिक अवकाश शीघ्र होगा लागू

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के जवानों को साल में कम से कम 100 दिन अपने परिवारों के साथ समय बिताने की अनुमति देने संबंधी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लाए गए महत्वाकांक्षी प्रस्ताव को शीघ्र लागू किए जाने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि इस व्यापक नीति की रूपरेखा पर काम किया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस सिलसिले में कई बैठकें की हैं और हालिया बैठक इस महीने की शुरुआत में हुई थी, ताकि नीति के क्रियान्वयन में विलंब करने वाले मुद्दे का हल किया जा सके।

इस नीति का उद्देश्य सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण पर्यावरणीय परिस्थितियों में और दूरदराज के स्थानों पर कड़ी ड्यूटी करने वाले सीएपीएफ के करीब 10 लाख जवानों एवं अधिकारियों के कामकाज से जुड़े तनाव को घटाना और उनकी खुशहाली बढ़ाना है। सीएपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल को अपने प्रस्ताव में तेजी लाने को कहा गया है। कल्याणकारी उपायों को लागू करने के तौर तरीकों पर गृह मंत्रालय के अगले महीने एक अंतिम निर्णय करने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा कि 2020 की शुरुआत से कोविड-19 महामारी का फैलना इसमें कुछ विलंब होने का कारण रहा होगा।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक कुलदीप सिंह ने हाल में मीडिया से बातचीत में कहा था, बल अपने कर्मियों को साल में 60-65 दिन का अवकाश दे सकता है लेकिन यदि 15 दिन से लेकर 28-30 दिनों के आकस्मिक अवकाश (सीएल) देने का प्रावधान किया जाता है तो जवानों को 100 दिनों का अवकाश मिल सकता है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले गृह मंत्रालय ने उनसे कुछ स्पष्टीकरण भी मांगा था। उन्होंने कहा, वह (गृह मंत्रालय) अन्य विभिन्न संगठनों पर भी गौर कर रहा है...अन्य सरकारी संगठन भी इस तरह की मांग कर सकते हैं। इसलिए व्यापक रूप से विचार विमर्श ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,362 | |
| निफ्टी | 17,153 | |
| सोना | 51,827 | /10g |
| चांदी | 69,089 | /kg |

## क्विक न्यूज

### प्रमोद सावंत आज लेंगे गोवा के मुख्यमंत्री पद की शपथ

**पणजी।** हाल में संपन्न गोवा विधानसभा चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 20 सीटें दिलाने वाले तीन बार के विधायक प्रमोद सावंत सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। शपथ ग्रहण समारोह यहां पास के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में सुबह 11 बजे होगा। सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस समारोह मे प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहेंगे। स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम में 10,000 से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है और राज्य मे शपथ ग्रहण समारोह का प्रसारण विभिन्न समाचार चैनलों के माध्यम से भी किया जाएगा।

# भारत एक साथ 10 परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण करेगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**कर्नाटक** के कैगा में 2023 में 700 मेगावाट के परमाणु ऊर्जा संयंत्र के लिए नींव डालने के साथ भारत अगले तीन वर्षों में फ्लीट मोड में एक साथ 10 परमाणु रिएक्टरों के निर्माण कार्यों को गति देने के लिए तैयार है। नींव के लिए कंक्रीट डालने (एफपीसी) के साथ परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों का निर्माण अब पूर्व-परियोजना चरण से आगे बढ़कर निर्माण को गति देने का संकेत है, जिसमें परियोजना स्थल पर उत्खनन गतिविधियां शामिल हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के अधिकारियों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर संसदीय समिति को बताया, कैगा इकाइयों 5 और 6 का एफपीसी 2023 में अपेक्षित है, गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजन इकाइयों 3 और 4 और माही बांसवाड़ा ( शेष पेज 8 )

# अमरनाथ यात्रा 30 जून से आरंभ होगी, 43 दिन चलेगी



**भाषा।** जम्मू

**दक्षिण** कश्मीर में हिमालई क्षेत्र में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर की यात्रा कोविड-19 महामारी के कारण दो साल तक बंद रहने के बाद 30 जून को शुरू होगी। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के पदाधिकारियों ने रविवार को बताया कि 43 दिवसीय यात्रा 11 अगस्त को संपन्न होगी। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि यहां राजभवन में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में एसएएसबी की 41वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए तीर्थयात्रा अनंतनाग जिले में पहलगाम मार्ग और गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग, दोनों से शुरू होगी जबकि ऑनलाइन पंजीकरण 11 अप्रैल से शुरू होगा।

जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को अगस्त 2019 में समाप्त किए जाने के कारण उस वर्ष अमरनाथ यात्रा बीच में ही रद्द कर दी गई थी, जबकि कोरोना वायरस महामारी के कारण पिछले दो वर्षों- यानी 2020 और 2021 में सांकेतिक यात्रा की ही अनुमति दी गई थी। सिन्हा ने ट्वीट किया, आज श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की। तैंतालीस दिवसीय तीर्थयात्रा कोविड से जुड़े सभी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए 30 जून से शुरू होगी और इसका समापन ( शेष पेज 8 )

# अब बुद्ध प्रतिमाओं के संरक्षण में लगा तालिबान

- तंगहाली से जूझ रहे इस्लामी कट्टरपंथियों ने चीन से निवेश पाने के लिए बदली रणनीति

**एपी।** मेस एयनाक (अफगानिस्तान)


फाइल फोटो

**अफगानिस्तान** की राजधानी काबुल से 40 किमी दक्षिण पूर्व में यहां खड़ी चट्टानों को काट कर बनाई गई महात्मा बुद्ध की शांत मुद्रा वाली प्राचीन प्रतिमाएं हैं। हालांकि, माना जाता है कि इस स्थान के सैकड़ों मीटर नीचे तांबे के अयस्क का विश्व का सबसे बड़ा भंडार है। अफगानिस्तान के तालिबान शासक अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बीच नकदी के संकट से जूझ रहे अपने देश में राजस्व उगाही के एक स्रोत के तौर पर इस खनिज संपदा के दोहन के लिए चीन से आस लगा रहे हैं। इस स्थान की पहरेदारी कर रहे तालिबान लड़ाकों ने कभी बुद्ध की प्रतिमाओं को नष्ट करने के बारे में सोचा होगा। दो दशक पहले तालिबान जब पहली बार सत्ता में आया था तब देश के अन्य हिस्से में बुद्ध की एक विशाल प्रतिमा को विस्फोट से नष्ट करने को लेकर उसे रोष का सामना करना पड़ा था।इस स्थान पर तालिबान के सुरक्षा प्रमुख हकमुल्ला मुबारिज ने कहा कि हालांकि, अब तालिबान मेस एयनाक में बुद्ध प्रतिमा को संरक्षित रखने का इच्छुक नजर आ रहा है। ऐसा कर वह अरबों डॉलर का चीनी निवेश प्राप्त कर सकता है। यहां पहली सदी में बौद्ध भिक्षुओं द्वारा निर्मित एक मठ के भग्नावशेष हैं। मुबारिज ने कहा, उनका संरक्षण करना हमारे और चीनियों के लिए बहुत जरूरी है।

अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद अब, ईरान, रूस और तुर्की सहित कई देश अफगानिस्तान की खनिज संपदा के उत्खनन में निवेश करना चाह रहे हैं। वर्ष 2008 में हामिद करजई प्रशासन ने मेस एयनाक से उच्च श्रेणी के तांबे के खनन के लिए चीनी संयुक्त उद्यम एमसीसी के साथ 30 वर्षों के लिए एक अनुबंध किया था। अध्ययनों से पता चलता है कि इस स्थल पर 1.2 करोड़ टन खनिज भंडार है। अब, अफगानिस्तान के खनन एवं पेट्रोलियम मंत्रालय के विदेश संबंध मामलों के निदेशक जायद रशीदी ने एमसीसी, चाइना मेटालर्जिकल ग्रुप कॉरपोरेशन और जियांगशी कॉपर लिमिटेड द्वारा निर्मित कंसोर्टियम से संपर्क किया है।

कंपनी और सैन्य अधिकारियों के मुताबिक,पेट्रोलियम मंत्री शाहबुद्दीन दिलावर ने पिछले छह महीनों में एमसीसी के साथ दो डिजिटल बैठकें की हैं। उन्होंने उनसे खनन के लिए लौटने का आग्रह किया है। एमसीसी की एक तकनीकी समिति शेष अवरोधों को दूर करने के लिए आने वाले हफ्तों में काबुल पहुंचने वाली है।

# ग्रेनो में सिर्फ नौ लाख रुपए में मिलेगा लोगों को फ्लैट

## प्राधिकरण ऑडिटोरियम में 29 और 30 मार्च को होगा ड्रॉ

● 10 अप्रैल को फिर नई योजना होगी लांच

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बहुमंजिला इमारतों में बने फ्लैटों के लिए आवेदन करने वालों के भाग्य का फैसला 29 और 30 मार्च को होगा। दोनों तिथियों पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से ड्रा होगा। नवंबर माह में आई इस योजना में 48 लोगों ने आवेदन किए हैं। ये सभी रेडी टू मूव फ्लैट हैं। आवंटी आवंटन प्रक्रिया पूरी होते ही पजेशन प्राप्त कर सकेंगे। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण 10 अप्रैल से फ्लैटों की योजना फिर से शुरू करने जा रहा है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बीते नवंबर माह में फ्लैटों की योजना लांच की थी। ये फ्लैट सेक्टर ओमीक्रॉन वन और वन ए, म्यू टू, ज्यू थ्री, ईटा टू और सेक्टर 12 में स्थित हैं। इनमें वन, टू व थ्री बीएचके फ्लैटों के लिए 48 लोगों ने आवेदन किए हैं। इन फ्लैटों का ड्रा अब कराया जा रहा है। संपत्ति विभाग ने ड्रा की तैयारी पूरी कर ली है। ये सभी भवन पहले से बने हुए हैं। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरी ड्रा प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई जाएगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए लाइव प्रसारण भी कराया जाएगा। ड्रा में सफल होते ही आवेदकों को फ्लैट आवंटित कर दिए जाएंगे। एकमुश्त भुगतान का विकल्प चुनने वाले सफल आवेदकों को 90 दिन में पूरा भुगतान करना होगा और किस्तों में भुगतान का विकल्प चुनने वालों को 60 दिन में आवंटन राशि 30 फीसदी जमा करनी होगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक संपत्ति आरके देव ने बताया कि आगामी 10 अप्रैल से फ्लैटों की योजना फिर लांच की जाएगी। ग्रेटर नोएडा में घर चाहने वाले लोग इस योजना में आवेदन कर सकते हैं। योजना शुरू होने से एक माह में ड्रा करा दिया जाएगा।



फाइल फोटो

| फ्लैटों की श्रेणी | सेक्टर | कीमत |
|---|---|---|
| टू बीएचके | ओमीक्रॉन वन | 30 |
| टू बीएचके | ओमीक्रॉन वन | 45 |
| वन बीएचके | म्यू सेकेंड | 9 |
| वन बीएचके | ज्यू थ्री | 16 |
| टू बीएचके | ईटा ट | 45 |
| थ्री बीएचके | ओमीक्रॉन वन | 54 |
| टू बीएचके | ओमीक्रॉन वन | 40 |
| थ्री बीएचके | सेक्टर-12 | 73 |
| वन बीएचके | सेक्टर-12 | 24 |

( नोट : फ्लैटों की कीमत लाख रुपए में है।)

## गौतमबुद्धनगर में पांच एसएचओ के तबादले

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट में पांच एसएचओ के तबादले कर दिए गए हैं। ग्रेटर नोएडा में दादरी, बादलपुर, जेवर और बिसरख के साथ सेक्टर-49 के थाना प्रभारी को भी बदला गया है।

कमिश्नरेट से मिली जानकारी के मुताबिक इंस्पेक्टर संजीव कुमार विश्नोई को दादरी एसएचओ से हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर राकेश कुमार को दादरी के एसएचओ बनाकर भेजा गया है। बादलपुर के एसएचओ को भी हटाया गया है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार सिंह को दादरी कोतवाली से क्राइम ब्रांच भेज दिया गया है। इलेक्शन सेल के प्रभारी इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार को बादलपुर का एसएचओ बनाया गया है। जेवर एसएचओ इंस्पेक्टर उमेश बहादुर सिंह का तबादला बिसरख कर दिया गया है।

# रजवाहा टूटने से बीस एकड़ फसल हुई बर्बाद

## धौलाना ब्लॉक में हसनपुर गांव के प्रभावित 31 किसानों की सूची प्रशासन को सौंपी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

धौलाना में रजवाहे में जंगली जानवरों द्वारा खोदी गई पटरी में हुए रिसाव के चलते पटरी कट जाने से हसनपुर गांव में गेहूं व सरसों की 240 बीघा जमीन बुरी तरह प्रभावित हो गई। पटरी टूटने की भनक लगने पर किसानों ने रजवाहे की पटरी रोकने की कोशिश की लेकिन तेज बहाव के चलते बेकाबू रजवाहे की पटरी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई।

किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को पटरी कट जाने की सूचना दी लेकिन घंटों बाद भी किसी अधिकारी ने मौके पर पहुंचना उचित नहीं समझा। ग्राम प्रधान चौधरी राजपाल सिंह ने तहसीलदार प्रवीण कुमार को किसानों की पीड़ा से अवगत कराया। तहसीलदार प्रवीण कुमार ने संबंधित लेखपाल को पीड़ित किसानों की सूची बनाने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कि रजवाहा की पटरी टूटने की सूचना मिली तो किसान मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते तेज बहाव के चलते रजवाहे की पटरी कटती रही। तेज बहाव के चलते बेकाबू पानी से गेहूं व सरसों की फसल पानी में डूब गई।

किसानों का कहना है कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों को फ ोन लगाते रहे लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एसडीएम धौलाना सुनीता सिंह को अवगत कराया जा चुका है। तहसीलदार के हस्तक्षेप के बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने जिलेदार ने रजवाहा के कटाव को बंद कराने का प्रयास किया। ग्रामीणों के मुताबिक रजवाहा में क्षमता से ज्यादा पानी छोड़े जाने से पटरी टूट गई। रजवाहा की पटरी टूटने से करीब 240 बीघा गेहूं की फसल पानी में डूब गई।

तहसीलदार प्रवीण कुमार ने बताया कि उन्हें रजवाहे की पटरी टूटने सूचना मिली है। नुकसान के संबंध में लेखपाल को आदेश दिया गया है। जिनकी फसलें बर्बाद हुई हैं इसकी दो दिन में लेखपाल सूची सौंपें।



रजवाहा टूटने के बाद बेकाबू होकर खेतों में जाता पानी।

# सामान लेने बाजार गई महिला तीन बच्चों के साथ लापता

● गाजियाबाद में 14 साल पहले हुई थी शादी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सदरपुर गांव में रहने वाली एक 30 वर्षीय महिला अपने 3 बच्चों के साथ लापता हो गई है। इस मामले में महिला के पिता ने नोएडा सेक्टर-39 थाने में अपनी बेटी और अपने नातियों के लापता होने की शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक इस मामले में महिला का कुछ भी पता नहीं चल पाया है।

सेक्टर-39 थानाध्यक्ष राजीव बालियान ने बताया कि नोएडा की सदरपुर कॉलोनी में रहने वाले जोगिंदर ने पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि उनकी 30 वर्षीय बेटी रीना की शादी 14 साल पहले गाजियाबाद में हुई थी। उनकी बेटी के एक 11 साल का बेटा हर्ष, 10 साल का बेटा विवेक और 5 साल की बेटी वंशिका का है। फिलहाल उनकी बेटी अपने बच्चों के साथ मायके आई हुई थी। पिता ने बताया कि उसकी बेटी 11 मार्च को अपने बच्चों के साथ सामान खरीदने गई थी, लेकिन वह वहां से वापस नहीं लौटी। उन्होंने अपनी बेटी की काफी तलाश भी की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर महिला व बच्चों की तलाश शुरू कर दी है।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर यात्रियों से अभद्रता का वीडियो वायरल

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेस वे के जीरो प्वाइंट पर बस परिचालक ने यात्रियों से अभद्रता की। आटो चालक ने भी यात्रियों को अपशब्द कहे। आरोप है कि बस में यात्रियों को जबरन बैठाया जा रहा था। यात्रियों के मना करने पर अभद्रता की गई।

घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। डीसीपी ने मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वीडियो में देखा गया है कि यमुना एक्सप्रेस वे के जीरो प्वाइंट पर जबरन यात्रियों को बैठाया जा रहा है। मना करने पर परिचालक उनको गाली दे रहा है। मामले की शिकायत नितिन मुदगल ने ट्वीट कर पुलिस से की है।

# पूर्व मंत्री अतुल गर्ग ने आवास खाली कर लौटाई सुरक्षा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट में जगह न मिलने के तुरंत बाद अतुल गर्ग ने लखनऊ स्थित अपना आवास खाली कर दिया। साथ ही एसएसपी पवन कुमार से वार्ता कर सुरक्षा भी लौटा दी। अब उनके पास नियमानुसार दो सुरक्षाकर्मी हैं, जबकि पहले छह जवान रहते थे।

गाजियाबाद सीट से लगातार दूसरी बाद विधायक चुने गए अतुल गर्ग के दोबारा मंत्री बनने के कयास लगाए जा रहे थे। उनके साथ समर्थकों को भी उम्मीद थी कि पहले भी बड़ी जीत दर्ज करने के कारण मंत्री पद पक्का है।

मंत्री बनने की रेस में साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा का भी नाम चल रहा था, लेकिन दोनों को मायूसी मिली। अतुल गर्ग को 2017 में सरकार बनते ही राज्यमंत्री बनाया गया था। लखनऊ से गाजियाबाद लौटने पर गर्ग ने दो टूक कहा कि जनता ने मोदी-योगी के नाम पर वोट दिया है। किसी प्रत्याशी को वोट नहीं मिले। मंत्री पद न मिलने को लेकर कहा कि यह संगठन का फैसला है, जिसका वह पूरा समर्थन करते हैं। मंत्रिमंडल गठन में हर वर्ग को साधने के साथ ही कर्मठ कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशिक्षण के लिए 165 युवाओं ने कराया पंजीकरण

**नोएडा।** आधार कौशल ग्रेटर नोएडा स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षण पाकर हुनरमंद बनने के लिए अब तक 165 युवाओं ने अपना पंजीकरण कराया है। इनमें से 105 युवाओं का प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है, जिनमें 31 लड़कियां व 74 युवक शामिल हैं। यह मेला ग्रेटर नोएडा के एनआईएमटी कॉलेज में चल रहा है। प्रशिक्षण पाने के लिए 31 मार्च तक पंजीकरण कराया जा सकता है। दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और आधार हाउसिंग फाइनेंस के संयुक्त प्रयास से नॉलेज पार्क वन स्थित एनएआईएमटी कॉलेज में विगत 22 मार्च से आधार कौशल ग्रेटर नोएडा स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम मेला चल रहा है। ग्रेटर नोएडा और उसके आसपास के युवक-युवतियां इस मेले में आकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। उनको हुनरमंद बनाने के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी।

### चाकू से गोदकर बड़े भाई को मार डाला

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के शहीदनगर में रविवार सुबह एक युवक ने अपने बड़े भाई की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। हत्या का कारण आपसी कलह व संपत्ति विवाद बताया जा रहा है। दोनों भाई नशे का सेवन करते थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है तथा आरोपी को आला कत्ल के साथ हिरासत में लिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। साहिबाबाद के शहीदनगर निवासी 29 वर्षीय सुलेमान रविवार सुबह अपने घर पर सो रहा था। पुलिस के मुताबिक उसका 22 वर्षीय छोटा भाई अमान करीब साढ़े नौ बजे छत से नीचे आया और अपने बड़े भाई पर चाकू से हमला कर दिया। पहला चाकू सुलेमान के पैर पर मारा। सुलेमान ने जागने पर विरोध किया तो अमान ने सुलेमान पर चाकू से कई वार कर दिए जिससे सुलेमान लहूलुहान हो गया। उसकी चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर आ गए तब तक आरोपी मौके से भाग गया।

# शहर के नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



● एक दिन में काटे 3 सौ गाड़ियों के चालान

यातायात पुलिस ने शनिवार को शहर में नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर विशेष अभियान चलाया। इस अभियान में नो पार्किंग जोन में खड़े 300 से अधिक वाहनों का चालान काटा गया है। इनमें दो पहिया, चार पहिया और ई-रिक्शा आदि शामिल है। ट्रैफिक पुलिस ने कमिश्नरेट सभी स्थानों पर अभियान चलाकर 300 गाड़ियों के चालान काटे।

डीसीपी ट्रैफि क गणेश प्रसाद साह ने बताया कि नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने से सड़क संकरी हो जाती है और जाम लगता है। ट्रैफिक पुलिस ने सेक्टर 46 सेक्टर 37 सेक्टर 18 और सेक्टर 62 में अभियान चलाकर करीब 300 वाहनों के चालान काटे हैं। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। शहर की सड़कों पर इस समय काफी जाम लगने लगा है। जिसकी वजह से आम लोगों को बहुत ज्यादा परेशानी होती है।

# सौंदर्यीकरण में कमी मिलने पर 3 फर्मों पर 4 लाख का जुर्माना

## ग्रेनो प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना ने दो सहायक प्रबंधकों से मांगा जवाब

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 3 फर्मों पर 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सड़कों के रखरखाव से जुड़े कार्यों में लापरवाही मिलने पर प्राधिकरण के प्रोजेक्ट विभाग ने यह कार्रवाई की है। साथ ही दो सहायक प्रबंधकों से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना एके अरोड़ा ने ईकोटेक-6 और 7, ईकोटेक 1 एक्सटेंशन वन और 130 मीटर चौड़ी सड़क का जायजा लिया। ईकोटेक-6 और 7 में कई जगह सड़कों पर कर्व स्टोन और पोस्ट फैंसिंग टूटे मिले। सड़क की पटरी ड्रेसिंग और घास की कटाई भी नहीं की गई थी। साथ ही सर्विस रोड व ड्रेन की पटरी का रखरखाव संतोषजनक नहीं मिला। ईकोटेक 1 एक्सटेंशन वन में 60 व 45 मीटर चौड़ी सड़क पर कई जगह कर्व स्टोन व पोस्ट फेंसिंग टूटे मिले। 130 मीटर चौड़ी सड़क पर ड्रेन की पटरी खराब हालत में मिली।

कई जगह ड्रेन व कर्व स्टोन भी क्षतिग्रस्त मिले। इस पर जीएम प्रोजेक्ट ने इन कार्यों के लिए जिम्मेदार फर्मों पर जुर्माना लगाया है। महाप्रबंधक ने ओम साई एसोसिएट्स पर दो लाख रुपये, गुड इंटरप्राइजेज व नवनीत कंस्ट्रक्शन पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही रखरखाव कार्यों में लापरवाही पर तीनों फर्मों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

महाप्रबंधक ने इस एरिया के दो सहायक प्रबंधकों से भी इस लापरवाही के लिए तीन दिन में स्पष्टीकरण देने को कहा है। साथ ही उनकी कार्यप्रणाली में सुधार ना आने पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने की चेतावनी दी है।



शहर के सेक्टर में निरीक्षण करते प्राधिकरण महाप्रबंधक एके अरोड़ा।

# शोरूम में आग से लाखों का सामान जला

## सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की छह गाड़ियों ने पाया काबू, कोई हताहत नहीं

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जनपद में रविवार की सुबह एक इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में आग लग गई। इस हादसे के दौरान इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में रखा हुआ लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। दमकल विभाग की 6 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है। दमकल विभाग के अधिकारी का कहना है कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। शुरुआती जांच में आशंका जाहिर की जा रही है कि शार्ट सर्किट के कारण आग लगी।

शहर की गिरी मार्केट कॉलोनी में जाकिर अली का इलेक्ट्रॉनिक शोरूम है। बिल्डिंग के फ र्स्ट फ्लोर पर जाकिर अली अपने परिवार के साथ रहते हैं और ग्राउंड फ्लोर पर उनका इलेक्ट्रॉनिक शोरूम है। पुलिस का कहना है कि रविवार की सुबह करीब 5:00 बजे अचानक इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में आग लग गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम और फ ायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि आग काफ ी भीषण लगी हुई थी। उन्होंने दमकल विभाग की 6 गाड़ियों को मौके पर बुलाया और आग पर काबू पाया।



## बस एक क्लिक में मिलेगी परिषदीय स्कूलों की जानकारी

**नोएडा।** जिले में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों के डेटा एक क्लिक में दिखाई देगा। बेसिक शिक्षा महानिदेशक के दिशा निर्देश पर जिले के 511 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को प्रेरणा एप के जरिए जियो टैगिंग से जोड़ा गया है।

जियो टैगिंग से जुड़ने के बाद से चारों ब्लॉक में संचालित स्कूलों की सारी जानकारी आसानी से मिल जाएगी। साथ ही स्कूलों में पढ़ाई साथ होने वाले कार्यक्रम का भी अपडेट मिलेगा।



पैर में गोली लगने के बाद बदमाश को पकड़कर ले जाती पुलिस।

# मुठभेड़ में इनामी बदमाश धरा

## उत्तराखंड से राजस्थान तक फैला था तुलसी का आतंक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा पुलिस और शातिर लुटेरों के बीच मुठभेड़ में 45 हजार रुपए का इनामी बदमाश घायल हो गया है। ग्रेटर नोएडा की बीटा-2 पुलिस ने रविवार को मुठभेड़ के दौरान अंतर्राज्यीय चेन स्नैचर गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक अवैध हथियार, एक चोरी की मोटरसाइकिल और लूटी हुई काफी सारी सोने की चैन बरामद की है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से 20 हजार रुपए नकद और लूट के मोबाइल भी बरामद किए हैं।

ग्रेटर नोएडा के डीसीपी अमित कुमार ने बताया कि थाना बीटा-2 पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी थी। उसी दौरान पुलिस ने एक काले रंग की पल्सर बाइक पर 2 लोगों को आते हुए देखा। पुलिस ने बाइक सवार लोगों को रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगे। बाइक पर सवार बदमाशों ने पुलिस पर गोली चलाना शुरू कर दिया। पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया तो बदमाशों ने फिर पुलिस पर गोली चलाना शुरु कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई जो कुख्यात बदमाश तुलसी के पैर में लगी।

डीसीपी ने बताया कि तुलसी एक शातिर बदमाश और चैन स्नैचर है। जिस पर राजस्थान, उत्तराखण्ड, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर और उत्तर प्रदेश में करीब 32 मुकदमे दर्ज हैं।

# दुहाई में दिया जाएगा रैपिड रेल कर्मियों को प्रशिक्षण

## आधुनिक सुविधाओं से लैस आरआरटीएस का प्रशासनिक भवन बनकर तैयार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

भारत की प्रथम रीजनल रेल के परिचालन के लिए जिले के दुहाई डिपो में बनाये जा रहे आरआरटीएस की प्रशासनिक इमारत के निर्माण का कार्य लगभग सम्पन्न हो गया है। इस एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग में स्टेट ऑफ द ऑर्ट तकनीक के विभिन्न मॉडर्न सिस्टम से युक्त आधुनिकतम लैब, सिमुलेटर रूम, ऑटोमेटेड फेयर कलेक्शन (एएफसी) के सेंट्रल वर्क स्टेशन, विभिन्न इक्विपमेंट रूम आदि बनाए जा रहे हैं।

इस इमारत में कई कमरे होंगे, जिसमें अलग-अलग प्रकार की सॉफिस्टिकेटेड सिस्टम युक्त लैब जैसे ऑटोमेटेड फेयर कलेक्शन (एएफसी) लैब, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) लैब, सुपरवाइसरी कंट्रोल और डेटा एक्विजशिन (एससीएडीए) लैब, टेलिकॉम लैब आदि, इक्विपमेंट रूम जैसे सिग्नल इक्विपमेंट रूम और टेलिकॉम इक्विपमेंट रूम, आईटी सरवर रूम, ब्रिज मैनेजमेंट सिस्टम (बीएमएस) पैनल रूम आदि शामिल हैं।



यहां सिमुलेटर रूम भी बनाया गया है, जहाँ अपने तरह की यूनिक सिम्युलेटर से ट्रेन के प्रशिक्षुओं को ट्रेन के परिचालन और उसके सिस्टम के विषय में जानकारी दी जाएगी। साथ ही रियल टाइम और रियल सिचुएशन में कैसे कार्य किया जाए, इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी। यहां ट्रेनियों के लिए लेक्चर हॉल, कॉन्फ्रेंस रूम तथा लाइब्रेरी भी बनाई जा रही है। साथ ही उनके खाने-पीने और ब्रेक के लिए एक रीक्रिएशन रूम और कैफेटेरिया का भी निर्माण इसी बिल्डिंग में किया जा रहा है।

आरआरटीएस की ट्रेनों के लिए दो डिपो और एक स्टेबलिंग यार्ड क्रमश : दुहाई डिपो, मोदीपुरम और जंगपुरा में बनाये जा रहा है। प्रायोरिटी सेक्शन के निकटतम परिचालन के लिए दुहाई डिपो को तेजी से तैयार किया जा रहा है। रैपिड ट्रेन के कोच जिनके इंटीरियर की फैसिलिटीज का हाल में ही दुहाई डिपो में अनावरण किया गया था, शीघ्र ही गुजरात के सावली से डिपो में लाये जाएंगे। यहीं उनके रख-रखाव और बाद में साफ-सफाई का काम करने का प्रावधान होगा।



साहिबाद पुलिस द्वारा बरामद की गई शराब की पेटियां।

# खाने का सामान बताकर बिहार भेज रहे शराब की खेप पकड़ी

● केस दर्जकर तस्कर को तलाश रही पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पुलिस ने ट्रांसपोर्ट के माध्यम से खाने का सामान बताकर पटना, बिहार भेजी जा रही शराब की खेप पकड़ी है। दिल्ली के तस्कर के खिलाफ साहिबाबाद कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

साहिबाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र चौबे ने बताया कि पश्चिम विहार दिल्ली के ट्रांसपोर्टर अंशुल अरोड़ा का सीमा चौकी क्षेत्र में गोदाम है। अंशुल ने कोतवाली में एक तहरीर देकर बताया कि 21 मार्च को रोहन ट्रेडर्स, कुतुब विहार साउथ वेस्ट दिल्ली ने खाने का सामान बताकर 25 कार्टून गत्ता पटना भेजवाया। 23 मार्च को वह पटना पहुंच गया, वहां कार्टूनों में खाने के सामान के बजाय शराब पाई गई। 22 मार्च को रोहन ट्रेडर्स ने फिर से खाने का सामान बताकर 25 कार्टून पटना भेजने के लिए उनके गोदाम पर भेजा। शक होने पर उन्होंने इसकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। कार्टूनों में खाने के सामान के बजाय शराब की बोतलें मिलीं। नागेंद्र चौबे ने बताया कि मौके से 360 बोतल और आठ सौ पव्वे हरियाणा मार्का अंग्रेजी शराब पाई गई। उसे जब्त कर लिया गया। अंशुल की शिकायत पर रोहन ट्रेडर्स के मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी और आबकारी अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की गई। चौबे ने बताया कि जांच में आया है कि आरोपित यहां से शराब खरीदकर ट्रांसपोर्ट से बिहार भेजता था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# मेट्रो व स्टेशनों पर खामियां के बारे में दें सुझाव

## डीएमआरसी ने शुरू किया सर्वे, 28 मार्च से 01 मई तक ऑनलाइन दे सकते है राय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आप दिल्ली मेट्रो में सफर करते हैं और आपको स्टेशनों या ट्रेनों में किसी तरह की खामी नजर आती है तो आप दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन को अपना सुझाव देकर उसमें सुधार करवा सकते हैं। डीएमआरसी अपने यात्रियों का सुझाव जानने के लिए सोमवार से एक सर्वे शुरू कर रहा है। इसका नाम ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण रखा गया है। ये सर्वे 28 मार्च से शुरू होकर 1 मई तक चलेगा। कोई भी यात्री दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपनी बात रख सकता है और संतुष्टि और असंतुष्टि दोनों दर्ज करवा सकता है। इस बार मेट्रो ये सर्वे ट्रांसपोर्ट स्ट्रैटेजी सेंटर लंदन के सहयोग से करवा रहा है। मेट्रो की ओर से आयोजित किया जा रहा ऑनलाइन ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण का यह नौवां संस्करण है। इससे पहले भी 8 बार यह सर्वेक्षण हो चुका है। दरअसल इसका मकसद यह जानना है कि यात्री मेट्रो संचालन के विभिन्न सेवाओं को बारे में क्या सोचते हैं। वे उनसे पूरी तरह से संतुष्ट हैं या नहीं, यदि वे संतुष्ट नहीं है तो मेट्रो और कौन से कदम उठाकर उन्हें बेहतर कर सकता है। इसके लिए कुल 11 पाइंट भी रखे गए हैं। लोग उन पाइंटों के आधार पर अपना सुझाव दे सकते हैं।

दिल्ली मेट्रो के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि इस सर्वेक्षण को कराने का मकसद यह है कि यात्री अपनी बात को अलग-अलग बिंदुओं के माध्यम से पहुंचा सकते हैं। इससे प्रबंधन को यह पता लगाने में आसानी होगी कि उनके यात्री उनके द्वारा मुहैया कराए जाने वाली सेवाओं के बारे में क्या सोचते हैं। जो यात्री सर्वेक्षण में भाग लेना चाहते हैं, वे डीएमआरसी की आधिकारिक वेबसाइट www.delhimetrorail.com पर जाकर दिए गए लिंक पर क्लिक करके सर्वेक्षण ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। सर्वेक्षण अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषा में उपलब्ध है।

यात्री मेट्रो के कामकाज के निम्न बिंदुओं पर दे सकते हैं सुझाव

मेट्रो की उपलब्धता, सुलभता, उपयोग में आसानी, यात्रा से पहले की जानकारी, यात्रा के दौरान सूचना, विश्वसनीयता, ग्राहक देखभाल, आराम, भीड़, सुरक्षा, सम्पूर्ण संतुष्टि,

पूरे विश्व में कॉमेट ग्रुप की सदस्य मेट्रो इस सर्वे में हिस्सा ले रही हैं जिससे वे यह पता लगा सकें कि यात्री उनके द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवा के बारे में क्या सोचते हैं। सर्वे के परिणाम से उन्हें अपने उन कार्यकलापों को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, जिनकी लोग सराहना करेंगे, इससे ग्राहकों को और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए मेट्रो अपना कार्य कर सकेंगी।

# सीआईएसएफ का मेट्रो स्टेशन पर आतंकवाद रोधी अभ्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विभिन्न एजेंसियों की तैयारियों और कार्वाई को परखने के लिए रविवार को दिल्ली मेट्रो के दिल्ली हाट आईएनए स्टेशन पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा बहु एजेंसी आतंकवाद रोधी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। सीआईएसएफ के प्रवक्ता ने कहा कि मेट्रो की येलो लाइन के स्टेशन पर दिन में करीब साढ़े 12 बजे शुरू हुई मॉक ड्रिल के तहत आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट, यात्रियों, मेट्रो कर्मियों और सीआईएसएफ कर्मियों पर अंधाधुंध फायरिंग के साथ ही आतंकियों द्वारा बंधक बनाने की स्थिति बनाई गई। उन्होंने कहा कि हालात के अनुसार विभिन्न एजेंसियों की कार्रवाई की जरूरत के मद्देनजर सीआईएसएफ ने उन्हें राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्रोटोकॉल के अनुसार सतर्क किया। अभ्यास में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), दिल्ली पुलिस की स्वाट टीम, मेट्रो रेल पुलिस, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अग्निशमन विभाग, नागरिक सुरक्षा, जिला पुलिस और स्वास्थ्य सेवाओं से 640 से अधिक कर्मियों ने तीन घंटे तक सीआईएसएफ के साथ संयुक्त अभियान में हिस्सा लिया। सीआईएसएफ रेल मेट्रो नेटवर्क के 249 स्टेशन की रखवाली कर रहा है। मेट्रो को आतंकवाद रोधी कवच प्रदान करने के लिए 12,500 कर्मियों को तैनात किया है।

# वाल्मीकि बस्ती मंदिर मार्ग से सुधार शुरू करेगी एनडीएमसी

- उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने इस संबंध में दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) विशेष रूप से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के क्वार्टरों, जिनमें बाबू धाम-चाणक्यपुरी, बाल्मीकि बस्ती-मंदिर मार्ग और पालिका धाम-गोल मार्किट में प्रमुख रखरखाव एवं सुधार कार्यों को शुरू करेगी। यह जानकारी आज एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने दी। इसमें सबसे पहले वाल्मीकि बस्ती मंदिर मार्ग से शुरुआत की जाएगी।

उपाध्याय ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन को राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में पूरे देश में शुरू किया गया था। माननीय प्रधानमंत्री ने स्वयं वाल्मीकि बस्ती, मंदिर मार्ग पर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की थी। पिछले साल अक्टूबर में वाल्मीकि बस्ती -मंदिर मार्ग का दौरा किया और पाया कि इन क्वार्टरों की बिगड़ती स्थिति के कारण कॉलोनियों के निवासी चिंतित हैं और इसका रखरखाव का काम तत्काल प्रभाव से किया जाना चाहिए। इन आवास परिसरों में रखरखाव और सुधार कार्य के लिए पहल करते हुए, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा दिए गए विभिन्न अनुरोधों और सुझावों पर भी ध्यान दिया गया है। उपाध्याय ने कहा कि कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाएं और सेवाएं प्रदान किए बिना हम आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में 5 स्टार से 7 स्टार रैंकिंग हासिल करने में असमर्थ हैं। वाल्मीकि बस्ती आवास परिसर, मंदिर मार्ग में जो कार्य किये जायेंगे( ग्रिट वॉश प्लास्टर को बदलकर सीढ़ियों में सुधार के लिए सीवरेज और ड्रेनेज लाइनों के प्रतिस्थापन के बाद वैक्यूम डीवाटरिंग सीसी फुटपाथ बिछाना इत्यादि शामिल होंगे।

# सत्यम-लिबर्टी सिनेमा विस्फोट मामले में एक आरोपी बरी

- कोर्ट ने कहा- पुलिस आरोप साबित करने में विफल रही



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने 2005 के सत्यम सिनेमा एवं लिबर्टी सिनेमा बम विस्फोट संबंधी मामले में कथित आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल का सदस्य होने के एक आरोपी को बरी करते हुए कहा कि पुलिस इस मामले आरोप साबित करने में विफल रही।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने आरोपी की टेलीफोन पर बातचीत के दौरान भूखंड , खेत , फसल , पानी इत्यादि जैसे आम शब्दों और उनके अर्थ के बीच संबंध बताया है, लेकिन संदेह एवं ईर्ष्यालु रवैए के कारण किसी उत्साही पुलिस अधिकारी द्वारा सरल एवं साधारण शब्दों को गलत समझने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। न्यायाधीश ने कहा कि सोच-विचार करने के बाद मेरी राय है कि अभियोजन के पक्ष में संदेह नजर आता है और रिकॉर्ड में मौजूद सबूत इतने ठोस नहीं है कि वे आरोपी त्रिलोचन सिंह को यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) कानून) की धारा 18 (आतंकवादी कृत्यों का षड्यंत्र रचना) और धारा 20 के तहत दंडनीय अपराध का जिम्मेदार ठहरा पाएं। अदालत ने कहा कि पुलिस यह साबित करने में बुरी तरह विफल रही कि आरोपी बब्बर खालसा इंटरनेशनल का सदस्य था। दिल्ली पुलिस विशेष प्रकोष्ठ ने पेशे से वाहन चालक सिंह को 2005 सत्यम सिनेमा एवं लिबर्टी सिनेमा बम विस्फोटों के मामले की जांच के सिलसिले में 2007 में गिरफ्तार किया था और दावा किया था कि आरोपी पंजाब में आतंकवाद को फिर से बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

# टैक्सी चालक को लूटने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** टैक्सी चालक से लूट के मामले में दिल्ली पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक फोन, कार और लूट की रकम बरामद की है। आरोपियों की पहचान कर्ण सिंह, मो. अन्श और अभिषेक के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में एक टैक्सी चालक से चार राहगीरों द्वारा लूट की पीसीआर कॉल आई। शिकायतकर्ता ललित मोहन बताया कि वह आश्रम की ओर जा रहे था, तो चार लड़कों ने बदरपुर के लिए उनकी टैक्सी किराए पर ली। कुछ दूर जाने के बाद उन्होंने टैक्सी चालक से हाथापाई शुरू कर दी और उसका मोबाइल फोन और नकद लूट लिए। उसे उसकी टैक्सी से बाहर फेंक दिया।

# बेघर बच्चों के लिए खुलेंगे आवासीय स्कूल

- इसकी रूपरेखा पर काम समाजिक कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग व शिक्षा विभाग करेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



बेघर बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय खोलेगी आम आदमी पार्टी की सरकार। दिल्ली सरकार ने ऐसा स्कूल बनाने के लिए बजट में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। आने वाले कुछ हफ्तों में इसकी रूपरेखा पर काम समाजिक कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षा विभाग के बीच करीबी समन्वय से होगा।

दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि कोविड-19 महामारी के बाद बेघर बच्चों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। छानबीन में यह पाया गया है कि महामारी से पहले की तुलना में महामारी के बाद ट्रैफिक सिग्नल के पास बच्चों की संख्या बढ़ गई है।

उन्होंने दिल्ली के बाल अधिकार सरंक्षण आयोग (डीपीसीआर) और जिला प्राधिकारियों के साथ मिलकर प्रायोगिक परियोजना शुरू की, ताकि यह देखा जा सके कि उन्हें क्या आवासीय सुविधा दी जा सकती है और उन्हें कैसे फायदा पहुंचया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि उन्होंन पता लगाया कि बच्चे कैसे वहां पहुंचे और पाया कि वह उनमें से कई को आवास मुहैया कराकर उन्हें भिक्षावृत्ति से रोक सकते हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि महिला-बाल विकास विभाग सड़कों पर पाये जाने वाले बच्चों के मुद्दे पर काम कर रहा है और यहां तक उनकी पहचान के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। कई गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) और जिला प्राधिकारी भी ऐसे बच्चों की पहचान कर रहे हैं। ऐसे बच्चों से संबंधित आंकड़े जिला प्राधिकारी संकलित कर रहे हैं।

# पूर्वांचल महोत्सव की खुशबू से महकी राजधानी

- माटी संस्था के कार्यक्रम का गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति परिसर में आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी रविवार को माटी संस्था के पूर्वांचल महोत्सव की खुशबु से महक उठी। राजघाट स्थित गांधी स्मृति एंव दर्शन समिति परिसर में आयोजित इस महोत्सव में पूर्वांचल का खाना-पीना, सुर संगीत,



महोत्सव में रवि किशन को सम्मानित करते राज्यपाल आरिफ मोहम्मद।

परिचर्चा और कवि सम्मेलन सबकुछ था।

पूर्वांचल महोत्सव में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी समेत कई सांसदों व गणमान्य लोगों ने शिरकत की। महोत्सव का शुभारंभ केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने किया और कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि व पत्रकार प्रताप सोमवंशी ने किया। केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी माटी के कहा कि माटी के उत्थान के लिए जो भी बन सके वह करना चाहिए और मैं माटी से सदस्य के तौर पर हमेशा जुड़ा रहूंगा। इसके बाद केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि माटी संस्था का कार्यक्रम बहुत मनशायन (चहल-पहल) होता है। उन्होंने कहा कि भाषाएं सरस्वती का वाहन होती हैं। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त माटी के कार्यक्रम में दिल और मन लगता है। सांसद रवि किशन ने कहा कि माटी से जुड़ कर इस काबिल हुआ हूं कि लोग मुझे जानते हैं। राजनीति से जुड़ने का एकमात्र उद्देश्य पूर्वांचल की सेवा करना है प्रसिद्ध गीतकार समीर अंजान ने इस अवसर पर अपने पिता व गीतकार अंजान के गीत सुनाए।

# पीएम के मन की बात से बहुत कुछ सीख सकते हैं : नड्डा

- मोदी ने समाज के कई विषयों को हमेशा प्रकाश डालने की कोशिश की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात एक उत्सव है जिससे काफी कुछ सीखकर उसे अपने जीवन में उतारने की हम सब कोशिश करते हैं।

यह बात भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शाहदरा में मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद कही। नड्डा ने कहा कि मन की बात एक सीख है, इतिहास में पहली बार है जब जनता द्वारा चुना हुआ एक प्रतिनिधि ऊंचे पद पर रहने के बावजूद जनता से सीधे संवाद करता हो।

शाहदरा में जेपी नड्डा ने कहा कि सामाजिक विषयों चाहे वह असमानता हो, सामाजिक द्वंद हो या फिर समाज में चल रहे कोई भी नए विषय हो उसपर उन्होंने प्रकाश डालने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यक्रम के माध्यम से होनहार नागरिक जो लगातार किसी न किसी अभियान से जुड़कर देशहित में काम कर रहे हैं, उनसे हमें रूबरू कराया। कार्यक्रम के उपरांत श्री जे पी नड्डा ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी, सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख संजय मयूख, प्रदेश उपाध्यक्ष राजन तिवारी, प्रदेश मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल, जिला अध्यक्ष मोहन गोयल, जिला सह प्रभारी सतीश गर्ग सहित मंडल के अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चौथी बार दिल्ली बनी सबसे प्रदूषित : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली सबसे प्रदूषित राजधानी में शामिल होने पर कांग्रेस ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने वर्ष 2018 में पहली बार ग्रीन बजट पेश किया था। उसके बाद से लगातार चौथी बार दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी बनी है।

राजधानी की जहरीली हवा और प्रदूषित यमुना नदी की सफाई का काम पिछले सात साल से चल रहा है और अब सीएम ने इस कार्य की समय सीमा अगले विधानसभा चुनाव तक की बढ़ा दी है।

# गांधीनगर मार्केट के विकास की योजना से व्यापारी खुश

- खुदरा विक्रेता व दुकानदार काफी लंबे समय से बाजार केपुनर्गठन की मांग कर रहे है : बल्ली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

गांधीनगर कपड़ा बाजार को बड़े वस्त्र केंद्र के रूप में विकसित करने के दिल्ली सरकार के फैसले का व्यापारियों ने स्वागत किया है। उनका कहना है कि इसमें अधिक राजस्व और हजारों नौकरियां पैदा करने की क्षमता है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2022-23 का बजट पेश करते हुए ऐलान किया था कि सरकार ने गांधी नगर में कपड़ा बाजार को बड़े वस्त्र केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि इसकी फिर से ब्रांडिंग करके और पुर्नस्थापित कर अगले पांच वर्षों में रोजगार के और अधिक अवसर पैदा किए जाएंगे।

एसोसिएशन ऑफ होलसेल रेडीमेड गारमेंट डीलर्स (गांधी नगर) के अध्यक्ष के. के. बल्ली ने कहा कि खुदरा विक्रेता और दुकानदार काफी लंबे समय से बाजार के पुनर्गठन की मांग कर रहे हैं क्योंकि कई संरचनात्मक खामियों ने उनके व्यवसायों के विकास को प्रभावित किया है। बल्ली के मुताबिक, बाजार में करीब 15,000 दुकानें हैं।

इसे एशिया का सबसे बड़ा थोक बाजार कहा जाता है। यह पहला मौका है, जब व्यापारियों की शिकायतों और सुझावों पर विचार किया गया है। यह कदम स्वागत योग्य है। उन्होंने कई बार क्षेत्र में बुनियादी समस्याओं के बारे में अधिकारियों के साथ बात की है। वित्तमंत्री की घोषणा से उत्साहित, गांधी नगर बाजार के एक व्यापारी ने कहा कि यह जगह खराब बुनियादी ढांचे के कारण वर्षों से पिछड़ी रही है। उम्मीद है कि अगर इन योजनाओं को लागू किया जाता है तो कारोबार में सुधार होगा।

गांधीनगर में रेडीमेड कपड़ों का खुदरा कारोबार करने वाले आशीष खुराना ने कहा, हमने कई वर्षों में कई मुद्दे उठाए हैं। एक बड़ी समस्या यातायात और पार्किंग की है, जिसके चलते ग्राहक यहां आने से कतराते हैं। हमारे पास क्षमता है।

हमारे पास न केवल देशभर में ग्राहक हैं, बल्कि हम कई अन्य देशों के व्यापारियों के साथ व्यापार करते हैं, जिनमें मध्य पूर्व और पूर्वी अफ्रीकी देशों के कारोबारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सुधार से बाजार की लोकप्रियता बढ़ाने में मदद मिलेगी और अधिक ग्राहक आएंगे।

# लेटिन अमेरिकी व दक्षिण कैरेबियाई देशों ने दिखाई हरियाणा में दिलचस्पी

- सूरजकूंड शिल्प मेले में सीएम खट्टर से मिलकर द्विपक्षीय सहयोग की व्यापक संभावनाएं तलाश कीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा की मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर व विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी।

लेटिन अमेरिकी देशों व दक्षिण कैरेबियाई क्षेत्र के देशों ने हरियाणा की प्रशंसा करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की दिशा में द्विपक्षीय सहयोग की व्यापक संभावनाएं व्यक्त की।

सूरजकूंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला के अवसर पर सूरजकूंड (फरीदाबाद) में लेटिन अमेरिकी देशों व कैरेबियाई क्षेत्र सम्मेलन में लेटिन अमेरिकी देशों व दक्षिण कैरेबियाई क्षेत्र देशों के प्रतिनिधियों के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर ने विभिन्न द्विपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों के संदर्भ में विचार-विमर्श किया। अमेरिकी देशों व दक्षिण कैरेबियाई क्षेत्र देशों के प्रतिनिधि हरियाणा की प्रगति व हरियाणा सरकार की नीतियों से प्रभावित दिखे। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने भी सम्मेलन को संबोधित करते हुए हरियाणा सरकार द्वारा द्विपक्षीय सहयोग की दिशा में की गई पहल को सार्थक बताया। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा किप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लेटिन अमेरिकन देशों के साथ टेलिमेडिसन, ई-गवर्नेंस व अन्य क्षेत्रों में पारस्परिक सहयोग की बात भी कही है। लैटिन अमेरिकी व कैरेबियाई देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोग की दिशा में आर्थिक व गैर आर्थिक रोडमैप पर कार्य करते हुए अल्ट्रा माडर्न शहरी विकास, खेल, शोध एवं विकास, शिक्षा, कौशल उर्जा क्षेत्रों में परस्पर समन्वयक के साथ कार्य करना होगा।

हरियाणा मुख्यमंत्री ने हरियाणा को अवसरों की भूमि बताते हुए कहा कि नीति आयोग के विरणानुसार निर्यात के दृष्टिगत हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने हरियाणा सरकार की नीतियों व जनकल्याणकारी योजनाओं का भी जिक्र किया। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने अपने संबोधन में निवेश की दृष्टि से हरियाणा को अत्यंत अनुकूल राज्य बताया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के दृष्टिगत हरियाणा में विभिन्न क्षेत्रो में निवेश की व्यापक संभावनाएं प्रबल होती जा रही हैं।

सम्मेलन में मौजूद राजदूतों व राजनयिकों में ग्वाटेमाला के जियोवान्नी आर कासाटीलो पोलांको, चिली के जुआन एंगुलो मोंसालेव, पेरू के कार्लोस राफेल पोलो, कोस्टारिका के क्लाउडियो अवसंरचना मोंटेरो, पनामा के यासिन एंलिस बूरिलो रिवेरा, डोमिनिकन रिपब्लिक के डेविड ई पेग बुशेल , जमैका के जैसन हाल, कोलंबिया के मारियाना पेशेको, क्यूबा के एलैजेदरों सिमानक्स मरीन, त्रिनिदाद के कम स्टेडी हिंडस, गुयाना के प्रथम सचिव डॉ डायना खान शामिल थे। सम्मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डी एस ढेसी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर व हरियाणा के पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव एम डी सिन्हा मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार





## राष्ट्रीय हित में सामाजिक जिम्मेदारी लें छात्र : शहजादी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ ने युवा पीढ़ी को प्रेरणा एवं प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से मीट—अप विद यंग लीडर्स कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग कार्यकारी अध्यक्ष सैय्यद शहजादी रहीं। शहजादी ने कहा कि प्रत्येक छात्र को राष्ट्रहित में मुख्यधारा की सामाजिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए। डूसू अध्यक्ष अक्षित दहिया भी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे की। उन्होंने युवा छात्रों को जागरूक किया कि कैसे उन्होंने संघर्ष किया और खुद को इतनी मुश्किलों के बावजूद इतनी कम उम्र में समाज को नेतृत्व प्रदान करने की स्थिति में पहुंची। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से संबंधित दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मुख्य अतिथि और डूसू अध्यक्ष के साथ संवादात्मक चर्चा की।

## जे.जे क्लस्टर में मुफ्त चिकित्सा शिविर





**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस की ओर से रविवार को सैनिक फार्म स्थित जे.जे क्लस्टर इलाके में एक संगोष्ठी और मुफ्त यूनानी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता और एडवोकेट शाहजबीं काजी और उनकी टीम ने विशेष योगदान दिया। शिविर की अध्यक्षता करते हुए यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सैयद अहमद खान ने कहा कि यूनानी चिकित्सा हमारी महान संपत्ति है। यह उपचार पूरे देश में लोकप्रिय हो रहा है। तिहाड़ जेल के सीएमओ डॉ हबीबुल्लाह ने कहा कि गरीबों और कमजोरों को मुफ्त जांच और दवाएं उपलब्ध कराना एक महान सेवा है। शिविर में डॉ. अल्ताफ अहमद, हकीम एजाज अहमद एजाजी और हकीम अता-उर-रहमान अजमाली का योगदान दिया। सेवाएं देने वालों में डॉ. अरशद घियास, डॉ. अतहर इलाही, वकार अहमद एजाज़ी, मोहम्मद फैजान, अब्दुल रज्जाक, मोहम्मद साद, हाफिज मोहम्मद उस्मान, मोहम्मद सादिक, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद शामिल थे।

## शहीद टीका लाल टपलू के नाम पर निगम विद्यालय

**नई दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर-7 स्थित निगम प्राथमिक विद्यालय का नाम शहीद टीका लाल टपलू के नाम किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री विज्ञान व प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान, डॉ जितेंद्र सिंह ने रविवार को इसका उद्घान किया। इस अवसर पर डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि स्वर्गीय टीका लाल टपलू भारतीय जनता पार्टी के सदस्य और कश्मीर उच्च न्यायालय में वकील थे।



स्वर्गीय टपलू महान देशभक्त और कश्मीर में भाजपा के प्रमुख स्तंभ थे जिन्हें राष्ट्रवादी ताकतों को मजबूत करने के अपने मिशन तथा राज्य में भारत विरोधी तत्वों को परास्त करने की प्रतिबद्धता से नहीं डिगाया जा सका। उन्होंने बताया कि टपलू का सम्मान हिन्दु समाज के साथ-साथ मुस्लिम समाज में भी था। वह कश्मीरी पंडितों के बड़े नेता थे, जिनकी हत्या 14 सितंबर 1989 को आतंकवादियों ने कर दी थी। वह कश्मीरी सभ्यता के प्रतीक थे। बंटवारे के बाद सबसे बड़ा विस्थापन कश्मीरी पंडितों का हुआ था, जिन्हें अपना राज्य, अपना घर छोड़ कर जाना पड़ा था। आने वाले समय में इस पर शोध की जरूरत है।

# अहीर रेजिमेंट बनाने के आंदोलन में गूंजता है जय यादव-जय माधव नारा

## अहीर रेजिमेंट बनाने के आंदोलन को पक्ष-विपक्ष सबका मिल रहा साथ

## दिन-प्रतिदिन और अधिक मजबूत होता जा रहा है आंदोलन

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में खेड़कीदौला टोल प्लाजा के पास अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग को लेकर धरने पर पहुंची किरण चौधरी, श्रुति चौधरी, नवीन गोयल व अन्य।

**1857** से आज 2022 तक हम देश पर कुर्बानी दे रहे हैं। देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की बाजी लगा रहे हैं। 1999 का कारगिल युद्ध तो आज की पीढ़ी के सामने ताजा उदाहरण है, जब हमारे रणबांकुरों ने पाकिस्तान पर फतह करके देश की लाज बचाई थी। ऐसे जांबाजों को सम्मान देने के लिए अहीर रेजिमेंट का गठन जरूरी है। इसी मांग को लेकर संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा के बैनर तले यहां पिछले 52 दिन से चल रहा आंदोलन लगातार मजबूत होता जा रहा है। इसे 36 बिरादरी, पक्ष-विपक्ष के नेताओं का समर्थन मिल रहा है।

धरने पर रोज देशभक्ति के गीत भी गूंजते हैं तो दिनभर नेताओं द्वारा अहीर सैनिकों के सम्मान में कशीदे पढ़े जाते हैं। हर कोई अपने-अपने ढंग से अपनी बात कहता है। मोचाऱ की ओर से अहीर रेजिमेंट का प्रतीक चिन्ह भी तैयार किया गया है, जो कि यहां पोस्टर, बैनर और टोपियां पर छपवाया गया है। इस प्रतीक चिन्ह में लिखा गया है कि-विजय या वीरगति-रणबरुका युद्धवीर-अहीर रेजिमेंट। अहीर रेजिमेंट बनाने के समर्थन में नारे भी शब्दों को ढूंढकर बनाए गए हैं। इसमें एक नारा है-जय यादव-जय माधव। यह नारा श्रीकृष्णजी के नाम माधव को जोड़कर बनाया गया है।

**आक्रोशित के साथ अनुशासित भी हैं आंदोलनकारी :** कोई यहां द्वापर युग की बात करके हर बिरादरी का सम्मान और समर्थन की बात करता है तो कोई यहां राजनेताओं के समर्थन पर खुलकर बोलता है। धरने पर समर्थन देने आने वाले हर नेता, सामाजिक संगठन के बैनर, पोस्टर धरनास्थल पर चारों और लगाए जाते हैं, ताकि यह ज्ञात रहे कि किन-किन का समर्थन इस आंदोलन को मिल चुका है। अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग को समर्थन देने वाले हर आम और खास व्यक्ति पर संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा के सदस्य पुष्प वर्षा करके स्वागत करते हैं। भाषणों, नारों में यह आंदोलन जितना आक्रोशित नजर आता है, उतना ही अनुशासित भी। आंदोलन से जुड़ा हर सदस्य बेहद ही अदब के साथ आने वालों को पूरा सम्मान देता है। यहां किसी की जातिगत बुराई नहीं होती, अहीर रेजिमेंट के गठन की बात होती है। हर जाति, धर्म का यहां स्वागत, सम्मान होता है। सामान्य आंदोलनों से इस आंदोलन को इसलिए भी हम अलग कह सकते हैं कि यहां अनुशासन पूरा है और अहीर रेजिमेंट की मांग पर मजबूती उससे भी ज्यादा।

**इस बार हक लेकर ही उठेंगे: मनोज यादव :** संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा के संस्थापक सदस्य मनोज यादव के मुताबिक अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग काफी पुरानी है। पहले भी धरना, प्रदर्शन, भूख हड़ताल की। देशभर में जागृति आई। इसी साल 4 फरवरी को 72 गांवों की पंचायत में आर-पार का निर्णय लिया गया। इस बार रेजिमेंट का गठन करवाकर ही उठेंगे। उन्होंने कहा कि यादव समाज की गौरवगाथा को हर कोई जानता है। सरहदों पर हम बलिदान देते हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को धरने पर पूर्व मंत्री किरण चौधरी, पूर्व सांसद श्रुति चौधरी, भाजपा नेता नवीन गोयल समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने शिरकत की।

**अहीरों की मांग का समर्थन वोटों में भी बदलेगा :** यहां धरने पर साफ कही जा रहा है कि अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग करने वाले नेताओं का भविष्य में यादव समाज साथ देगा। यहां लोग खुलकर बोल रहे हैं कि जो भी हमारी इस आवाज, मांग को विधानसभा, लोकसभा में उठाएगा, उसका समर्थन दिया जाएगा। जो नहीं उठाएगा, उसे वोट की चोट देंगे। यहां जांबाज बबरूभान का जिक्र करना भी लोग नहीं भूलते, जिन्होंने कराची बंदरगाह को बर्बाद करके जांबाजी दिखाई थी। उन्हें सरकार की ओर से महावीर चक्र सम्मान से नवाजा गया।

# जुलूस लेकर अहीर रेजिमेंट बनाने के समर्थन में पहुंचे नवीन गोयल


गुरुग्राम में अहीर रेजिमेंट का समर्थन देने के लिए जुलूस निकालते जाते नवीन गोयल।

## कंपनी बाग सिविल लाइन से शुरू हुआ उनका जुलूस

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल रविवार को अहीर रेजिमेंट बनाने का समर्थन करते हुए जुलूस निकालकर उनके धरने पर पहुंचे। वहां नवीन गोयल व उनके समर्थकों का पुष्प वर्षा करके संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा की ओर से स्वागत किया गया। हैश टैग नवीन गोयल विद अहीर रेजिमेंट ट्वीटर पर भी ट्रेंड किया।

सैंकड़ों समर्थकों और गाड़ियों के काफिले के साथ धरने पर जाने के लिए यहां सिविल लाइन स्थित कंपनी बाग में तैयारी की गई। सभी गाड़ियों पर संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा के बैनर पोस्टर के अलावा नवीन गोयल की ओर से स्वयं भी अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग को समर्थन देने वाले पोस्टर लगवाए गए। सभी कार्यकर्ता पीली टोपी पहने और हाथों व गाड़ियों में पीला झंडा लेकर अहीर रेजिमेंट के समर्थन में नारे लगाते रहे। सबसे आगे डीजे पर देशभक्ति के गीत बज रहे थे। गाड़ी से छत से बाहर निकलकर नवीन गोयल रास्ते भर लोगों का अभिवादन स्वीकारते रहे। कंपनी बाग से धरनास्थल खेड़कीदौला टोल प्लाजा तक नवीन गोयल का यह काफिला लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। धरने पर पहुंचते ही मोर्चा ओर से नवीन गोयल व उनके समर्थकों का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। अहीर रेजिमेंट बनाने के समर्थन में उनके साथ कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, प्रदेश पर्यावरण संरक्षण विभाग सह-संयोजक राजेश गुलिया, पर्यावरण संरक्षण विभाग गुरुग्राम सह-संयोजक प्रवीण अग्रवाल, आरडब्ल्यूए मनोहर नगर प्रधान ललित क्रांतिकारी, कर्मचारी प्रकोष्ठ भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, बाली पंडित, सेक्टर-10 आरडब्ल्यूए प्रधान कमांडर उदयवीर यादव, योगेश शर्मा, सुल्तान वाल्मीकि, विष्णु गार्डन आरडब्ल्यूए प्रधान अमन हुड्डा के साथ शिरकत की।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम विवि के स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान


गुरुग्राम के तिगरा गांव में सफाई करते गुरुग्राम विवि के विद्यार्थी।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विवि में पांच दिवसीय एनएसएस कैंप के तहत कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में क्लीन इंडिया मिशन के तहत गुरुग्राम के तिगरा गांव के आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्रों ने गांव के मुख्य रास्ते पर सफाई की। साथ ही एनएसएस इंचार्ज नीलम वशिष्ट की अगुवाई में गांव के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर गुरुग्राम विवि की एनएसएस यूनिट की प्रमुख डॉ. नीलम वशिष्ट ने कहा कि हमारे पांच दिवसीय कैंप का उद्देश्य छात्रों के साथ साथ आम लोगों को भी सामाजिक और जन सरोकार से जुड़े मुद्दों के प्रति जागरूक करना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर तिगरा गांव के आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने आगे कहा कि अपने शहर को साफ रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। हमारे शहर को स्वच्छ और साफ-सुथरा रखने के लिए हमें आज ही अपने से शुरुआत करनी होगी। जब तक लोग खुद जागरूक नहीं होंगे। तब तक हमारे शहर में साफ-सफाई नहीं हो सकती है। इस मौके पर डॉ. बिजेंदर, डॉ. ममता भटनागर समेत बड़ी संख्या में टीचर्स व स्टूडेंट्स की भागीदारी रही।

### द कश्मीर फाइल्स पर केजरीवाल ने जनभावना का अनादर किया



**गुरुग्राम।** दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा लगातार द कश्मीर फाइल्स फिल्म को यूट्यूब पर डालने की मांग किए जाने पर भाजपा हरियाणा मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल अब इस मुद्दे पर खुद को मीडिया में बनाए रखना चाहते हैं। अरविंद सैनी ने कहा कि द कश्मीर फाइल्स फिल्म पर सवाल उठाकर जनभावनाओं से खिलवाड़ करने की बजाय केजरीवाल एसवाईएल पर अपना रुख साफ करें। केजरीवाल बताएं कि वे हरियाणा को एसवाईएल का पानी कब मुहैया कराएंगे, क्योंकि पंजाब में आप की सरकार बनने के बाद हरियाणा की जनता केजरीवाल से इसका जवाब चाहती है। अरविंद सैनी ने केजरीवाल को एडमैन बताते हुए कहा कि केजरीवाल की खुद की पहचान एडमैन की बन गई है। वो खुद जनता के टैक्स का पैसा विज्ञापनों पर उड़ा रहे हैं। केजरीवाल को द कश्मीर फाइल्स फिल्म को यू ट्यूब पर डालने की सलाह देने से पहले खुद को भी अपने विज्ञापन यू ट्यूब पर डालकर काम चला लेना चाहिए, क्यों केजरीवाल जनता के टैक्स के पैसे को विकास कार्य में लगाने के स्थान पर विज्ञापनों पर खर्च रहे हैं, क्यों वो करोड़ों रुपये केवल अपनी छवि चमकाने में लगा रहे हैं। भाजपा मीडिया सह प्रमुख ने कहा कि दरअसल केजरीवाल को द कश्मीर फाइल्स फिल्म में दिखाया हुआ सच हजम नहीं हो रहा है, इसलिए वे इस फिल्म का विरोध कर रहे हैं। अरविंद सैनी ने कहा कि केजरीवाल और उनके मंत्रियों द्वारा दिल्ली विधानसभा में जिस तरह से द कश्मीर फाइल्स के विरोध में बोलकर देश के लोगों की भावनाओं और कश्मीरी पंडितों के दर्द का मजाक उड़ाया गया, उससे जनता में रोष है।

### सीएम विंडो : पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया

**सोहना।** मारुति कुंज की श्याम कुंज कॉलोनी निवासी द्वारा सीएम विन्डो पर लगाई गई शिकायत के आधार पर सोहना सदर थाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ नाबालिग किशोर को दमदमा झील में डूबोकर हत्या करने का मामला दर्ज किया है। साढ़े 5 माह पहले 16 वर्षीय नाबालिग किशोर की हुई संदिग्ध हालत में दमदमा झील में डूबने पर मौत हो गई थी। भोंडसी की श्याम कुंज निवासी प्रवीण कोशिक ने सीएम विन्डो में शिकायत करते हुए बताया कि 17 अक्टूबर को उसके 16 वर्षीय बेटा मोहित को उसके दोस्त सौरभ व तुषा उर्फ तुसार सुबह 7/8 बजे घर से बुलाकर ले गए थे। शाम 7 बजे तक उसका बेटा घर न आने पर उन्होंने सौरभ को फोन किया, लेकिन सौरभ ने अपना फोन रात्रि 11 बजे तक नहीं उठाया। जबकि उसके बेटा मोहित का मोबाइल बंद था। 18 अक्टूबर को सौरभ के दोस्त सलमान ने दोपहर करीब साढ़े 12 बजे उसके पास फोन करके बताया कि मोहित की दमदमा झील में डूबने से मौत हो गई।

### स्वास्थ्य जांच शिविर में 150 विद्यार्थियों का हुआ चैकअप



**सोहना।** राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल अभयपुर में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर में 150 विद्यार्थियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। जांच के दौरान विद्यार्थियों की लंबाई से लेकर उनके शरीर में खून की मात्रा और रोग प्रतिरोधी क्षमता की जांच की गइ। शानवार को स्कूल आफ मेडिकल ऐलायड साइंस केआर मंगलम यूनिवर्सिटी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के तत्वाधान में विजन ऑफ इंडिया, ग्राम सुधार समिति व द अभयपुर ग्राम उत्थान के सहयोग से स्थानीय राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया। इस कैंप में विद्यार्थियों को सिल्की सेठी ने अच्छा खाना खाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि आज के दौर में अच्छा खान पान न होने से बीमारियां पनप रही है। शरी को निरोग बनाने के लिए योग महत्वपूर्ण है। स्कूल की प्रधानाचार्य रेखा मलीक अन्य अध्यापक-अध्यापिका, स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष व सदस्य, पूर्व सरपंच तेजपाल, ग्राम सुधार समिति तथा दा अभयपुर ग्राम उत्थान बहु उद्देश्यीय सहकारी समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# पंजाबी बिरादरी महासंगठन ने लगाया चिकित्सा शिविर


निःशुल्क चिकित्सा शिविर में दवाएं लेते मरीज।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## मैंकाइंड फार्मा कम्पनी ने डॉक्टर परामर्श निःशुल्क उपलब्ध करवाया

**पंजाबी** बिरादरी महा संगठन गुरुग्राम व आर्यन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन चोटी पंचायत ज्योति पार्क में किया गया। शिविर का उद्घाटन समाज सेवी मोहित मदन लाल ग्रोवर ने किया। इस शिविर में सभी दवाएं मैंकाइंड फार्मा कम्पनी द्वारा व डॉक्टर परामर्श निः शुल्क उपलब्ध करवाई गयी।

इस शिविर का आयोजन पंजाबी बिरादरी के प्रधान बोधराज सिकरी, ओमप्रकाश कथुरिया (वरिष्ठ उप प्रधान), राम लाल ग्रोवर (महामंत्री), गजेंद्र गोसाईं, गुलशन मेहता, भारत भूषण आर्य, दलीप लूथरा द्वारा किया गया। शिविर में संयोजक के रूप में बिरादरी के कई पदाधिकारी सुरेंदर खुल्लर, बाल किशन खत्री, राम किशन गांधी, यश पाल ग्रोवर, जय दयाल कुमार रमेश कुमार केसर दास ग्रोवर, कंवर बहन वधवा, धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, ओम प्रकाश कालरा, किशोरी डुडेजा, नरेंदर कथुरिया, लेख राज चावला, चन्दर, अशोक गेरा, भारत भूषण आर्य, रमेश कुमार, भीमसेन कामरा, अंचल मिगलानी, अनिल कुमार, गोरी शंकर, रमेश कालरा, ओम प्रकाश बंधु, मनु मेहता केशव मित्र मंडल और उनके सहयोगी रहे।

डा. पीआर आर्यन व आर्यन अस्पताल के डॉक्टर्स की टीम ने लोगों की बारीकी से जांच की। भारतीय श्रीसनातम धर्म महाबीर दल के सभी अधिकारी लीला धर कालरा, लाल चंद, हरीश गाबा, जय गोपाल ग्रोवर, लखम अरोरा, लक्ष्मण दास, संदीप कालरा, रमेश, मनीष मुंजाल, कृष्ण ग्रोवर, नवीन कालरा, लीला कृष्ण, गगनदीप छाबरा, रवि ग्रोवर, रेमल, उमेश ग्रोवर ने भी शिविर में योगदान दिया।

# व्रतोत्सव पर्व दीपिका-2079 पुस्तक का हुआ विमोचन

## मंदिरों के पदाधिकारी अवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में व्रतोत्सव पर्व दीपिका-2079 पुस्तक का विमोचन करते बोधराज सीकरी।

**पंजाबी** बिरादरी के प्रधान बोधराज सिकरी द्वारा रविवार कोचोटी पंचायत ज्योति पार्क में व्रतोत्सव पर्व दीपिका-2079 पुस्तक का विमोचन किया गया। इस पुस्तक का संपादन मंडल में गजेंदर गोसाईं, अशोक गेरा, राम लाल ग्रोवर, जगदीश डुडेजा, यशपाल ग्रोवर ने किया है।

इस पुस्तक में सभी मंदिरों का व सभी त्योहारों का वर्णन किया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय श्रीसनातन धर्म सभा के अंतर्गत मंदिरों के पदाधिकारी अवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। केंद्रीय श्रीसनातन धर्म सभा के पथ प्रदर्शक रहे बाबूराम गुप्ता, एचएस चावला, बोधराज सिकरी, ओमप्रकाश कथुरिया, सुरेंद्र खुल्लर, कंवरभान वधवा, देवराज आहूजा, चंद्रभान नागपाल, बाल कृष्ण खत्री, राम लाल ग्रोवर, अशोक गेरा, गजेंदर गोसाईं, ओमप्रकाश बंधु, केसरदास ग्रोवर, गुलशन मेहता, श्याम ग्रोवर, सुभाष डुडेजा, उदय भान ग्रोवर, किशोरी लाल डुडेजा, पारुल कुमार ने अपना सहयोग दिया। भारतीय श्रीसनातम धर्म महाबीर दल के सभी अधिकारी लीलाधर कालरा, लालचंद, हरीश गाबा, जय गोपाल ग्रोवर, लखम अरोरा, लक्ष्मण दास, संदीप कालरा, रमेश, मनीष मुंजाल, कृष्ण ग्रोवर, नवीन कालरा, लीला कृष्ण, गगनदीप छाबरा, रवि ग्रोवर, रेमल, उमेश ग्रोवर व सभी कार्यकर्ताओं ने भी अपना योगदान दिया।

# शिविर के तीसरे दिन तक 200 पंजीकरण, सभी को मिले उपकरण

## सदर बाजार में श्रीदिगम्बर जैन बारादरी जैकबपुरा में शिविर आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के श्रीदिगम्बर जैन बारादरी जैकबपुरा में शिविर के समापन पर संस्था के सदस्य।

**तीन** दिवसीय विशाल निःशुल्क दिव्यांग कल्याण शिविर में तीन दिन में 200 दिव्यांगों ने अपना पंजीकरण कराया। यहां उन्होंने निःशुल्क उपकरण देकर उन्हें चलने-फिरने, सुनने, बैठने-उठने लायक बनाया गया। यह शिविर वर्धमान सेवा संस्थान गुरुग्राम की ओर से श्रीदिगम्बर जैन बारादरी जैकमपुरा गुरुग्राम में भगवान महावीर विकलांग केंद्र जयपुर के तत्वावधान में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से लगाया गया। उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में लगाए गए तीन दिवसीय कृत्रिम अंग वितरण शिविर में सभी सदस्यों ने खूब मेहनत की। इस शिविर में तीन दिन में 200 लोगों ने अपने पंजीकरण कराए। इनमें से 20 को तिपहिया साइकिल, 24 को व्हील चेयर, 48 केलिपर, 35 कृत्रिम पैर, 10 कृत्रिम हाथ, 40 कान के सुनने की मशीनें, 42 क्रसिज, 10 जोड़ी जूते, बैसाखी समेत अन्य सामान दिया गया। साइज के हिसाब से दिव्यांगों को यह सामान दिया और लगाया गया। संस्था के अध्यक्ष मनोज जैन ने कहा कि मानवता की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। इस शिविर में जैन समाज के महामंत्री अशोक जैन, प्रवक्ता अभय जैन एडवोकेट, सिद्धांत क्षेत्र के महामंत्री रमेश चंद जैन, एनसी जैन, संस्था के सदस्य अमित जैन, राजीव जैन, जिनेंद्र जैन, विपिन जैन, अश्वनी जैन, देव जैन आदि सभी सदस्यों ने योगदान दिया। इस अवसर पर सह-सचिव सुभाष शर्मा, आर वाचु, वीना वाचु, कल्पोष फाउंडेशन, समाज सेविका कोमल भटनागर, पूजा मलिक, कविता सरकार मौजूद रहे।

## जमीन विवाद में महिला ने लगाया मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप

**सोहना।** सोहना सदर थाना क्षेत्र में जमीन प्लाट को लेकर दो गुटों के बीच हुआ झगड़े में तीन एक ही परिवार की तीन महिलाओं समेत 6 लोगों पर मारपीट करने तथा पीड़िता महिला के गलत नीयत से छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

सोहना सदर थाना के एक गांव में दो गुटों के बीच 23 मार्च को जमीन प्लॉट को लेकर दोपहर के समय में झगड़ा हुआ। पुलिस को शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि वह प्लॉट पर किसी काम से गई थी। उसी समय गांव के ही निवासी धर्मवती, कविता, रेणु, नीरज, बंटी और धनीराम अपने हाथों में लाठी, डंडे और लोहे का फावड़ा लेकर आए। जिन्होंने उसे प्लॉट में अकेला देखकर मारना पीटना शुरू कर दिया।


# अमेजन.इन के साथ मनाएं वर्ल्ड स्लीप डे का जश्न

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## अमेजन.इन पर क्वालिटी-वेरीफाइड सिलेक्शन और नो-कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठाएं

**नींद** हमारे कल्याण और व्यक्तिगत स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें बेहतर निर्णय लेने और अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने में मदद करती है। इसलिए 17 से 20 मार्च, 2022 तक अमेजॉन डॉट इन वर्ल्ड स्लीप डे सेल के साथ क्वालिटी नींद और स्वस्थ दिमाग के महत्व को बताया है। मैट्रेसेस, बेड्स, ब्लैंकेट्स और कम्फर्टर्स, पिलो, बेडशीट, नाइट लैम्प, और अन्य कई उत्पादों पर 60 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त करें, जो घर पर एक खुशहाल दुनिया का निर्माण करने में आपकी मदद करेंगे। रात की अच्छी नींद के लिए खरीदारी करते वक्त, ग्राहक ड्यूरोफ्लेक्स, द स्लीप कंपनी, पेप्स, स्लीपीहेड और सोलिमो आदि जैसे सभी लोकप्रिय ब्रांड्स पर शेड्यूल डिलीवरी, क्वालिटी वेरीफाइड सिलेक्शन, और नो-कॉस्ट ईएमआई जैसे लाभ भी हासिल कर सकते हैं।

अमेरिकन एक्सप्रेस क्रेडिट कार्ड होल्डर्स और और क्रेडिट कार्ड ईएमआई पर खरीदारी करने वालों के लिए, 17 से 19 मार्च 2022 तक न्यूनतम 10,000 रुपये के लेनदेन पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत इंस्टैंट छूट और 1500 रुपये का अधिकतम डिस्काउंट मिलेगा।

**अमेजन.इन वर्ल्ड स्लीप डे सेल पर अधिक जानकारी के लिए क्लिक करें :** रात में एक अच्छी नींद के लिए मैट्रेसेस और बेड्स कद स्लीप कंपनी स्मार्टग्रिड ल्यूक्स मैट्रेसेस: यह स्मार्टग्रिड गद्दे आपको सबसे शानदार और आलीशान एहसास देने के लिए बने हैं। यह द स्लीप कंपनी का हाई-एंड प्लश मैट्रेस है जो दो वेरिएंट्स-8 इंच और 10 इंच में आता है। स्मार्ट ल्यूक्स के साथ सबसे आरामदायक नींद और बादल जैसे आराम का अनुभव करें। गद्दे को यह महसूस कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि आप बादलों पर सो रहे हैं। इसे अमेजॉनडॉटइन पर 33,499 रुपये की शुरुआती कीमत पर खरीदें।

**ड्यूरोफ्लेक्स लिवइन प्रेशर रिलीविंग मेमोरी फोम मैट्रेसेस :** ड्यूरोफ्लेक्स लिवइन एक रोल-पैक्ड मैट्रेसेस है, जो वैक्यूम पैक्ड, ईजी डीआईवाई बॉक्स सेटअप में आता है। यह मीडियम-फर्म मैट्रेसेस सपोर्ट और प्लश कम्फर्ट का एक आदर्श मिश्रण है। अमेजॉन डॉटइन पर इसे 11,699 रुपये की शुरुआती कीमत पर हासिल करें।

**क्लाउडडियो क्वीन बेड मैट्रेसेस :** पेपरफ्राई के क्लाउडडियो उत्पाद एक बेहतरीन नींद का अनुभव प्रदान करते हैं और एक समकालीन रूप के साथ असाधारण समर्थन प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। यह आर्थोपेडिक गद्दे एचआर फोम बेस के साथ संयुक्त कूल जेल-इन्फ्यूज्ड मेमोरी फोम से बना है। जो आपको आराम के साथ-साथ ठंडक भी देता है। इसेअमेजॉन डॉट इन पर 11,735 रुपये से शुरू होने वाली कीमत पर खरीदें।


## बल्लभगढ़-सोहना मार्ग पर लगी भारी वाहनों पर रोक

**सोहना।** बल्लभगढ़-सोहना मार्ग पर चलने वाले भारी वाहनों पर 4 अप्रैल तक दिन के समय में रोक लगाई गई है। जिसका कारण सूरज कुंड में शुरु चल रहा क्राफ्ट मेले में जाने वाले पर्यटकों को सड़क जाम की समस्या का सामना न करना पड़ें।

सोहना से बल्लभगढ़ या बल्लभगढ़ से सोहना के बीच दौड़ने वाले भारी वाहनों पर दिन के समय में नहीं चलेंगे। जिसके लिए सोहना से पलवल जाने वाले मार्ग के बल्लभगढ़ मोड़ पर दिन के सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक नाका लगा दिया है। इस मार्ग से बल्लभगढ़, फरीदाबाद, बदरपुर-दिल्ली, नोएड़ा, गाजियाबाद, राजस्थान, सोहना, जिला नूंह, केएमपी के माध्यम से कुंडली जाने वाले बड़े वाहन चलते है। जिनकी एक दिन में संख्या 400 से 500 तक मानी जा रही है। अब इस मार्ग पर चलने वाले भारी वाहन चालकों को पलवल या गुरुग्राम के रास्ते से ही आना-जाना करना होगा।

# हम किसी धर्म की निंदा, बुराई, बेअदबी की कल्पना भी नहीं कर सकते

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/सरसा

## डेरा प्रमुख ने रोहतक के सुनारियां से पत्र भेजकर कही ये बात

## अप्रैल 222 में रोहतक में सफाई महा अभियान की दी अनुमति

## रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध के थमने की की कामना

**डेरा** सच्चा सौदा की साध-संगत में रविवार को शाह सतनाम सिंह जी धाम में नाम चर्चा के दौरा संगत में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां द्वारा भेजा गया पत्र भी साध-संगत के बीच पढ़कर सुनाया गया।

इस रूहानी पत्र में संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा ने लिखा कि हमने कभी भी किसी भी धर्म की निंदा, बेअदबी या बुराई करनी तो दूर ऐसी कभी कल्पना भी नहीं की। हम तो खुद सर्व-धर्म का सत्कार करते हैं व सबको सत्कार करने की शिक्षा देते हैं। उन्होंने रूस व यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के जल्दी खत्म होने और विश्व में शांति स्थापना की प्रार्थना की। साध-संगत से भी ऐसा करने का आह्वान किया। पत्र में उन्होंने ने लिखा कि अप्रैल में डेरा सच्चा सौदा के स्थापना दिवस का भंडारा मनाया जाता है। हमें पता चला है कि साध-संगत अप्रैल में रोहतक में भी सफाई महा अभियान करना चाहती है। इसलिए डेरा सच्चा सौदा के चेयरपर्सन डॉ. पीआर नैन इन्सां व जिम्मेवार प्रशासनिक अनुमति लेकर यह सेवा कर लें।

### गुरुग्राम के सफाई महा अभियान का भी पत्र में किया जिक्र

**गुरुजी** ने छह मार्च 2022 को साध-संगत द्वारा गुरुग्राम में चलाए गए सफाई महा अभियान की प्रशंसा करते हुए लिखा कि हमारे गुरुग्राम से आने के बाद आपने गुरुग्राम में सफाई महा अभियान चला कर श्रद्धा की बेमिसाल मिसाल कायम की है। आपका सतगुरु से प्यार व यकीन चौगुना बढ़े व आप सबकी झोलियां, सतगुरु जी, खुशी व बरकतों से लबालब भर दें। डा. संत गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा ने पत्र ?में यह भी लिखा है कि साध-संगत हमेशा बढ़-चढ़कर आश्रम में आती रहे। हम आपके गुरू थे, हैं व हमेशा गुरु रूप में वचन देते हैं कि जितनी बार आप आश्रम में आएंगे, हर बार आगे से चौगुणी खुशियां व बरकतें हम परम पिता सतगुरु जी से दिलवाएंगे।

### किसी के बहकावे में नहीं आने की कही बात

**पत्र** के माध्यम से साध-संगत को सचेत करते हुए उन्होंने लिखा कि हमारे सारे सेवादार व प्रशासनिक ब्लॉक सेवादार, जसमीत, चरणप्रीत, हनीप्रीत, अमरप्रीत सब एक हैं व हमारी बातों पर चलते हैं। चारों हमें रोहतक इकट्ठे छोड़ने आए व वापिस भी चारों इकट्ठे गए। जसमीत, चरणप्रीत व अमरप्रीत ने हमसे आज्ञा ली है कि उच्च शिक्षा प्राप्ति के लिए वो अपने बच्चों के साथ उन्हें पढ़ाने जाएंगे। संगत को किसी के भी बहकावे में नहीं आना है। इस अवसर पर बड़ी-बड़ी स्क्रीनों के माध्यम से अनमोल वचन सुनाए गए। नामचर्चा के बाद लंगर-भोजन वितरित किया गया है। कविराजों ने विभिन्न भक्तिमय भजनों से सतगुरू का गुणगान किया।

# सूरजकुंडः रायगढ़ किले की दुर्दशा देख निराश हो रहे दर्शक

कविता। फरीदाबाद



सूरजकुंड में मौजूद रायगढ़ के किले में बंद ताले में टूटी मूर्तियां।

**35वें** अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में मौजूद रायगढ़ का किला मेले में आकर्षण का केन्द्र रहा है। वहीं दूसरी तरफ इस किले में ऊपर पहुंचने पर किले में लगी छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति टूटी हुई है, उनके ऊपर की छतरी भी टूट चुकी है। किले में एक से दूसरी तरफ जाने के लिए बना रास्ता भी खंडर हो चुका है। साफ कहे तो देखभाल के अभाव में यह किला पूरी तरह से खंडहर में चुका है। जबकि पहले यहां मौजूद किले में शिवाजी महाराज की मूर्ति और उनके द्वारपालों की मुर्तियां बड़े सुंदर ढंग से लगी हुई थी। लेकिन अब यह ताले में बंद और टूटी पड़ी है।

**नहीं दिया ध्यान:** 33वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में थीम स्टेट महाराष्ट्र द्वारा अरावली की पहाड़ी के ऊपर रायगढ़ के किले का स्वरूप बना हुआ है। यह किला जहां एक तरफ सूरजकुंड मेले की शोभा को बढ़ाने का काम करता है, वहीं दर्शकों को अपनी तरफ आकर्षित भी करता है। मेले में पहुंचने वाले दर्शक अपने बच्चों के साथ ऊंची सीढ़ियां चढ़कर इस किले को देखने पहुंच रहे हैं। लेकिन यहां पहुंचकर उन्हें यहां खंडहरनुमा किला नजर आ रहा है। ऊपर पहुंचने पर देखा जा रहा है कि किले के एक हिस्सें में बंद ताले में मूर्तियां टूटी पड़ी है। उनके ऊपर की छत्तरी भी पूरी तरह से टूट चुकी है। देखभाल न होने के कारण किला पूरी तरह से खंडहर हो गया है।

**यह है किले का इतिहास :** रायगढ़ का किला महाराष्ट्र की राजधानी के नाम से पहचाना जाता था। इस किले का निर्माण छत्रपति शिवाजी महाराज के साथ हीरोजी इंदलकर ने 1600 एकड़ में करवाया था। उसी किले का प्रतिरूप (डेमो) मेला परिसर में मौजूद है। बताया जाता है कि इसी किले में छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक भी हुआ था।

**टूटी मूर्तियां :** 35वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेला परिसर में रायगढ़ के किले में एक जेलनुमा लोहे की चारदीवारी में शिवाजी महाराज की मूर्ति और उनके ऊपर लगी छतरी पूरी तरह से टूटी पड़ी है। इस कक्ष के बाहर ताला जड़ा हुआ है। यहां पहुंचकर दर्शक इसकी दयानीय हालत को देखकर निराश हो रहे हैं। हालांकि किले के ऊपर आने-जाने वाले रास्ते का दर्शक खूब लुफ्त उठा रहे है, लेकिन ऊपर पहुंचने पर दर्शकों को निराशा मिल रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भारत की ताकत का प्रतीक है सूरजकुंड मेला

## लाखों दर्शकों के मन को नया उत्साह देकर जाएगा मेला

पायनियर समाचार सेवा। सूरजकुंड।





अमरजीत मान

कोविड महामारी से बोझिल हुए मानव मन को सुकून के कुछ पल मिल सकें, इसी उद्देश्य से इस बार आयोजन किया गया है अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले का। मेले में लगभग दस लाख पर्यटकों के आने की संभावना है।

यह कहना है हरियाणा पर्यटन विभाग के महानिदेशक एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अमरजीत मान का। मेला सचिवालय में उन्होंने बताया कि अब तक करीब दो लाख लोग यह मेला देखने के लिए आ चुके हैं। मेले में देश-विदेश की करीब 1200 स्टालें लगाई गई हैं। हमारे देश के बुनकर, शिल्पकार, स्वर्णकार व अन्य कारीगर कोविड के बाद आर्थिक तंगी का सामना कर रहे थे। अब देश महामारी की चपेट से बाहर आया है तो अर्थव्यवस्था भी फिर से पटरी पर लौटने लगी है। एक बार तो ऐसा लग रहा था कि सूरजकुंड मेला का आयोजन होगा या नहीं, लेकिन पर्यटन विभाग व मेला प्राधिकरण ने निश्चय किया कि यह आयोजन अवश्य किया जाए। इससे लोगों को भी थोड़ा हल्कापन महसूस होगा और वे फिर से उत्साह के साथ अपने-अपने कामों में जुट सकेंगे।

महानिदेशक अमरजीत मान ने बताया कि इसी संकल्प के साथ पहले इंग्लैंड को थीम देश बनाने का विचार किया गया था। किंतु कोविड के कारण यह बात सिरे नहीं चढ़ सकी। इस बारे में उज्बेकिस्तान से बात की गई तो वे फौरन तैयार हो गए। उनकी हामी से अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भारत की ताकत का एहसास हुआ। इसके बाद और भी देशों ने आयोजन में शिरकत के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की। थीम स्टेट जम्मू-कश्मीर ने भी आयोजन में बेमिसाल सहयोग देते हुए अनूठी कलाकृतियां मेला परिसर में बनाई हैं। उन्होंने कहा कि भले ही यह मेला इस बार थोड़ी देरी से शुरू हुआ है। किंतु जाते-जाते सूरजकुंड मेले का आयोजन पर्यटकों में नई ताजगी भरकर जाएगा। मेले में पर्यटकों व शिल्पकारों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए व्यापक स्तर पर इंतजाम किए गए हैं। हरियाणा प्रदेश व केंद्र स्तर के उच्चाधिकारी एवं न्यायिक अधिकारी भी मेले का अवलोकन करने के लिए आ रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि चार अप्रैल तक दस लाख से अधिक दर्शक इस मेले का अवलोकन कर लेंगे।

# पिकअप पलटने से दो मजूदरों की मौत, एक घायल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



अस्पताल में बैठे मृतक पिंटू के परिजन और घायल बलदेव।

**पाली** से फरीदाबाद आते समय गरीबा ढ़ाबे के सामने मोड़ पर एक तेज रफ्तार से आ रही पिकअप गाड़ी का बैलेंस बिगड़ने से पलट गई। उसमें पीछे बैठे दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि आगे बैठा एक मजदूर बुरी तरह से घायल हो गया। तीनों को लिफ्ट देने वाला गाड़ी चालक और कन्डेक्टर मौके से फरार हो गए। जिस पर थाना सूजरकुंड पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों मृतकों के परिजनों को पोस्टमार्टम करवा कर शव सौंप दिए है।

मामले की जांच में जुटे उप निरीक्षक देशराज सिंह ने बताया कि पाली से फरीदाबाद आते वक्त गरीबां ढाबे के सामने मौजूद कट पर दोपहर के समय एक पिकअप गाड़ी अनबैलेंस होकर पलट गई। गाड़ी करीब चार से पांच पलटी खाते हुए करीब 100 मीटर तक सड़क पर घुमी। इस दौरान उसमें लिफ्ट लेकर बैठे तीन मजदूरों में से दो की मौत हो गई और एक घायल हो गया।

**तीनों ने ली थी लिफ्ट:** एसआई देशराज सिंह की माने तो तीनों मजदूरों ने गाड़ी चालक से लिफ्ट ली थी। उन्होंने बताया कि मूलरूप से आगरा निवासी 43 वर्षीय धर्मेन्द्र जोकि फिलहाल नंगला का निवासी है, मिस्त्री का काम करता है। जिसने पहले लिफ्ट ली। इसके अलावा बिहार के बांका जिले के निवासी मृतक 28 वर्षीय पिंटू शर्मा और उनका दोस्त बलदेव जोकि फिलहाल फतेहपुर चंदीला के निवासी हैं और दोनो की मिस्त्री का काम करते हैं। पिंटू और धर्मेन्द्र पिकअप में पीछे बैठे थे और बलदेव आगे बैठा था। जब हादसा हुआ, तो पीछे बैठे पिंटू और धर्मेन्द्र की मौत हो गई। बलदेव को चोटें आई हैं।



एसआई देशराज।

# उत्तरप्रदेश चुनाव से लौटे डॉ. तिवारी का स्वागत



यू.पी. में योगी सरकार के शपथ समारोह से वापस आने पर भारतीय प्रवासी परिषद के राट्रीय अध्यक्ष अजय तिवारी का स्वागत करते अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा के राट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारतीय** प्रवासी परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय तिवारी और उनकी टीम द्वारा भारतीय जनता पार्टी एवं निषाद पार्टी के समर्थन में सहयोग एवं जोरदार प्रचार प्रसार कर अपने प्रिय मित्र डॉ. संजय निषाद एवं उनकी सभी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करा के 25 मार्च 2022 को शपथ ग्रहण समारोह से फरीदाबाद लौटे तो ब्राह्मण समाज एवं प्रवासी परिषद् के लोगों ने उनका स्वागत व सम्मान किया। डॉ. अजय तिवारी ने उत्तर प्रदेश सरकार में डॉ. संजय निषाद को कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर हार्दिक बधाई दी। कहा की छात्रसंघ के मित्र रकेश सचान, दयाशंकर सिंह को भी कैबिनेट में जगह मिली और पुराने करीबी रिश्तेदार ब्रजेश पाठक को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। सभी को हार्दिक बधाई दी तथा प्रवासी एकता को मजबूत करने की बात कही।

उन्होंने बताया की आज दिल्ली-एनसीआर में 70 प्रतिशत प्रवासी रहते हैं और उनकी अनगिनत समस्या हैं। इसके समाधान के लिए कई जगह गुहार लगाई फिर भी समस्या का समाधान नहीं निकला।

# नृत्यांगना युशिका बैद ने किया भरतनाट्यम संसार में पदार्पण

## गुरु गीता चंद्रन ने नई दिल्ली में अपनी शिष्या के लिए भरतनाट्यम अरंगेरम आयोजित किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**प्रसिद्ध** नृत्यांगना और गुरु पद्मश्री गीता चंद्रन ने शनिवार शाम चिन्मया मिशन ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में अपनी शिष्या युशिका बैद की पहली एकल प्रस्तुति के लिए भरतनाट्यम अरंगेरम आयोजित किया।

इस अवसर पर संगीत और नृत्य प्रेमियों का पूरा साथ मिला, उनकी यह गर्मजोशी सकारात्मक और उर्जावान प्रतिक्रिया थी, क्योंकि पिछले दो वर्षों के दौरान वे इस तरह के उत्कृष्ट कार्यक्रम में शामिल होने में असमर्थ थे। सबसे प्रतिभाशाली प्रतिभाओं में से एक युशिका का कला-कौशल एवं प्रदर्शन देखना रोमांचकारी था, जो गुरु गीता चंद्रन की भरतनाट्यम विरासत को पीढ़ियों तक आगे ले जाएगी। कार्यक्रम के दौरान श्री अर्जुन राम मेघवाल (संसदीय कार्य एवं संस्कृति राज्य मंत्री) मुख्य अतिथि थे, जबकि श्रीमती सुधामही रेगुनाथन (लेखक, विद्वान और पूर्व कुलपति, जैन विश्व भारती विश्वविद्यालय) एवम् श्रीमती अनुराधा जोशी (प्राचार्य, सरदार पटेल विद्यालय) विशिष्ट अतिथि थीं। गुरु (पद्मश्री) गीता चंद्रन, राजीव चंद्रन सहित संगीत और नृत्य प्रेमियों के साथ गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

युशिका वर्तमान में सेंट स्टीफंस कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी कर रही है और गणित ऑनर्स कर रही है। सरदार पटेल विद्यालय के पूर्व छात्र, युशिका का मानना है कि एसपीवी ने एक व्यक्ति के रूप में उनके विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्हें हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में गहरी दिलचस्पी है और वह कला सीख रही है।

युशिका को भरतनाट्यम की दुनिया में 7 साल की उम्र में गुरु गीता चंद्रन के संरक्षण में नाट्य वृक्ष में दीक्षित किया गया था। नाट्य वृक्ष और गुरू गीता चन्द्रन (अक्का) ने युशिका को एंकर किया है। युशिका की रूचि, सीखने और आगे बढ़ने की लगन उन्हें नए क्षेत्रों का पता लगाने के लिए प्रेरित करती है।

# चाकू-कैची की धार लगाने वाला बना आरोपी

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र का ध्यान द्वारा चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए इनमें संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के लिए दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने मास्टर की बनाकर वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अलीमुद्दीन उर्फ अल्लम है जो मेवात के गांव शाह चोखा का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को बल्लभगढ़ तहसील के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया जिसमें सामने आया कि आरोपी चाकू व कैंची की धार लगाने का काम करता था और यह करते-करते उसने वाहनों का लॉक तोड़ने वाली एक मास्टर की बना ली थी।

# डायल-112 की टीम ने बचाई लोगों की तीन जानें

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



आग से बच्चों को बचाने वाले पुलिस के अधिकारी।

**तिरखा** कॉलोनी में स्थित एक गार्डन में पड़े हुए लकड़ी के टुकड़ों और भूसे में गत 26 मार्च को शाम के समय आग लग गई। डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर बहादुरी का परिचय देते हुए आग पर काबू पा लिया और दो बच्चों सहित एक व्यक्ति को सुरक्षित आग से बाहर निकालने में सफल रही।

पुलिस प्रवक्ता ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सिटी बल्लभगढ़ में तिरखा कॉलोनी के एक गार्डन में लकड़ी के टुकड़े और भूसा भरा हुआ था। जिसके पास बच्चे खेल रहे थे। बच्चे घर से माचिस लेकर आए थे, जो बच्चों से लकड़ियों में आग लग गई और अग्नि ने भयंकर रूप रूप ले लिया। जिसमें एक व्यक्ति तथा 3-4 साल और 11-12 साल के दो बच्चे आग के बीच फंस गए थे। डायल 112 टीम को हेडक्वार्टर पंचकूला कंट्रोल रूम से तिरखा कॉलोनी में आग लगने की सूचना शाम को करीब सात बजे प्राप्त हुई। जिसके बाद डायल-112 ईआरवी 163 गाड़ी, जिसमे इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रणवीर, सिपाही मुकेश तथा रवि मौके पर शामिल थे, जो मात्र छह मिनट में मौके पर पहुंच गए। पहुंचने के बाद देखा कि आग ने भयंकर रूप ले रखा है। जिसमें दो बच्चे और एक व्यक्ति फंसा हुआ है। दोनों सिपाहियों ने इंचार्ज की अगुवाई में सूझबूझ तथा बहादुरी का परिचय देते हुए दोनों बच्चों सहित उस व्यक्ति को आग के बीच से सुरक्षित निकाल लिया है। पुलिस टीम के द्वारा मौके पर फायर ब्रिगेड भी बुलाई गई। जिसकी मदद से आग पर काबू पा लिया गया था। बच्चों को सुरक्षित परिजनों के हवाले कर दिया गया है। बच्चों के परिजनों से पूछताछ में उन्होंने बताया कि बच्चे आंख बचाकर गार्डन में खेलने के लिए निकल आए थे। परिजन बाहर आग लगने की आवाज और शोर सुनकर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बच्चों के परिजनों को खयाल रखने की हिदायत देकर बच्चों को बच्चों को उनके हवाले कर दिया।

# 29 मुकदमों में लिप्त आरोपी हथियार सहित गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नितीश अग्रवाल के द्वारा अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए थाना एसजीएम नगर प्रबंधक इंस्पेक्टर दिलीप कुमार व पुलिस चौकी नंबर 3 प्रभारी सबइंस्पेक्टर सोमपाल की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले एक आरोपी को गश्त के दौरान गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पीपी नंबर 3 प्रभारी सोमपाल अपनी टीम एएसआई राकेश कुमार, ईएचसी अमर, सिपाही प्रदीप कुमार, सिपाही गौरव के साथ गश्त पर थे पुलिस टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई जिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी भूपेंद्र उर्फ सोनू गाड़ी आई20 में देसी कट्टा और दो जिंदा रौंद सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना एसजीएम नगर में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने 3700 रुपए में बाटा पुल के पास से शराब पीने वाले व्यक्ति से इस कट्टे को खरीदा था। आरोपी से पता चला कि आरोपी अभी 15 मार्च को स्नैचिंग के मुकदमे में जमानत पर आया है।

# कर्मचारियों की देशव्यापी हड़ताल से आज चरमरा सकती है व्यवस्था

## रोडवेज कर्मचारी सुबह चार बजे से रहेंगे हड़ताल में शामिल

## मेले के लिए बस कोई प्रबंध नहीं : जीएम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**हरियाणा** रोडवेज, नगर निगम, बिजली निगम, जन स्वास्थ्य, स्वास्थ्य, बीएंडआर, सिंचाई, एजुकेशन, राजस्व, विकास एवं पंचायत विभाग, वन, बीज विकास निगम, इंडस्ट्री, खनिज, हरियाणा टूरिज्म निगम आदि अनेक विभागों में कार्यरत कर्मचारी सोमवार से दो दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे।

इसका असर सूरजकुंड मेले में खासा देखने को मिल सकता है। क्योंकि हरियाणा रोडवेज के कर्मचारियों और पर्यटन विभाग के कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से मेले में आने-जाने वाले लोगों को खासी परेशानियां झेलनी पड़ेगी। इस विषय में जब हरियाणा रोडवेज के जीएम राजीव नागपाल ने हड़ताल के बारे में बताया कि मले के लिए अभी कोई व्यवस्था नहीं की है।

मांगों को लेकर कर्मचारी एवं मजदूर 28-29 मार्च को राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। इस हड़ताल का आह्वान सीटू, एटक इंटक, एचएमएस सहित देश की दस केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों और आल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट इंम्पलाईज फेडरेशन सहित अखिल भारतीय स्तर के सैकड़ों कर्मचारी संघों ने संयुक्त रूप से किया है। हड़ताल में बैंक, बीमा, डाक, तार, भूजल बोर्ड सहित केन्द्रीय कर्मचारी भी शामिल रहेंगे। यह जानकारी देते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री, जिला प्रधान अशोक कुमार व सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर ने बताया कि हड़ताल की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि हड़ताल में नगर निगम, बिजली निगम, रोडवेज, जन स्वास्थ्य, स्वास्थ्य, बीएंडआर, सिंचाई, एजुकेशन, राजस्व, विकास एवं पंचायत विभाग, वन, बीज विकास निगम, इंडस्ट्री, खनिज, हरियाणा टूरिज्म निगम आदि अनेक विभागों में कार्यरत कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि हालांकि जनहित को ध्यान में रखते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने आवश्यक सेवाओं को बाधित नहीं करने का फैसला लिया है। इसके बावजूद विभिन्न विभागों का काम काज प्रभावित रहेगा। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं को बाधित कर जनता को परेशान करके हम निजीकरण के खिलाफ लड़ाई को नहीं जीत सकते हैं। जन सेवाओं को बचाने के लिए जनता का सहयोग से ही जीत हासिल हो सकती है। संघ नेताओं ने बताया कि बिजली, स्वास्थ्य एवं जलापूर्ति बाधित होने पर कर्मचारी हड़ताल पर रहते हुए उनको बहाल करने का भी काम करने से पीछे नहीं हटेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## मेले में वरिष्ठ छायाकार को मिला प्रथम पुरस्कार




बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर चुनी गई बेहतरीन फोटो।

**फरीदाबाद।** 35वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में एक बार फिर छायाकार श्रेणी में विशेष फोटोग्राफी करने वाले फोटो पत्रकारों का चयन किया गया। जिसमें हिंदुस्तान टाइम्स के वरिष्ठ फोटो पत्रकार सुभाष शर्मा ने इस बार फिर बाजी मारी है। सुभाष शर्मा ने पेशेवर छायाकार श्रेणी में लगातार चौथी बार प्रथम पुरस्कार जीता सुभाष शर्मा ने मेले में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ थीम पर हरियाणा अपने घर के सामने युवतियों को ट्रैफिक ताऊ वीरेंद्र सिंह अपने मोबाइल में कैद करते हुए अनुशीर्षक लिखा। जिसे निर्णायक मंडल में शामिल मुख्य अतिथि फरीदाबाद सेक्टर-15 स्थित आलोक कलर लैब के मालिक आलोक ने इस अनुशीर्षक और फोटो को अन्य से अव्वल और प्रेरक करार दिया। इसके चलते सुभाष शर्मा का नाम प्रथम पुरस्कार के लिए घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता में आए पेशेवर फोटोजर्नलिस्ट ने भाग लिया। इसके अलावा पेशेवर फोटोग्राफी में दूसरा इनाम अमित भाटिया और शौकिया फोटोग्राफी में प्रथम पुरस्कार तुषार वधावन और दूसरा पुरस्कार शालिनी देवरानी को दिया गया।

## वाईएसजीटी मानवता की सेवा में अग्रसर



**फरीदाबाद।** योगीराज सरकार गोदड़ी वाले ट्रस्ट 2008 से अस्तित्व में है। यह संस्था उत्तर प्रदेश के हाथरस शहर में सेवारत है। संस्था लंबे समय से परोपकारी गतिविधियों में शामिल रही है। हाल ही में संस्था के युवा स्वयंसेवक समाज के सर्वोत्तम हित में परोपकार के मार्ग पर चलने के अभियान पर अग्रसर हैं। यह संस्था द्वारा फरीदाबाद, दिल्ली, गुड़गांव, अंबाला कैंट, चंडीगढ़ आदि शहरों में कई स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, सामुदायिक भोजन सेवाएं आयोजित की गई हैं। संस्था का मूल सिद्धांत-कर्म उपरांत कामना, सभी स्वयंसेवक के लिए प्रेरणा स्रोत है। संस्था ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए श्रीरघुनाथ मंदिर, सेक्टर-28 फरीदाबाद में निःशुल्क नेत्र देखभाल शिविर आयोजित किया गया था। संस्था ने सभी के लिए मुफ्त दवा के साथ शिविर का आयोजन किया। यह शिविर दृष्टि आई केयर सेंटर के सहयोग के साथ लगाया गया। वंचित वर्ग के लिए मोतियाबिंद सर्जरी के संसाधनों का प्रबंधन भी संस्था द्वारा ही किया गया। संस्था ने फरीदाबाद के सेक्टर-28 में वानप्रस्थ वृद्ध आश्रम को भी उनकी बुनियादी और स्वास्थ्य जरूरतों के लिए अपनाया। वृद्धाश्रम का प्रबंधन इसके संस्थापक अनिल सरीन द्वारा किया जाता है, जो पांच साल पहले कनाडा से लौटे थे और मानवता की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था।

## पंजाब दे शेर मेले में दिखा रहे हैं हैरतअंगेज करतब



**फरीदाबाद।** एक लोहे के रिंग से एक साथ तीन आदमियों का निकलना, आदमी के सिर पर मटका धरकर उसके ऊपर एक और खिलाड़ी का खड़ा होना आदि करतब देखकर दर्शक दंग रह जाते हैं। यह हैरतअंगेज कारनामें दिखाने की टीम आई है पंजाब के जिला फिरोजपुर से, जिसे उत्तरी भारत सांस्कृतिक जोनल विभाग ने खासतौर से इस मेले के लिए बुलाया गया है। टीम लीडर जोरा सिंह ने बताया कि पंजाब के होला मोहल्ला, गुरू पर्व आदि अवसरों पर ये अपने करतब दिखाते रहते हैं। इन कारनामों को दिखाने के लिए उन्हें कड़ा शारीरिक अभ्यास, संयम, धैर्य और तरकीब सीखनी होती हैं। उन्होंने बताया कि एक लोहे के सरिए को गले व पेट से लगाकर दो खिलाड़ी मोड़ देते हैं। आदमी भागकर रिंग में से दूसरी तरफ निकल जाता है। जोरा सिंह ने बताया कि दर्शक उनके करतब देखने के लिए खड़े हो जाते हैं और समाप्त होने पर ईनाम देकर या तालियां बजाकर उनकी हौंसला अफजाई करते हैं। जोरा सिंह की टीम में बीकासिंह, मेजरसिंह, मिंदरसिंह, सतनाम, जस्सी, सोढ़ीराम व मैंदा शामिल है। ये पंजाब के खिलाड़ी सूरजकुंड मेले में विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

## वसंत रास में राधा और कृष्ण का अभिसार



**फरीदाबाद।** सुदूर पूर्वी भारत के मणिपुर राज्य से आए इंबोचा मुतेई व उनकी टीम ने वसंत रास लोकनृत्य की मनभावन प्रस्तुति चौपाल के प्रमुख मंच पर दी। इस नृत्य में श्रीकृष्ण का रास देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इंबोचा मुतेई ने बताया कि वसंत ऋतु में पंचमी व पूर्णिमा के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण जब गोपियों के संग रास करते हैं, उसी की प्रस्तुति वसंतरास के रूप में कलाकार मंच पर दिखाते हैं। इस नृत्य की विशेषता यह है कि इसमें कृष्ण अभिसार और राधा अभिसार दोनों को बड़ी खूबसूरती व मिठास से पेश किया जाता है। कुंज में रात के समय कृष्ण अपने गोपियों के संग नाचते-नाचते जब उन्हें भक्ति के रंग में डूबो देते हैं तो अबीर और गुलाल भी उड़ने लगता है। लोकनृत्य में बिंद्योशरी, सनाथोई, लूसी, रोमी, विक्टोरिया, जैलिश, मिलोरी व मीनाक्षी ने अपनी भाव-भंगिमाओं से दर्शकों को मोहित कर दिया।

## युवाओं ने थामा आम आदमी पार्टी का दामन



**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के बढ़ते प्रभाव और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर रविवार को आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में ज्वॉइनिंग की। जिनमें प्रमुख रूप से जगदीश कुमार, खेमराज, संजय कुमार, तरुण कुमार, सतपाल सिंह बघेल, अजय, नितीश, संदीप, कुणाल सिंह यादव, दीपक, कुणाल मिड्ढा, सुनील बघेल, गोपाल सिंह बघेल, नीतीश, संदीप, दीपक, पायल विरमानी, नीमा चौधरी आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। सभी ने पार्टी की नीतियों एवं केजरीवाल की कार्यशैली से प्रभावित होकर सभी ने टोपी एवं पटका पहनकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने युवा साथियों की हौसलाफजाई करते हुए कहा कि पंजाब विधानसभा चुनावों में 117 सीटों में से 92 सीट जीतकर बम्फर जीत हासिल करने के बाद कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह पैदा हो गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 28 मार्च, 2022



## न्याय की अवधारणा

### अदालतों का दृष्टिकोण

**उच्च** अदालतें हत्या के दोषियों के मामले में सजा उलट रही हैं और ऐसे मामलों की संख्या बढ़ रही है। इससे भारतीय न्यायपालिका के समक्ष विश्वसनीयता का संकट पैदा हो रहा है। हत्या के अधिकाधिक मामलों में निचली अदालतों द्वारा दिए जाने वाले मृत्यु दंड व आजन्म कारावास के खिलाफ अपील पर ऊंची अदालतें, गलतियों, विषयनिष्ठता या भावनात्मक दृष्टिकोण के कारण इनको उलट रही हैं। क्या ऐसे में जजों द्वारा अपना रास्ता सुधारने का सुझाव देना ठीक होगा? कभी-कभी अपराध नियंत्रण का दृष्टिकोण कानून लागू करने के बारे में विषयनिष्ठता का कारण हो सकता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हाल में निचली अदालत द्वारा एक मामले में मृत्यु दंड के आरोपी को बरी करने का आदेश दिया। इस पर गौर किया जा सकता है। उच्च न्यायालय ने मृत्यु दंड की पुष्टि हेतु संदर्भित यह मामला अस्वीकार कर आरोपी को रिहा कर दिया। अदालत की आश्चर्यजनक टिप्पणी है, 'प्रमाण में जरा भी सच्चाई नहीं है। अभियोजन का वर्णन तथा उसे सिद्ध करने वाले प्रमाण विश्वास योग्य नहीं हैं। प्रमाण ऐसे नहीं हैं जिन पर अदालत का विश्वास पैदा हो।' यह निचली अदालत द्वारा अपनी गई पूरी प्रक्रिया पर दोषारोपण है। उस आरोपी के आघात व अकल्पनीय मानसिक पीड़ा की कल्पना करें जिसे निचली अदालत ने मृत्यु दंड की सजा दी थी। इस पीड़ा के उसे कौन मुआवजा दे सकता है? इस बात की क्या गारंटी है कि ये गलतियां दुहराई नहीं जाएंगी? क्या न्यायपालिका में ऐसी फीडबैक व्यवस्था है जो ऐसी मूल समस्यायें पैदा होने से रोकती है? प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमना भी सर्वोच्च न्यायालय की ऐसी एक पीठ में शामिल थे जिसने पिछली मई में दफा 302 मामले में निचली



अदालत का निर्णय उलट दिया था।

पद की शपथ लेने के मुश्किल से एक पखवाड़े बाद जस्टिस रमना तथा दो अन्य जजों ने हत्या के एक मामले में उच्च न्यायालय का एक फैसला उलट दिया था। निचली अदालत ने मामले में आरोपी को बरी कर दिया था, पर उच्च न्यायालय ने रिहाई समाप्त कर आरोपी को आजन्म कारावास की सजा दी। आजीवन कारावास की सजा रद्द करते हुए सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने कहा कि प्रस्तुत प्रमाण 'इतना कमजोर है कि उसे संहिता की धारा 302 के अंतर्गत सजा नहीं दी जा सकती है। पहली अदालत ने तथ्यों के आधार पर अपीलकर्ता को बरी कर दिया था। हमें उस तर्क में कोई बड़ी कमी नहीं दिखी जिसके कारण अपीलीय अदालत को अनावश्यक हस्तक्षेप कर दोष निर्णय को उलटना पड़ा।' जस्टिस रमना एक और पीठ में शामिल थे जिसने एक और आजन्म कारावास मामले में लगभग ऐसा ही फैसला दिया था। उचित न्याय के लिए संघर्ष कर रही परियोजना 39ए ने 2016 में एक रिपोर्ट में कहा था कि 2015 तक सुनवाई अदालतों ने लगभग 15 साल में 1700 मामलों में मृत्यु दंड दिए थे लेकिन उनको अंततः बरी कर दिया गया, जबकि लगभग 65.3 प्रतिशत मामलों में उनको आजन्म कारावास में बदला गया। केवल 4.9 प्रतिशत मामलों में सजा की पुष्टि हुई। 2019 में सर्वोच्च न्यायालय ने केवल 6 मृत्यु दंड की पुष्टि की। उच्च न्यायालयों के निर्णयों का भी ऐसा ही विश्लेषण होना चाहिए। इसका अर्थ है कि मृत्यु दंड के अधिकांश मामलों में न्यायिक फैसलों द्वारा निर्धारित उच्च मानक पूरे नहीं होते हैं। इन विसंगतियों के कारणों की जांच होनी जरूरी है। गलत सजा होना गलत ढंग से रिहा करने से ज्यादा खराब है।

# पाकिस्तान में वहाबी आतंकवाद

शिया पूरी तरह से वहाबी आतंकवाद के खिलाफ हैं लेकिन सदियों से इसका तनाव इसके अनुयायियों को सच्चे इस्लाम की हिंसक पुन : व्याख्या का पालन करने के लिए मजबूर करता है।



**हसन खुर्शीद**
(लेखक विधिक पत्रकार हैं)



**इस** क्षेत्र में कट्टर आतंकवादी समूह (संयुक्त राष्ट्र) इस्लामिक स्टेट के सहयोगी, जिसे (गैर) इस्लामिक स्टेट इन खुरासान (आईएसआईके) के रूप में जाना जाता है और जिसका मुख्यालय अफगानिस्तान में है, ने कुचा रिसालदार में एक मस्जिद/इमांबरगाह पर विनाशकारी हमले की जिम्मेदारी ली है। पेशावर में मुख्य रूप से शिया मुस्लिम पड़ोस। 4 मार्च, 2022 को आईएसआईएस के आतंकवादियों ने 'वहाबी' पाकिस्तान के किस्सा ख्वानी बाजार में एक शक्तिशाली आत्मघाती बम के साथ भीड़-भाड़ वाली शिया मण्डली पर हमला किया, जब पीड़ित जुमे की नमाज अदा कर रहे थे। मरने वालों की संख्या तत्काल 68 थी, जबकि लगभग 300 गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

इससे पहले 19 अगस्त 2021 को पाकिस्तान के बहावलनगर में मोहर्रम के जुलूस में पाकिस्तानी आतंकियों ने एक शक्तिशाली बम फोड़कर तीन शियाओं की हत्या कर दी थी और 50 से अधिक लोगों को घायल कर दिया था। उसी वर्ष 8 अक्टूबर को, (संयुक्त राष्ट्र) – इस्लामिक स्टेट (दाएश) के आतंकवादियों ने उत्तरी अफगानिस्तान में शुक्रवार की नमाज के दौरान शिया उपासकों से भरी एक मस्जिद पर हमला किया। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने एक ट्वीट में कहा, 'शुरुआती जानकारी से संकेत मिलता है कि मस्जिद के अंदर एक आत्मघाती विस्फोट में 100 से अधिक शिया मुसलमान मारे गए और घायल हुए।' (जून 2015 में, तत्कालीन ब्रिटिश प्रधान मंत्री डेविड कैमरन ने बीबीसी और अन्य मीडिया घरानों से कहा : 'काश आप इसे आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया; अब केवल आईएस) कहना बंद कर देते हैं क्योंकि यह इस्लामिक स्टेट नहीं है। यह एक जहरीला है। मौत का पंथ जो युवाओं को इसके लिए लड़ने के लिए बहका रहा है।' आईएसआईएस के आतंकवादियों ने 16 अक्टूबर, 2021 को फिर से दक्षिणी अफगानिस्तान में एक शिया मस्जिद पर एक घातक आत्मघाती हमले में 63 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। 8 अक्टूबर के हमले के बाद, आईएस-के ठगों ने एक बयान में कहा कि जब भी संभव होगा, शियाओं को उनके घरों और गढ़ों में अपने नेटवर्क द्वारा निशाना बनाया जाएगा। खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, आईएस समूह के साप्ताहिक अल-नाबा ने 17 अक्टूबर को यह चेतावनी प्रकाशित की थी। इससे पहले, ढ्स्ढ्स के जानवरों ने 12 मई, 2020 को काबुल के दशते-ए-बारचे इलाके में एक प्रसूति अस्पताल पर हमला किया था, जिसमें दो नवजात शिशुओं सहित 13 लोगों की मौत हो गई थी, जिनके लिए पालने से कब्र तक का सफर कुछ ही घंटों तक चला था।

इस्लाम हिंसा पर प्रतिबंध लगाता है और शांति और न्याय को बढ़ावा देता है। कुरान कहता है : 'पैगंबर मोहम्मद को मानव जाति पर दया करने के लिए दुनिया में भेजा गया था (21 :107)। यह स्पष्ट रूप से कहता है : 'अल्लाह शांति की किसी भी गड़बड़ी (2~205) से घृणा करता है।' जब इस्लाम में हिंसा की इजाज़त नहीं है तो उसके नाम पर दुनिया भर में आतंकवाद क्यों है? इस महत्वपूर्ण प्रश्न का उत्तर यह है कि 632 ईस्वी में पैगंबर मोहम्मद की मृत्यु के 50 साल बाद, इस्लाम के सच्चे विश्वास को स्व-घोषित खलीफाओं ने अपने साम्राज्य की स्थापना के लिए एक मंच के रूप में धर्म का उपयोग करने के लिए अरब में इस्लाम के बढ़ते प्रभाव के समर्थन से अपहरण कर लिया था। नतीजा यह हुआ कि तलवार की ताकत से उग्र राजनीतिक सत्ताधारियों ने सच्चे धर्म को विकृत करना शुरू कर दिया।

> **जब इस्लाम में हिंसा की इजाज़त नहीं है तो उसके नाम पर दुनिया भर में आतंकवाद क्यों है? इस महत्वपूर्ण प्रश्न का उत्तर यह है कि 632 ईस्वी में पैगंबर मोहम्मद की मृत्यु के 50 साल बाद, इस्लाम के सच्चे विश्वास को स्व-घोषित खलीफाओं ने अपने साम्राज्य की स्थापना के लिए एक मंच के रूप में धर्म का उपयोग करने के लिए अरब में इस्लाम के बढ़ते प्रभाव के समर्थन से अपहरण कर लिया था।**

यह विनाशकारी प्रक्रिया मुख्य रूप से अनैतिक और कट्टर आतंकवादी यज़ीदीन-मुआविया द्वारा शुरू हुई, जिन्होंने राजनीतिक सत्ता पर कब्जा करने के आपराधिक इरादे से बाहरी रूप से इस्लाम की सदस्यता लेने के बाद, खुद को इस्लाम का झूठा खलीफा और वफादार के नेता के रूप में घोषित किया। और विरोधी आवाजों को शांत करने के लिए अपने ठगों के गिरोह के माध्यम से मुसलमानों को मार रहे हैं। खलीफा की माननीय सीट के वास्तविक उत्तराधिकारी पैगंबर के पोते हज़रत इमाम हुसैन थे, जिनके सही उत्तराधिकार को यज़ीद ने हड़प लिया था। उन्होंने हज़रत इमाम हुसैन से उन्हें वफादारों के नेता के रूप में स्वीकार करने के लिए निष्ठा की मांग की। इमाम हुसैन ने खलीफा के रूप में अपराधी / हत्यारे के प्रति निष्ठा की प्रतिज्ञा करने से इनकार कर दिया। इसके बाद यज़ीद ने 680 ई. में कर्बला (इराक) के रेगिस्तान में हज़रत इमाम हुसैन और उनके परिवार के 72 सदस्यों और साथियों की निर्दयता से हत्या कर दी। यज़ीद ने धर्म की सच्ची शिक्षाओं को विकृत कर दिया और छद्म इस्लाम का उदय हुआ। यह इस्लाम की आड़ में आतंकवाद की शुरुआत थी। हालांकि, आतंकवाद का वर्तमान परिदृश्य सुन्नी मुस्लिम संप्रदाय की एक शाखा, वहाबी/सलाफी विचारधारा के रूप में आतंकवाद के यज़ीद के मॉडल का पुनरुद्धार है। वहाबवाद को ब्रिटिश इतिहासकार चार्ल्स एलन के शब्दों के माध्यम से सबसे अच्छी तरह समझाया जा सकता है, जिन्होंने अपनी पुस्तक गॉड्स टेररिस्ट्स – द वहाबी कल्ट एंड द हिडन रूट्स ऑफ मॉडर्न जिहाद में लिखा है : 'वहाबी आधुनिक इस्लामी आतंकवाद के पीछे मार्गदर्शक विचारधारा है।' अठारहवीं शताब्दी के अंत में, इस्लाम की एक हिंसक असहिष्णु पुन च व्याख्या ने अरब के रेगिस्तान में जड़ें जमा लीं। इसके अनुयायी उनके संस्थापक (शेख मुहम्मद नजदी इब्न अब्द-अल-वहाब) के बाद वहाबी के रूप में जाने गए। वहाबी विचारधारा किताब-अल तौहीद (एकता की पुस्तक) में निहित है, जो मुसलमानों और अन्य लोगों को अपनी वहाबी विचारधारा में जबरन धर्मांतरण करने का प्रावधान करती है, जिसमें वह स्पष्ट रूप से कहते हैं : 'मेरी विचारधारा का पालन करें, अन्यथा मारे जाने के लिए तैयार हो जाओ।'

उनकी विचारधारा का मुस्लिम जनता, विशेषकर शिया मुसलमानों ने कड़ा विरोध किया था। हालांकि, जब विपक्ष उनकी विचारधारा के खिलाफ खड़ा हुआ, तो नजदी एक बेडौइन आदिवासी प्रमुख मुहम्मद-इब्न-सऊद में एक संरक्षक खोजने के लिए काफी चतुर थे। इब्न सऊद अंज़ा बेन वायल के ज़ायोनी जनजाति के थे। इस्लाम सऊदी अरब शासकों का मूल धर्म नहीं है। ज़ायोनी वंश से संबंधित शेख नजदी ने न केवल इब्न सऊद के साथ गठबंधन किया, बल्कि अपनी बेटी की शादी इब्न सऊद के बेटे अब्द-अल-अज़ीज़ इब्न सऊद से भी करवाई। इसके बाद ईमान शेख नजदी का था और तलवार इब्न सऊद की। इस साझेदारी के परिणामस्वरूप एक वंशवादी सरकार की स्थापना हुई, जो अभी भी सऊदी अरब के नाम पर जारी है।

फिर सवाल यह उठता है कि वहाबी आतंकवादी आखिर शिया मुसलमानों को क्यों मारते हैं? इसका उत्तर यह है कि शिया मुसलमान पूरी तरह से वहाबी आतंकवाद के खिलाफ हैं।

# क्या अपने कार्यक्रम बदलेगी भाजपा?

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



**र**विवार, 20 मार्च को प्रिंट मीडिया में एक दिलचस्प बहस देखने को मिली। चर्चा का विषय यह था कि हालिया विधानसभा चुनावों में शानदार विजय के बाद भाजपा अपनी प्रशासनिक विचारधारा पुनः निर्धारित करने के लिए कुछ करेगी। बहस करने वालों को यह जानने की चिन्ता थी कि क्या चुनाव परिणामों से केवल सरकारें बदलेंगी या व्यवस्था में भी कोई परिवर्तन होगा। भाजपा की हिंदूवाद की विचारधारा परंपरागत रूप से भारत की मिट्टी से जुड़ी रही है। वास्तव में दुनिया भर की अधिकांश विचारधारायें एक प्रकार की 'वाद' हैं जिनका संबंध उन सामाजिक-आर्थिक वर्गों से है जिनसे उभर कर वे सामने आई हैं। हालांकि, वे अपने संबंधित देशों की विशिष्ट सोच से उतनी जुड़ी नहीं रही हैं। यह बात पूंजीवाद के संबंध में भी सही है जिसकी जड़ें व्यापारवाद में थीं। समाजवाद और उसके बाद आए साम्यवाद की अवधारणा उन लोगों ने तैयार की थीं जिनका विश्वास था कि धर्म 'जनता के लिए अफीम' है और राष्ट्रवाद अमीर वर्ग द्वारा कामगार वर्ग के शोषण का माध्यम है जिसने उनको जंजीरों में बांध रखा है। इसके एकदम उलट भाजपा की विचारधारा और उससे निकलने वाले कार्यक्रम भारत की अपनी सोच के निकटतम हैं।

किसी देश की मिट्टी से पैदा और विकसित विचारधारा का लाभ यही होता है कि लोग इसे सामान्य रूप से उसी तरह स्वीकार करते हैं जैसे मछली पानी को स्वीकार करती है। लेकिन विदेशों में पैदा सोच से प्रभावित लोग उसे स्वीकार करने में कठिनाई का अनुभव करते हैं। महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रकाशित संपूर्ण रचनाओं के अनुसार डा.बी.आर. अंबेडकर ने इस बारे में अपने विचार बहुत प्रभावशाली ढंग से सामने रखे हैं। जब उन्होंने तय किया कि वे हिंदू के रूप में मरेंगे नहीं तो उस समय वे धर्मान्तरण के लिए दूसरे धर्म पर विचार कर रहे थे। अपनी खोज के रास्ते पर चलते हुए उन्होंने इस्लाम और ईसाइयत को इसलिए अस्वीकार किया क्योंकि उनके शब्दों में 'इनका प्रभाव लोगों पर वि-राष्ट्रीयकरण का होगा।' अन धर्मों का आधार दूसरे देशों में था। अंत में उन्होंने बौद्ध धर्म को चुना क्योंकि इसका जन्म भारत में हुआ था। लगभग 70 साल पहले की गई अपनी पसंद के कारण वे आज दशकों बाद दूरदर्शी व्यक्ति नहीं सिद्ध हुए हैं?

कल्याणवाद या कल्याणकारी राज्य वर्तमान परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण सोच लगता है क्योंकि इसे एक आधार बिंदु माना जाता है जिस पर राजनीतिक विचारधाराओं का मूल्य निर्धारित होता है। राजनीतिक विज्ञान के अधिकांश छात्र इस अवधारणा को पश्चिमी बताएंगे क्योंकि यह सबसे पहले द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन में उभरी थी। इसके बाद से इसका ज्यादा व्यापक प्रयोग उन्नीसवीं शताब्दी के बाद से विकसित सामाजिक कल्याण व्यवस्थाओं का वर्णन करने के लिए किया गया। कल्याणकारी राज्य की मूल अवधारणा में सभी नागरिक शामिल थे, भले ही उनकी आमदनी चाहे जो होती। इसमें जन्म से लेकर मृत्यु तक पूर्ण कल्याण की अवधारणा निहित थी। 1945 में ब्रिटिश मतदाताओं के समक्ष यह महान दिखने वाला वादा किया गया था। लेकिन कल्याणकारी समाज एक परंपरागत अवधारणा है जिसकी जड़ें अनन्त काल से भारत में हैं। इसके लिए हमारे गुरुद्वारों में आयोजित असंख्य लंगरों और मंदिरों में आयोजित असंख्य भंडारों के आगे देखने की जरूरत नहीं है। गरीबों को भोजन देने के साथ ही यह भोजन स्वेच्छा से अमीरों व खाते-पीते लोगों द्वारा दान में दिया जाता था। इस प्रकार यह अमीरों द्वारा जरूरतमंद लोगों तक संपदा का स्वैच्छिक हस्तांतरण है। यह यूरोपीयों द्वारा अमीरों पर भारी टैक्स लगाने की विधि से अलग है। गरीबों को देने के लिए जनता पर टैक्स लगाने का तथाकथित आदर्श विचार एक संदिग्ध कल्पना है। इसका कारण यह है कि टैक्स से एकत्रित संपदा के लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचने की कोई सुनिश्चित व्यवस्था विकसित नहीं हुई है।



पाठ्यपुस्तकों में ऐसे देशों और सरकारों के उदाहरण भरे पड़े हैं जो यह व्यवस्था लागू करने में विफल होकर नष्ट हो गए। स्वर्गीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने एक बार कहा था कि उनके द्वारा गरीबों को भेजे जाने वाले 100 रुपयों में से केवल 15 वास्तव में उन तक पहुंचते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वास्तव में इस यथार्थ से परिचित हैं और उन्होंने लगातार लक्षित लाभार्थियों को सीधे पैसा देने पर जोर दिया है। भारत का एक और यथार्थ प्रत्येक परिवार के लिए कम से कम एक शौचालय प्रदान करना है। वास्तव में इसकी जरूरत कट्टर मुस्लिम महिलाओं के लिए अधिक थी जो अपने घर के बाहर अपना चेहरा नहीं दिखा सकती हैं। अलग शौचालय न होने पर दिन के समय उनका ऐसा करना लगभग असंभव था। विद्वान भले ही विचारधारा के दृष्टिकोण से इस बिंदु को अनावश्यक ठहरा सकते हैं। भारत में हम लोग ऐसी विचारधारा पर सवाल उठाते हैं जिसमें प्रत्येक नागरिक के आराम को अनिवार्य नहीं माना जाता है। मार्क्सवादी व समाजवादी विचारधारा के हजारों पेज भले ही लाभदायक हों, पर वे किसी नेता द्वारा अपने मतदाताओं से किए जाने वाले वादों के संदर्भ में निष्प्रभावी हैं।

एक खास आरोप यह लगता रहा है कि भाजपा मतदाताओं का ध्रुवीकरण करती है। क्या कोई इस बात पर विश्वास करेगा कि यह पार्टी ऐसे आधुनिक लोगों का एक क्लब है जो बिना किसी तर्क या शोर-शराबे के हिंदुओं और मुसलमानों का ध्रुवीकरण करते हैं? योगी आदित्यनाथ को अपने निर्वाचन क्षेत्र के एक खास इलाके में केवल 9 वोट मिले। दूसरे शब्दों में, उनकी पार्टी कहीं भी मुसलमानों के बीच लोकप्रिय नहीं है। मुसलमानों के खिलाफ कुछ भी कर या ध्रुवीकरण करने से भाजपा को इस समुदाय में मिलने वाला थोड़ा बहुत समर्थन भी समाप्त हो जाएगा, फिर चाहे वह पुरुषों के बीच हो या महिलाओं के बीच। यही बात समान रूप से हिंदुओं में महादलितों या सर्वाधिक पिछड़े लोगों पर भी लागू होती है। वर्तमान समय में एक नया सिद्धान्त यह चलाया जा रहा है कि सत्तारूढ़ दल ने परंपरागत चुनावी लोकतंत्र को इतना प्रदूषित कर दिया है कि वह सर्वाधिक महत्वपूर्ण संवैधानिक लोकतंत्र की राह में आड़े आ रहा है। हमारे सामने यह शोध करने की समस्या है कि संवैधानिक लोकतंत्र किस प्रकार चुनावी लोकतंत्र से अलग है। मेरे विचार से केवल यूनान ने तीन वर्गों की अवधारणा पेश की थी जिसमें केवल सर्वोच्च वर्ग का ही महत्व था। शायद मेरा विचार सही हो।

## आप की बात

### रूस-यूक्रेन युद्ध और भारत

**जंग** खत्म हो जाएगी, लीडर हाथ मिला लेंगे लेकिन बूढ़ी माँ बेटे का इंतज़ार करती रह जाएगी। पत्नी बच्चों को झूठा दिलासा देती रह जाएगी कि पापा जल्दी वापस आएंगे। बहन भाई की प्रतीक्षा करती रहेंगी। सोचिये, लड़ा कौन और क़ीमत किसने चुकाई ? एक तरफ़ रूस ने यूक्रेन पर भारतीयों को बंधक बनाने का आरोप लगाया तो दूसरी तरफ़ यूक्रेन ने आरोप ख़ारिज करते हुए रूस पर पलटवार किया। हालांकि इसके बीच ऑपरेशन गंगा के तहत सभी भारतवासी भारत सुरक्षित पहुंच चुके है। भारत, निष्पक्ष होकर रूस यूक्रेन युद्ध में सामंजस्य बिठाने की कोशिश कर रहा है क्योंकि युद्ध किसी भी देश में हो, कहीं पर भी हो उसका असर कहीं न कहीं सभी देश पर होता ही है चाहे वह आयात निर्यात को लेकर हो एवं आर्थिक नुकसान तो होता ही है। भारत, चर्चा कर रहा है वहीं रूस के साथ भी तालमेल बिठाने की कोशिश कर रहा है ताकि कच्चे तेल की कमी के संकट से भारत को न जूझना पड़े। युद्ध की शुरुआत से ही भारत दोनों देशों से संपर्क कर रहा है। यहां तक कि वह अपनी हर कोशिश कर रहा है युद्ध रोकने की। भले भारत का यह रुख पश्चिमी देशों को अखरा है लेकिन, भारत का यही रुख पुतिन के साथ किसी सार्थक बातचीत का पुल भी बन सकता है।

– **निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद

### महत्वपूर्ण बदलाव

**पंजाब** के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने विधायकों के पेंशन फार्मूले में बदलाव करने का फैसला लिया है । चाहे जितनी बार चुनाव जितते हैं, पेंशन एक बार की ही मिलेगी। विधायकों की पेंशन पर यह महत्वपूर्ण बदलाव होगा। सरकारी खजाने से एक पूर्व विधायक प्रतिमाह तीन से चार लाख रुपए लेता है, जो सरकारी खजाने पर भारी भार है । एक तरफ जनता पर महंगाई की मार है, नए-नए प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष करों से मेहनतकशों की कमर तोड़ी जा रही है, वहीं दूसरी तरफ सांसदों विधायकों के लिए कुबेर का खजाना खोलना कहां का न्याय है? इस तरह के गैर योजना गत खर्चों में युक्ति युक्त करण कर कटौती करना तथा जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं इन पैसों से देना सरकार का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए । केंद्र व अन्य राज्य सरकारों में अगर इस प्रकार का फार्मूला है तो वह बदला जाना चाहिए, वन एमएलए, वन पेंशन का फार्मूला देश, जनहित तथा खजाने के हित में होना चाहिए। मान ने रास्ता दिखा दिया है, अन्य सरकारों को भी इसी प्रकार के नीतिगत फैसले लेकर आम जनता पर नए-नए करो से जो बोझ डाला जा रहा है उस से बचाया जाना चाहिए। मान इस फार्मूले में अगर बदलाव करते हैं तो निश्चित ही वे साधुवाद के पात्र हैं।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### संकट की वजह

**अच्छी** खासी अर्थव्यवस्था के चलते अचानक श्रीलंका के हालात बदतर हो गए हैं। आर्थिक एवं खाद्य संकट से घिरे श्रीलंकाई नागरिक बाहर शरण लेने को मजबूर हैं तो वहां रह रहे लोग कई बड़ी दिक्कतों का सामना भी कर रहे हैं। श्रीलंकाई प्रशासन ने इसे नियंत्रित करने का प्रयास नहीं किया तो वहां जनता और सरकार के बीच बड़ा संघर्ष देखने को मिल सकता है। श्रीलंका सरकार की नाकाम नीतियों से वहां एक बड़ा संकट पैदा हो गया है। अर्थ के साथ खाद्य व्यवस्था के चरमराने से हाहाकार मचा है। देश के नागरिक पड़ोसी देशों की शरण ले रहे हैं। तमिलनाडु में भी हजारों शरणार्थी शिविरों में रहने को मजबूर हैं। लंका सरकार की इस मामले में गलत नीतियों की सजा निर्दोष नागरिकों को उठाना पड़ रही है। हमारे देश में भी कोरोना काल से लेकर अब तक कई बड़े फैसले इन दोनों क्षेत्रों में हुए हैं। भारत के संबंध में इनके सही/गलत का अनुमान फिलहाल तो संभावनाओं से परे है मगर लंका ही परिप्रेक्ष्य में उनका आंकलन जरूरी हो जाता है। भले ही हम पूर्ण रूप से सुरक्षित है फिर भी हमें सतर्क तो रहना ही पड़ेगा।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हमें** जल संरक्षण को बढ़ावा दे कर टिकाऊ ग्रह के निर्माण में अपना योगदान करना चाहिए।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**धर्मांतरण**-विरोधी कानून की क्या जरूरत जब आईपीसी में जबरन धर्मांतरण के खिलाफ प्राविधान हैं।

– **भूपेंद्र सिंह हुड्डा**
हरियाणा में विपक्ष के नेता



**कोई** व्यक्ति स्वतंत्र इच्छा से अपना धर्म बदल सकता है, पर दबाव या लालच के प्रयोग से नहीं।

– **मनोहर लाल खट्टर**
हरियाणा के मुख्यमंत्री

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 28 मार्च, 2022



# यूनाइटेड किंगडम यूपी का साझेदार बनने को तैयार: उच्चायुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने मुख्यमंत्री को दी बधाई
- दक्षिण एशिया के लिए यूके सरकार के व्यापार आयक्त और भारत में ब्रिटेन की उप उच्चायुक्त सरकार के नए मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ परिचयात्मक बैठकों के लिए शीघ्र ही लखनऊ आएंगे

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ को भारत में ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने ब्रिटिश सरकार की ओर से मुख्यमंत्री के रूप में लगातार दूसरी बार निर्वाचित होने के लिए पत्र लिखकर बधाई दी हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलने की इच्छा भी व्यक्त की है। भारत में ब्रिटेन के उच्चायुक्त ने पत्र में उल्लेख किया है कि वर्ष 2021 में भारत और यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्रियों के बीच आपसी सम्बन्धों के मद्देनजर हुई सहमति के 10 वर्ष के रोड मैप के अनुसार यूनाइटेड किंगडम उत्तर प्रदेश के लिए एक प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय साझेदार बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तथा उनके बीच हुई पिछली मुलाकात के दौरान दोनों के मध्य व्यापार और निवेश बढ़ाने के सम्बन्ध में जो विचार विमर्श हुआ था, उस पर वे कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पिछली बैठक के बाद से कई एजेण्डा मदों पर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। ब्रिटिश काउंसिलिंग के नए गोइंग ग्लोबल पार्टनरशिप एक्सप्लोरेटरी ग्रांट्स के अन्तर्गत शिक्षा पर यूके के तीन संस्थानों ने नोएडा में एमिटी विश्वविद्यालय के साथ एक सहयोग किया है, ताकि विजेताओं को यूपी और यूनाइटेड किंगडम के विश्वविद्यालयों के बीच अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा और शिक्षण सहयोग के लिए मजबूत रणनीतियों को विकसित करने में मदद मिल सके।

एलेक्स एलिस ने कहा कि ब्रिटिश काउंसिल द्वारा प्रदान किए गए दोस्तों के साथ अंग्रेजी सीखें डिजिटल लर्निंग संसाधनों के माध्यम से 750 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की छात्राओं ने सामयिक शब्दावली सीखी है और संवादात्मक अंग्रेजी में अपनी क्षमता विकसित करने वाले सरल संवादों और वाक्यांशों का उपयोग करके तुरन्त इसका अभ्यास किया है। श्री एलिस ने कहा कि दक्षिण एशिया के लिए यूके सरकार के व्यापार आयुक्त एलेन गेमेल और भारत में ब्रिटेन की उप उच्चायुक्त जैन थॉम्पसन उत्तर प्रदेश सरकार के नए मंत्रिमण्डल के सदस्यों के साथ परिचयात्मक बैठकों के लिए शीघ्र ही लखनऊ आएंगे।

उत्तर प्रदेश में पहले से ही कई ब्रिटिश कम्पनियां अपना निवेश कर चुकी हैं। जिनमें वैबले एण्ड स्कॉट शामिल हैं। इस कम्पनी का संयंत्र हरदोई में स्थापित किया गया है और इसमें 55 लोगों को नौकरियां मिली हैं। कम्पनी अगले 12 महीनों में एक नया उत्पादन कारखाना स्थापित करने की योजना बना रही है। जिसके माध्यम से 150 लोगों को रोजगार मिलेगा। निवेश करने वाली अन्य ब्रिटिश कम्पनियों में ट्रिनिटी नैचुरल गैस, हिन्दुस्तान यूनीलिवर, एसोसिएटेड ब्रिटिश फूड्स शामिल हैं। ब्रिटिश उच्चायुक्त ने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि मेरठ में हाल ही में शुरू की गई मेजर ध्यानचन्द स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का वे स्वागत करते हैं। इसके माध्यम से खेलों में और सहयोग के अवसर को देखा जा सकता है। इसमें सर्वोत्तम खेल सफलता प्रदान करने के लिए तंत्र और संरचनाओं में यूके की विशेषज्ञता साझा करना शामिल हो सकता है। सुरक्षा और पुलिस आधुनिकीकरण के सम्बन्ध में ब्रिटेन के उच्चायुक्त ने कहा कि सितम्बर, 2021 में उत्तर प्रदेश–यूनाइटेड उद्योग पुलिस आधुनिकीकरण संगोष्ठी के पश्चात् इस सम्बन्ध में आगे कार्य किया जा सकता है, ताकि आधुनिक साक्ष्य संग्रह फॉरेंसिक और साइबर सहित अपनी सुरक्षा क्षमता विकसित करने में उत्तर प्रदेश का सहयोग किया जा सके। श्री एलेक्स एलिस ने कहा कि वे यूके और उत्तर प्रदेश के बीच अनुसंधान सम्बन्धों की शक्ति को भी उजागर करना चाहते हैं।

यूके रिसर्च एण्ड इनोवेशन ने पिछले 12 वर्षों में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न संस्थानों में 43 मिलियन पाउंड से अधिक का वित्त पोषण किया है। लंदन स्कूल ऑफइकोनॉमिक्स आपसी आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ाने के लिए डिजिटल उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र पर आईआईटी कानपुर के साथ सहयोग कर रहा है।

# योगी की नयी पारी में गांवों के विकास पर होगा फोकस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



- पांच साल में गांवों की सूरत बदलने का लक्ष्य

**करीब** सत्तर फीसदी ग्रामीण आबादी वाले उत्तर प्रदेश के लिए आने वाले पांच साल बेहद खास होने जा रहे हैं। हर मजरे तक बिजली की रोशनी और गांव–गांव में सड़कों का जाल बिछाने के बाद योगी सरकार में गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को लेकर काम होना है। योगी सरकार में पंचायतों को और सशक्त बनाने के साथ साथ गांवों में आधारभूत सुविधाओं के विकास और रोज़गार सृजन की संभावनाओं को जमीन पर उतारने को लेकर ठोस कार्ययोजना तैयार हो रही है।

अगले 5 साल के विजन और मिशन पर उच्चाधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गांव और गरीब की उन्नति पर खासा फोकस रखा। पहली ही बैठक में सीएम ने साप्ताहिक गांव दिवस अयोजन के निर्देश दिए। गांव, ग्रामीण, किसानों की शिकायतों और समस्याओं के समाधान में देरी न हो। इसके लिए मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के विकास को लेकर महिलाओं में काफी जागरुकता है और उत्तरप्रदेश में 43 फीसदी महिलाएं ग्राम प्रधान हैं। बीते 5 वर्षों में हर ग्राम पंचायत को सचिवालय भवन की सौगात देने के साथ साथ यहां पंचायत सहायकों की तैनाती की गई है। पंचायत भवन बनने के साथ उन्हें ऑप्टिकल फाइबर से भी जोड़ा जा रहा है। डिजिटल तकनीक से लैस यह सचिवालय भवन शासन की तमाम योजनाओं से जुड़ने में ग्रामीण जनता के लिए उपयोगी होंगे।

गांवों के विकास के लिए कल्याण सिंह ग्राम उन्नत योजना से गांवों का समग्र विकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हर गांव को मुख्य सड़क से जोड़ा जाएगा। गांवों में पक्के ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था बनाकर जल निकासी की समस्या को दूर किया जाएगा।

# नए कलेवर और तेवर में नजर आएगी यूपी पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- सीएम के निर्देश पर पुलिस की सभी इकाइयों में चल रही तैयारी, जिला, रेंज और जोन स्तर पर होगा व्यापक बदलाव

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के देश के अंदर कानून व्यवस्था और पुलिसिंग को श्रेष्ठ बनाने के निर्देश पर गृह विभाग और पुलिस महकमा अमलीजामा पहनाने जा रहा है। इसे लेकर पुलिस की सभी इकाइयों में तैयारी चल रही है। आने वाले समय में जिला, रेंज और जोन स्तर पर भी बदलाव नजर आएगा। मिशन शक्ति फेज वन फेज टू की सफलता के बाद फेज थ्री को नए कलेवर और तेवर में शुरू करने की योजना बनाई जा रही है। सीएम के निर्देश पर डीजीपी मुख्यालय जल्द गृह विभाग को ब्योरा सौंपने वाला है।

विधानसभा चुनाव में कानून व्यवस्था को लोगों ने जमकर सराहा और अपना समर्थन भी दिया। इसके लिए प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और रक्षामंत्री से लेकर केंद्रीय स्तर के कई बड़े नेताओं ने सीएम योगी की प्रशंसा की थी। अब सीएम योगी ने गृह विभाग को कानून व्यवस्था और पुलिसिंग को लेकर बड़ा टास्क दिया है। इसे लेकर गृह विभाग में अपर मुख्य सचिव गृह और डीजीपी समेत अन्य विभागीय अधिकारियों की बैठक हो चुकी है। इसमें डीजीपी ने करीब पांच सौ पेज का प्रजेंटेशन दिया था। यूपी पुलिस को देश में नंबर एक बनाने के लिए पुलिस की सभी इकाइयों से शून्य से दो साल तक सूक्ष्म, दो से पांच साल तक लघु और पांच साल से अधिक पर दीर्घकालिक ब्योरा मांगा गया है। इसमें मानव संसाधन से लेकर, तकनीकी का अधिक से अधिक उपयोग और इस पर आने वाले खर्च का भी ब्योरा मांगा गया है।

भाजपा के लोक कल्याण संकल्प पत्र में कानून व्यवस्था और पुलिसिंग से संबंधित सभी संकल्पों को लेकर डीजीपी मुख्यालय अलग से तैयारी कर रहा है। 18 मंडलों में एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन यूनिट की स्थापना, मेरठ में कोतवाल धन सिंह गुर्जर अत्याधुनिक पुलिस ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना, आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए देवबंद, मेरठ, रामपुर, आजमगढ़, कानपुर और बहराइच में एंटी टेररिस्ट कमांडो सेंटरों की स्थापना, हर पुलिस स्टेशन में साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना सहित अन्य संकल्पों को पूरा करने के लिए जल्द रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

गृह विभाग के मुताबिक पुलिस की सभी इकाइयों में तकनीक का भरपूर उपयोग किया जाएगा। तकनीकी के उपयोग से ही पुलिस कंट्रोल रुम को और मजबूत किया जाएगा। लोगों को पुलिस की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जनोपयोगी सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा और उन्हें सिंगल विंडो सिस्टम से जोड़ा जाएगा। अभियोजन विभाग को और अधिक मजबूत किया जाएगा ताकि अपराधियों को प्रभावी पैरवी कर जल्द अधिकतम सजा दिलाई जा सके।

सीएम योगी का संकल्प महिलाओं और बेटियों को सुरक्षित, सशक्त और स्वावलम्बी बनाने का है। मिशन शक्ति अभियान के तहत सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। महिलाओं को कानूनी सहायता दिलाने के लिए सभी थानों में 10370 महिला बीट का गठन किया गया है। प्रदेश में पहली बार 20740 महिला सिपाहियों को बीट पुलिस अधिकारी बनाया गया है। सीएम योगी के निर्देश पर महिला बीट अधिकारी सप्ताह में एक दिन गांवों में जाएंगीं और महिलाओं की समस्याओं के समाधान की दिशा में जागरूक करेंगीं।

# संचारी रोग नियंत्रण में अब तय होगी नगर निकायों की जवाबदेही

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गर्मी के** मौसम में फैलने वाले संचारी रोगों और दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरह अब नगर निकायों की जवाबदेही तय की जाएगी। प्रभावी नियंत्रण की कार्यवाही में लापरवाही होने पर नगर निकाय के अधिकारियों के खिलाफ भी अनुशासनात्मक व प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी। संचारी रोगों के नियंत्रण के मामले में यह व्यवस्था पहली बार की जा रही है। हर साल गर्मी के मौसम में संचारी रोगों और दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण सरकार की उच्च प्राथमिकताओं में हैं। इस रोग के प्रसार को रोकने व नियंत्रण में लापरवाही के लिए अब तक सिर्फ स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों का ही दायित्व निर्धारित किया जाता था जबकि तमाम विभागों की लापरवाही की वजह से भी इन रोगों का प्रसार होता है। इसके मद्देनजर मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने समीक्षा की तो पाया कि इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ ही कई विभागों के स्तर पर दायित्व निर्धारित कर दिया जाए तो इस रोग को शुरुआती दौर में ही काबू पाया जा सकता है। मुख्य सचिव के निर्देश पर अब स्वास्थ्य विभाग की तरह नगर निकायों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

# खाद्यान्न वितरण 20 अप्रैल से पहले शुरू होगा: मुख्य सचिव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



- प्रदेश में योजनाओं का बेस तैयार, अब इसको रफ्तार देने की आवश्यकता
- गेहूं खरीद में किसानों को खड़े न रहना पड़े, इसके लिये पहली बार टोकन की व्यवस्था: दुर्गा शंकर मिश्र

**प्रदेश** के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्यान्न योजना को आगामी 30 जून तक के लिये पुन: बढ़ा दिया है। खाद्यान्न वितरण 20 अप्रैल से पहले शुरू हो जायेगा। उन्होंने यह भी कहा है कि 5 सालों के अन्दर बहुत सारे अच्छे काम हुये हैं अब सभी अधिकारियों को अपने आप से कम्पटीशन करना है। प्रदेश में योजनाओं का बेस तैयार हो चुका है अब इसको रफ्तार देने की आवश्यकता है।

मुख्य सचिव लोक भवन स्थित सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों से अवगत कराते हुए गेहूं खरीद के सम्बन्ध में निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर इकोनॉमी बनाने के लिये सभी सेक्टरों को कार्य करना होगा। इसमें सर्विस सेक्टर और इंडस्ट्री की महत्वपूर्ण भूमिका है। एग्रीकल्चर एवं फूड प्रोसेसिंग की ग्रोथ बढ़ाकर इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिये हैं कि रेहड़ी, पटरी वाले व्यवसायियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लाभान्वित कराने के लिये जिलाधिकारी विशेष रुचि लें। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत सभी जिलाधिकारियों को अवार्ड सिस्टम में रखा गया है जिस जनपद का कार्य सराहनीय होगा, वहां के जिलाधिकारी को सम्मानित किया जायेगा। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि प्रदेश में योजनाओं को धरातल उतारने के लिए तकनीकी पर विशेष जोर दिया जाये। प्रदेश में ई–आफिस को बढ़ावा दिया जाये। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किसानों, मजदूरों एवं कामगारों के प्रति पूरी संवेदना रखी जाये। सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता का पूरा ख्याल रखा जाये। आईजीआरएस सिस्टम पर आने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। विभागों में खाली पदों पर शीघ्र भर्ती सुनिश्चित की जाए। ग्राम चौपाल के माध्यम से ग्रामवासियों की समस्याओं का निदान गांव में ही किया जाये। जिलाधिकारी टीबी कैम्पेन को सफल बनाने में पूरा सहयोग प्रदान करें। बोर्ड परीक्षायें बिल्कुल नकल विहीन होनी चाहिये। सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी 1 अप्रैल से शुरु हो रही गेहूं खरीद सुचारु रूप से संपन्न करायी जाए। तीन दिन के भीतर किसानों को गेहूं क्रय का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। केन्द्रों पर किसानों के लिये गेहूं क्रय के लिए क्रय केन्द्र प्रभारी की नियुक्ति समय से कर ली जाए। गेहूं क्रय स्थल प्रदर्शित करने के लिए निर्धारित बैनर लगाए जाएं। कृषकों के छायादार स्थान पर बैठने की तथा पीने की सुविधा होनी चाहिये।

# नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण आज व कल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- विधानसभा मण्डप में होगा कार्यक्रम

**उप्र** विधानसभा चुनाव 2022 में मिली जीत के बाद योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है उनके साथ मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण की, इसके बाद अब सभी नवनिर्वाचित विधायकों को सोमवार 28 व मंगलवार 29 मार्च को शपथ दिलाई जाएगी।

नवनिर्वाचित प्रोटेम स्पीकर रमापति शास्त्री विधान सभा के सभा मंडप में सभी को शपथ दिलाएंगे। सबसे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ को शपथ दिलाई जाएगी, शपथ ग्रहण कार्यक्रम जारी कर सभी विधायकों को इसकी सूचना दे दी गई है। विधायकों की शपथ ग्रहण को लेकर प्रोटेम स्पीकर की सहायता के लिए वरिष्ठ विधायक सुरेश कुमार खन्ना, जय प्रताप सिंह, रामपाल वर्मा और माता प्रसाद पांडेय नियुक्त किए गए हैं। शपथ ग्रहण कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरु होगा। विधायकों को शपथ ग्रहण कराए जाने के कार्यक्रम की पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। इसमें सबसे पहले उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ विधायक के तौर पर शपथ लेंगे, इसके बाद एक एक कर सभी विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी।

# नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर भाजपा संगठन में चल रहा गहन मंथन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** सभा का मिशन पूरा करने के बाद अब भाजपा अपने अगले मिशन 2024 को लेकर जुट गई है। योगी सरकार के मंत्रिमंडल का गठन भी क्षेत्रीय व जातीय संतुलन को देखते हुए किया गया है। अब इसी समीकरण को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष पद की कमान किसको दी जाए इस पर संगठन में मंथन चल रहा है। वह इसलिए क्योंकि जिस किसी की भी अध्यक्षता में पार्टी चुनाव लड़ेगी सारा दारोमदार उसी प्रदेश अध्यक्ष का होगा। ऐसे में किसे चेहरा बनाया जाए कि ताकि लोकसभा चुनाव में पार्टी को इसका लाभ मिल सके इस पर मंत्रणा जोरों पर है। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को कैबिनेट मंत्री बना दिया गया है इसलिए तय है कि संगठन की कमान अब नए हाथों में सौंपी जाएगी। पार्टी 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के सफल फार्मूले पर भरोसा जताते हुए फिर से ब्राह्मण को प्रदेश अध्यक्ष बना सकती है लेकिन मंत्रिमंडल के गठन की समीक्षा करने पर स्थितियां कुछ अलग ही दर्शा रहा हैं कि संगठन सवर्ण के अलावा अन्य जातियों पर भरोसा कर सकती है। विधानसभा चुनाव की जीत में केंद्र और राज्य सरकार के डबल इंजन ने ताकत लगाई तो उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका सरकार और संगठन के डबल इंजन की रही। योगी सरकार–2.0 के गठन में 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव की तैयारी की झलक भी नजर आ रही है। क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों को खूब ख्याल रखा गया है। पिछड़ों और अनुसूचित वर्ग को मंत्रिपरिषद में तवज्जों मिली है तो ब्राह्मण समाज से आठ मंत्री बनाकर सरकार ने उस अफवाह को भी पूरी तरह बेदम कर दिया है कि भाजपा सरकार में इस वर्ग की अनदेखी की गई। अब बारी संगठन की है। एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत को अपना चुकी भाजपा अब स्वतंत्र देव सिंह के स्थान पर किसे प्रदेश अध्यक्ष बनाएगी ? 2017 से पहले केशव प्रसाद मौर्य और 2022 के चुनाव से पहले स्वतंत्रदेव सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था।

# गेहूं किसानों को फिर बोनस देने की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- समर्थन मूल्य के अलावा बीस से तीस रुपया प्रति कुन्तल मिल सकती है अतिरिक्त धनराशि

**सत्ता** की बागडोर संभालने के तुरंत बाद गरीबों को मुफ्त राशन का तोहफा देने वाली योगी सरकार राज्य के गेहूं किसानों को बोनस देने की तैयारी कर रही है। केन्द्र सरकार द्वारा तय किये गये समर्थन मूल्य के अलावा सफाई, भाड़ा तथा अन्य खर्च के रूप में योगी सरकार 20 से 30 रूपये प्रति कुन्तल का बोनस किसानों का देने की तैयारी कर रही है।

सीएम की तरफ से इस बारे में खाद्य एवं रसद विभाग के अफसरों को जरूरी दिशा निर्देश दिये गये हैं। जिसके बाद शासन तथा खाद्य एवं केन्द्र विभाग में कवायद शुरू हो गई हैं। सरकार ने इस बार गेहूं का समर्थन मूल्य 2015 रुपया प्रति कुन्तल तय किया है। योगी सरकार ने समर्थन मूल्य पर 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं किसानों से खरीदने का निर्णय लिया है। विदित हो कि न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत गेहूं खरीद के लिए पंजीयन शुरू हो गया है। तय कार्यक्रम के मुताबिक पहली अप्रैल से 15 जून तक गेहूं की खरीद होगी। सरकार ने वर्ष 2022–23 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2015 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं विक्रय के लिए हर किसान को खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। हालांकि खरीफविपणन वर्ष 2021–22 में धान खरीद के लिए पंजीकरण करा चुके किसानों को दोबारा पंजीयन की जरूरत नहीं है। बस पुराने विवरण को ही अपडेट करके लॉक करना होगा। किसानों को गेहूं के मूल्य का भुगतान उनके बैंक खाते में ही होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही कह चुके हैं कि किसी भी क्रय केंद्र पर किसानों को समस्या न हो। हर जगह गेहूं की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम भी किए जाएं।

# बसपा की सभी कमेटियां भंग, आकाश आनंद बने नेशनल कोआर्डिनेटर

- हार के लिए मायावती ने फिर ठहराया मुसलमानों को जिम्मेदार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विधानसभा** चुनाव में करारी हार के लिए बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर मुसलमानों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि दलित व मुस्लिम का वोट मिल जाता तो बसपा चुनाव जीत जाती। रविवार को प्रदेश कार्यालय में सभी पदाधिकारियों, कोआर्डिनेटरों और हारे हुए प्रत्याशियों की समीक्षा बैठक में बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रदेश की सभी कमेटियों को भंग कर दिया। इसके साथ ही भतीजे आकाश आनंद को बसपा का नेशनल कोआर्डिनेटर बनाये जाने के साथ ही तीन को स्टेट प्रभारी नियुक्त किया गया है।

मायावती ने कहा कि इस चुनाव में बीएसपी से भी जुड़ा मुस्लिम समाज का वोट एकतरफा सपा में जाते दिखा तब फिर यहाँ हिन्दू समाज ने भी बीजेपी सरकार की नीतियों व कार्यशैली से दु:खी होते हुये भी यह सोचकर अपना अधिकांश: वोट बीजेपी को ही दे दिया कि कहीं यहाँ फिर से सपा का गुण्डा, माफिया, आतंकी, हल्ला बोल व भ्रष्ट राज आदि वापिस ना आ जाये। जिसकी खास वजह से सपा तो सत्ता में नहीं आ सकी है बल्कि बीजेपी ही पुन: यहाँ सत्ता में जरूर वापिस आ गई है। भाजपा के सत्ता में वापस आने से बसपा को जबरदस्त राजनैतिक नुकसान हुआ। इसके लिए सपा और अधिकांश मुस्लिम समाज पूरी तरह से जिम्मेदार व कसूरवार है। मायावती ने कहा कि सपा सरकार में खासकर अपरकास्ट समाज व अति पिछड़ा वर्ग उनके यादवों, गुंडों और माफियाओं के आतंक से भयभीत रहता है। इन सभी को हमें बसपा में वर्ष 2007 की तरह फिर से कैडर के जरिये जोड़ना है। उन्होंने कहा कि चुनाव में बीएसपी को कमजोर व खत्म करने के लिए बीजेपी ने भी एक सोची समझी रणनीति व साजिश के तहत अपने आरएसएस के जरिये इस बात का भी हमारे लोगों के बीच में यह काफी गलत प्रचार करवाया है कि यूपी में बीएसपी की सरकार नहीं बनने पर फिर हम आपकी बहनजी को देश का राष्ट्रपति बनवा देंगे। इसीलिए आपको बीजेपी को सत्ता में आने देना चाहिये, जबकि वास्तव में मेरे लिए देश का राष्ट्रपति बनना तो बहुत दूर की बात है बल्कि इस बारे में मैं अपने सपने तक में भी ऐसा बनने को लेकर कुछ सोच भी नहीं सकती हूँ। मायावती ने कहा कि बदले हुये राजनैतिक हालातों को खास ध्यान में रखकर ही पार्टी ने यूपी में अपने संगठन के स्वरूप में भी कुछ जरूरी तब्दीली की हैं। यूपी प्रदेश अध्यक्ष नहीं बदला जायेगा। यूपी स्टेट का भी पार्टी के तीन वरिष्ठ लोगों को यहाँ का स्टेट का प्रभारी यानि की स्टेट कोओर्डिनेटर बनाया गया है। ये तीनों लोग मिलकर हर महीने मुझे रिपोर्ट भी जरूर देंगे। इनमें मुनकाद अली, पूर्व सांसद मेरठ से, राजकुमार गौतम, बुलन्दशहर से तथा डा. विजय प्रताप, पूर्व एमएलसी आजमगढ़ से शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अब मेरी ज़िन्दगी का एक–एक पल पूरे देश में अपनी पार्टी को हर स्तर पर मजबूत बनाने पर ही लगेगा। इस कार्य में मैने आकाश आनन्द को भी, आल इण्डिया का अपनी पार्टी का नेशनल कोओडीनेटर भी बनाया हुआ है।

## बसपा से गुड्डू जमाली होंगे आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में प्रत्याशी

**लखनऊ।** विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद बसपा ने आजमगढ़ में लोकसभा उप चुनाव के लिए गुड्डू जमाली को प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया है। रविवार को इसकी घोषणा समीक्षा बैठक के दौरान बसपा सुप्रीमो मायावती ने की है। जमाली ने विधानसभा चुनाव से पूर्व बसपा को अलविदा कह दिया था और एआईएमआईएम से मुबारकपुर विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार थे। बसपा में जमाली की वापसी से एआईएमआईएम को बड़ा झटका लगा है। विधानसभा चुनाव में एआईएमआईएम से केवल जमाली ही एक ऐसे प्रत्याशी थे, जो अपनी जमानत बचा सके थे। विधानसभा चुनाव में गुड्डू जमाली चौथे नंबर पर रहे थे और उन्हें 36419 वोट मिले थे। इस सीट से समाजवादी पार्टी के अखिलेश ने परचम लहराया, जबकि बहुजन समाज पार्टी दूसरे और बीजेपी को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा था।

# सपा प्रतिनिधि मण्डल कल जाएगा जौनपुर

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल जनपद जौनपुर जायेगा। प्रतिनिधिमण्डल ग्राम पंचायत देवरिया पोस्ट लेधुका थाना बदलापुर में 24 मार्च 2022 को पुलिस द्वारा दलित महिलाओं के साथ मारपीट तथा उत्पीड़न की जांच तथा पीड़ित परिवार से मुलाकात हेतु 29 मार्च 2022 को जाएगा।

## पुण्यतिथि पर सपा मुखिया ने बेनी प्रसाद को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा की पुण्यतिथि पर रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी मुख्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अपिर्त की। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता बेनी प्रसाद वर्मा ने संगठन और सरकार दोनो जगह किसानों, पिछड़ों और वंचितो की आवाज उठाई और उनके लिए संघर्ष किया। उन्होंने समाजवादी आंदोलन को मजबूती दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने भी स्वर्गीय बेनी बाबू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भाजपा छल-कपट के रास्ते पर चलने की अभ्यस्त: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की नहीं है। वह जनविरोधी कार्य करती है। वह छल कपट के रास्ते पर चलने की अभ्यस्त है। भाजपा समाज को बांटने का काम करती है। भाजपा की छल बल और नफरत की रणनीति से देश और समाज को बचाना है। सपा प्रमुख अखिलेश ने यह बात रविवार को सपा मुख्यालय में तैलिक, साहू, राठौर, गुप्ता समाज के संगठन के प्रतिनिधियों से भेंट के दौरान की। की। भेंटकर्ताओं में पूर्व विधायक एवं तैलिक महासंघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राकेश राठौर, विधायक जयकिशन साहू तथा जगजीवन प्रसाद एमएलसी के नाम उल्लेखनीय है। इस मौके पर प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से अपेक्षा की है कि वे सामाजिक न्याय दिलाने के संघर्ष को परिणाम तक पहुंचाएंगे। सपा मुखिया अखिलेश ने कहा कि भाजपा जातीय जनगणना की मांग की उपेक्षा करती आई है क्योंकि वह आबादी के आधार पर सभी को उनका हक एवं सम्मान नहीं देना चाहती है। समाजवादी पार्टी ही इसके लिए बराबर मांग करती रही है। सबका भरोसा समाजवादी पार्टी पर ही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सत्ता पर एकाधिकार करना चाहती है। उसके कार्यकाल में कुछ हाथों में पूंजी केन्द्रीयकृत हो चुकी है। वह झूठ को ताकत मानती है। भाजपा राज में कालाधन की समानांतर अर्थव्यवस्था चल रही है। राष्ट्रीय सम्पत्तियाँ बिक रही हैं। बैंकों में जनधन की लूट हो रही है। आरक्षण समाप्त करने की भाजपा द्वारा साजिश की जा रही है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने के साथ उन पर कब्जा करने का काम कर रही है। संविधान को खतरा है। भाजपा के समय महंगाई बढ़ी है। पेट्रोल, डीजल, रसोई, गैस के दाम बढ़े हैं। किसान और नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं। भाजपा राज में गरीब के सस्ते इलाज की व्यवस्था नहीं है। बेरोजगारी का संकट बढ़ता जा रहा है। सरसों का तेल अडानी बेच रहा है। रिफाइण्ड के नाम पर नकली धंधा पनपाया जा रहा है। सरसों की खेती एवं भारतीय तेल कारोबारियों का धंधा चौपट किया जा रहा है।

## सिधौली में सड़क पर उतरा अफसरों का लाव-लश्कर

# अतिक्रमणकारियों को चेतावनी

- कोतवाल व ईओ ने शीघ्र अवैध कब्जे हटाने के दिए निर्देश
- कहा- इसके लिए चलाया जाए व्यापक अभियान
- सिधौली में अतिक्रमण से आए दिन सड़कों पर लगता है घंटों लंबा जाम
- खुद हटा लें कब्जे वरना होगी कार्रवाई

संवाददाता। सिधौली सीतापुर

**सीतापुर की** सिधौली नगर पंचायत में रविवार को कोतवाली प्रभारी और अधिशासी अधिकारी दल-बल के साथ सड़कों पर निकले तो हर किसी की धड़कनें बढ़ गईं। सिधौली के आम नागरिक ही नहीं व्यापारी भी बेचैन हो उठे कि अफसरों का लाव लश्कर आखिर सड़क पर क्यों उतर पड़ा है। नगर भ्रमण कर अफसरों ने जो अपील और चेतावनी दी उससे कइयों के माथे पर बल पड़ गए जबकि अधिकतर लोगों के चेहरों पर सुकून दिखाई दिया। दरअसल, अपील और चेतावनी नगर की बड़ी समस्या अवैध अतिक्रमण को लेकर जारी की गई थी। अतिक्रमण से सिकुड़ी सड़कों पर आए दिन लगने वाला जाम लोगों के लिए नासूर बन चुका है। अफसरों की इस कार्यशैली से आम नागरिक खुश दिखाई दिए, क्योंकि विकराल समस्या जाम से राहत मिलने की उम्मीद नजर आई है। दरअसल, अवैध अतिक्रमण से सिधौली नगर की तहसील रोड, मिश्रिख और महमूदाबाद रोड तथा बिसवां चौराहा आदि पर आए दिन जाम की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। राहगीर घंटो जाम से जूझते हैं। इसी के चलते अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध नगर पंचायत के ईओ द्वारा तीन दिन से लगातार एक प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों से अपील की जा रही है कि कोई भी पटरी दुकानदार अथवा नगर पंचायत क्षेत्र में सड़कों पर किसी भी तरह का अवैध अतिक्रमण ना करे। रविवार को ईओ सर्वेश शुक्ला के नेतृत्व में कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी व राजस्व निरीक्षक रामफल वर्मा तथा लेखपालों की संयुक्त टीम ने नगर के तहसील रोड पर चेतावनी अभियान चलाया। अवैध अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी देते हुए तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। कहा कि अगर अतिक्रमण कारियों ने खुद अतिक्रमण नहीं हटाया तो वह अपने स्तर से हटवाएंगे।

## गैस सिलेंडर में आग लगने पर बचाव के तरीकों की दी जानकारी

**सीतापुर।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत कसमंडा के भारत गैस एजेंसी के स्टाफद्वारा ग्रामीणों गैस सिलेंडर में आग लगने पर बचाव के तरीकों की जानकारी दी गई। हरिहरपुर जमरखा में आयोजित कार्यक्रम में डॉ शिव नाथ रावत की उपस्थिति में गैस एजेंसी के स्टाफने सिलेंडर के उपयोग की विधि, जलाने से पहले रेगुलेटर को चेक करने एवं उसमें लगी पाइप को चेक करने, सिलेंडर में आग लग जाने पर बचाव के तरीकों इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर कसमंडा गैस एजेंसी के मैनेजर अजय प्रकाश सिंह, दिवाकर सिंह, कन्हैया, सुधीर रावत, सौरभ सिंह, प्रवीण सिंह, कल्लू सिंह, शांति देवी, प्रदीप आदि मौजूद थे।

## उ.प्र.जू.हा.शि. संघ पूरी ऊर्जा से कार्य कर रहा-सत्यप्रकाश मिश्र

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ सीतापुर का त्रैवार्षिक अधिवेशन शहर में हरदोई चुंगी के निकट स्थित श्याम गेस्ट हाउस में हुआ। अधिवेशन हरदोई के कैलाशनाथ मिश्र और लखनऊ के जिलाध्यक्ष सुरेश जायसवाल के पर्यवेक्षण में किया गया। संरक्षक अशोक कुमार प्रजापति, मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह सेंगर, महामंत्री मंसूर अली की उपस्थिति में कोषाध्यक्ष को छोड़कर शेष सभी पदों पर निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ। मुख्य अथिति प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश मिश्र ने कहा कि आज प्रदेश के सारे जनपदों में अपना संघ पूरी ऊर्जा से कार्य कर रहा है। कोषाध्यक्ष पद पर विनोद कुमार और पूर्व कोषाध्यक्ष हरिवंश कुमार के बीच चुनाव कराया गया जिसमे विनोद कुमार को सात मत से विजई घोषित किया गया।

## क्विक न्यूज

### स्कॉर्पियो ने भैंस सहित 5 को मारी टक्कर, 2 की मौत

**सीतापुर।** सिधौली बिसवां मार्ग चौड़िया के पास एक अज्ञात स्कॉर्पियो गाड़ी ने एक भैंस सहित 5 लोगों को मारी टक्कर जिनमें से घटनास्थल पर 2 लोगों की मौत हो गई है तथा 2 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली ले जाया गया और उनकी हालात नाजुक बताई जा रही है तथा भैंस की भी हालत अति गंभीर है। अज्ञात स्कॉर्पियो में गाड़ी की पुष्टि के लिए कोई भी नंबर प्लेट नहीं पर स्थित है। अतः गाड़ी की पुष्टि की कार्रवाई में पुलिस जुट गयी है। मृतकों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है गंभीर लोगों को सामुदायिक सिधौली में इलाज के लिए भेज दिया है जिन के हालात गंभीर बताए जा रहे हैं।

### गर्मी अभी से दिखाने लगी तेवर

**सीतापुर।** गर्मी अभी से तेवर दिखाने लगी है। मार्च का अंतिम सप्ताह मई-जून के मौसम का अहसास करा रहा है। तेज धूप से पूरे दिन लोगों के पसीने छूट रहे हैं। आलम यह है कि सुबह की धूप भी आंच की तरह लग रही है। रविवार को तेज धूप और गर्म हवाएं चलने से शहर में दोपहर को सन्नाटा पसरा रहा। सबसे ज्यादा परेशानी साइकिल और मोटरसाइकिल से चलने वालों को हुई। गर्म हवाओं ने काफी परेशान किया। रविवार को अधिकतम पारा 37 डिग्री और न्यूनतम पारा 18 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आने वाले दिनों में पारा लगातार चढ़ने के आसार मौसम विशेषज्ञों ने जताए हैं।

### एक ही रात में तीन घरों को चोरों ने बनाया निशाना

**सीतापुर।** सिधौली कोतवाली क्षेत्र मे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। एक ही रात में तीन घरों को चोरो ने निशाना बनाया। मोहल्ला संत नगर पश्चिमी में शनिवार रात बेखौफचोरों ने अनूप मिश्रा के घर छत के रास्ते प्रवेश किया और बक्से का ताला तोड़कर 22 हजार की नगदी व जेवरात बटोर ले गए। फिर पड़ोसी उत्तम मिश्रा और ओम प्रकाश के घर में भी चोर छत के रास्ते पहुंचे और नगदी जेवर पार कर दी। गश्त कर रहे पुलिस कर्मियों ने एक संदिग्ध व्यक्ति का पीछा किया लेकिन वह भाग निकला। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी है। उप निरीक्षक सोमवीर सिंह ने मौके का निरीक्षण करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### 600 लोग रक्तदान कर बने महादानी

**सीतापुर।** शहर के सेक्रेड हार्ट इंटर कॉलेज में संजीवन व अन्य संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से दो दिवसीय रक्तदान महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यमंत्री सुरेश राही समेत 600 लोग रक्तदान कर महादानी बने। इस मौके पर मोनू सहगल, डा. राजीव कपूर, डा. अनुराग गोयल, आकाश बजरंगी, मोनू खेतान आदि मौजूद थे।

### नागरिकों के चेहरों पर खुशी लाने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार तत्परः राजेश वर्मा

**सीतापुर।** महमूदाबाद के बेचू लॉन में प्रबंधक संजय वर्मा द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा ने कहा देश के सभी नागरिकों के चेहरों पर खुशी लाने के लिये केन्द्र व प्रदेश की सरकारें लगातार प्रयास कर रहीं हैं। भाजपा की नीति सबका साथ सबका विकास करने की है। नवनिर्वाचित विधायक आशा मौर्य ने भी समारोह को संबोधित किया। कार्यकर्ताओं से एमएलसी के भाजपा के प्रत्याशी पवन सिंह चौहान को भारी बहुमत से जिताने की अपील की गई। प्रत्याशी पवन सिंह चौहान ने सभी कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी जीत आप सब की जीत होगी क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करने में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

### प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**सीतापुर।** दिव्य दिनेश रचना फाउंडेशन ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन आवासीय एक्सीलेरेटेड विद्यालय लोहारबाग सीतापुर में किया। जिसमें पेंटिंग और गायन के प्रतिभागी छात्रों को मेडल और प्रमाणपत्र वितरित किए गये। संगीत के छात्र हिमांशु और ममता ने गाना गाकर आयोजन को सुशोभित किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष मशहूर संगीतज्ञ अनिल सक्सेना ने फिल्मी गीतों पर सभी को मंत्रमुग्ध किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानाध्यापक अरुण मिश्रा, मुकेश मिश्रा, सर्वानंद, फाउण्डेशन के पदाधिकारी नंदिता मिश्रा और दीपक सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर अमिता, मोहिनी नेहारानी गुप्ता, फाउंडेशन की अध्यक्ष डा. रचना भारतीय मौजूद थीं।

## परिवहन व खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई, सात वाहन सीज, 17 का हुआ चालान

**सीतापुर।** सीतापुर में परिवहन और खनन विभाग ने अलग-अलग इलाकों में बड़े पैमाने पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ओवरलोडिंग, टैक्स बकाया और प्रपत्र पूरे न होने के चलते 24 वाहनों पर कार्रवाई की गई। इनमें पांच वाहन सीज किए गए हैं जबकि सत्रह का चालान किया गया है।

- मिश्रिख, संदना और सिधौली इलाके में चलाया अभियान
- ओवरलोड, टैक्स बकाया औा प्रपत्र पूरे न होने पर कार्रवाई

एआरटीओ प्रवर्तन उदित नारायण पांडेय और खनन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि मिश्रिख कोतवाली इलाके में कानपुर से आ रहे मौरंग से लदे तीन ओवरलोड ट्रकों को सीज किया गया है। संदना इलाके में एक जेसीबी और तीन ट्रैक्टर-ट्राली तथा सिधौली में एक ट्रक सीज किया गया है। इन वाहनों के प्रपत्र अधूरे थे जबकि टैक्स भी नहीं जमा था। एआरटीओ के मुताबिक अभियान के दौरान सत्रह वाहनों का चालान भी किया गया है।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य के तेरहवीं में शामिल हुए राज्यमंत्री



संवाददाता। तिलोई अमेठी

**उत्तर प्रदेश** की योगी सरकार में राज्यमंत्री तिलोई विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह अपने मुख्य कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के पूर्व जिला पंचायत सदस्य के तेरहवीं भोज में शामिल होकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

गौरतलब हो कि इन्हौना निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य आशीष गुप्ता बीती 28 फरवरी को अपनी स्कोर्पियो गा ?ी से पूर्वांचल एक्सप्रेस से लखनऊ जा रहे थे तभी लखनऊ जनपद के गोसाईगंज के निकट उनकी स्कोर्पियो की एक डम्फर से जबरदस्त टक्कर हो गई थी जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें परिजनों ने लखनऊ स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनकी 4 मार्च को मौत हो गई थी रविवार को उनकी तेरहवीं में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने पहुंच कर चित्र पर माल्यार्पण कर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।गौर तलब है कि 4मार्च आशीष गुप्ता की अंत्येष्टि में शामिल होने पहुंचे मयंकेश्वर शरण सिंह ने अपने प्रिय कार्यकर्ता की अर्थी को कांधा दिया था।

### बिना किसी प्रोटोकॉल के पहुंचना बना चर्चा का विषय

**उत्तर प्रदेश** सरकार के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह का पूर्व जिला पंचायत सदस्य के तेरहवीं भोज में बिना किसी प्रोटोकॉल के पहुँचना चर्चा का विषय बना रहा। श्री सिंह सिक्स लेन वाले मार्ग से इन्हौना पहुंचे थे।तिलोई ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक की सादगी और कर्मठता को देखते हुए ही उन्हें योगी कैबिनेट में स्थान मिला।हमारे विधायक जी की सादगी का आलम यह है कि मंत्री होने के बावजूद भी वे बिना किसी प्रोटोकॉल के अपने कर्मठ कार्यकर्ता के घर पहुंच जाते हैं।इस मौके पर पूर्व प्रमुख रंजीत सिंह महेंद्र सिंह आशीष मिश्रा सज्जन पांडेय कृष्ण जीवन गुप्ता दयाशंकर तिवारी आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एक ही नाम पते पर नौकरी कर रहे पांच शिक्षकों पर गिरी गाज

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा परिषद में एक ही नाम पते के दो जनपदों में पांच शिक्षक अरसे से नौकरी कर रहे थे। इनके सत्यापन में भी प्रदेश सरकार की जांच एजेंसी ने इस धोखाधड़ी का खुलासा नही कर सकी। शिक्षकों ने अमेठी जनपद को इस धोखाधड़ी का सुरक्षित स्थान माना और फर्रुखाबाद के साथ अमेठी जिलें में एक ही नाम पते के लोगों की तैनाती हुई लेकिन यह मामला धीरे.धीरे गरम होता चला गया। और लिखा पड़ी में मामला में उलझ गया। और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने पड़ताल करायी तो इन जालसाज शिक्षकों में हड़कंप मच गया। शैक्षिक प्रमाणपत्र निवास के पते आधार कार्ड पैनकार्ड किसी दूसरे के हासिल कर अमेठी जिलें बेसिक शिक्षा विभाग मे नौकरी प्राप्त कर ली। यह मामला तब और उछाल पकड़ा कि शिक्षक कूटरचित एवं फर्जी प्रमाणपत्रों के अधार पर अमेठी जिलें में पांच शिक्षक नौकरी कर रहे है। और जिनका वास्तविक अभिलेख है वें फिरोजाबाद जनपद में नौकरी कर रहे है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अमेठी डा0 अरविन्द कुमार पाठक ने मामलें की जांच खंड शिक्षाधिकारी से करायी। जिसमें अनुपम कुमार पुत्र रामपाल सिंह प्राथमिक पाठशाला पूरे जिवनंदन तिवारी जामों में तैनाती रही तो दूसरे भारतेन्दु सिंह पुत्र तिलक सिंह प्राथमिक पाठशाला पूरे बक्तावर शुकुलबाजार रहे तो तीसरे अनुज कुमार सिंह पुत्र देवेन्द्र कुमार यादव प्राथमिक पाठशाला शेखपुर शुकुलबाजार रहे तो चैथे कौशलेन्द्र यादव पुत्र एसएस यादव प्राथमिक पाठशाला पूरे पाहा शुकुलबाजार रहे तो पांचवें श्याम राठौर पुत्र कालीचरन प्राथमिक पाठशाला पेडरिया सिंहपुर जनपद अमेठी में तैनाती रही।

## चार पहिया वाहन ने ली महिला की जान

- दो गंभीर रूप से घायल
- वाहन सुपुर्दगी में

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**तेज रफ्तार** एक चार पहिया वाहन ने ली महिला की जान ले ली। वहीं दो गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर भेजा। गाड़ी तथा एक अन्य पुलिस के कब्जे में है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाहजहांपुर निवासी नदीम अपनी मां और एक अन्य के साथ अमीर नगर चौकी के रसूलपुर गांव में एक शादी समारोह में शिरकत करने आए थे। आज सुबह मोटरसाइकिल से नदीम अपनी मां तथा एक रिश्तेदार के साथ शाहजहांपुर अपने घर वापस जा रहे थे। तभी मोहम्मदी की ओर से आ रही है



स्विफ्ट डिजायर गाड़ी नंबर यूपी80सीएल0015 ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मेरी मां नूरजहां 60 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेज दिया गया है। गाड़ी तथा एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया।

## परामर्श केन्द्र पर कई पारिवारिक मामलों की काउंसिलिंग की गई

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**पुलिस अधीक्षक** संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में महिला थाना खीरी परिवार परामर्श केन्द्र पर 27 मार्च को महिला थानाध्यक्ष शकुन्तला उपाध्याय व अन्य परामर्शदाताओं की उपस्थिति में 20 पारिवारिक मामलों में सुलह समझौते का प्रयास किया गया। जिसमें 8 दम्पत्ति सुलह समझौता करके साथ-साथ विदा हुए।

जनपद खीरी के महिला थाने पर प्रत्येक रविवार को पारिवारिक परामर्श केंद्र में काउंसलर की मध्यस्थता से पारिवारिक मामलों की शिकायतों में सुलह-समझौते का प्रयास कराया जाता है। इसी क्रम में



काउंसलर की उपस्थिति में परिवारिक शिकायतों में सुलह समझौते का प्रयास किया गया। इसमें आठ परिवार के मध्य सुलह समझौता कराने के पश्चात दम्पत्ति को साथ भेजा गया। परिवार परामर्श केन्द्र में महिला थानाध्यक्ष शकुंतला उपाध्याय, काउंसलर कय्यूम ज़रवानी, कुसुम गुप्ता, किरन अग्रवाल, नीति गुप्ता, महिला आरक्षी शशि प्रभा व रेनु सिंह मौजूद रहीं।

## योगाभ्यास और उसके महत्व की दी जानकारी

**लखीमपुर-खीरी।** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की टैगोर इकाई द्वारा संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन का शुभारंभ एनएसएस लक्ष्य गीत व प्रार्थना से हुआ। तत्पश्चात एनएसएस प्रभारी डा. सुभाष चंद्रा के निर्देशन में योगाभ्यास एवं योग का जीवन में महत्व विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिविर के अभ्यास सत्र में हाएम योगा के प्रिंस रंजन बरनवाल द्वारा विद्यार्थियों को योगाभ्यास के महत्व को रेखांकित करते हुए स्वास्थ्य संवर्धन के लिए विभिन्न सूक्ष्म क्रियाओं, योगासन, प्राणायाम व मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। इसमें मुख्य रुप से ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटिचक्रासन, बज्रासन, गोमुखासन, अर्द्ध मस्त्येंद्रासन, पश्चिमोत्तानासन, पूर्वोत्तानासन, पवनमुक्तासन व शवासन आदि आसनों सहित सरल प्राणायामए अनुलोम विलोमए भाम्ररी एवं उद्गीथ प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।

## 423 लीटर शराब हुई बरामद, 31 गिरफ्तार




संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

- छह शराब भट्टी की नष्ट

**पुलिस अधीक्षक** संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण व बिक्री के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटे में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए 423 लीटर अवैध कच्ची शराब व छह शराब भट्टी पकड़ी गईं। 31 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए। साथ ही लगभग 1753 लीटर लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया।

## पेज एक का शेष

### दिल्ली-केंद्र...

अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप सरकार के सपने साकार नहीं होंगे। दिल्ली मंत्रिमंडल ने पिछले साल अगस्त में उच्च शिक्षा निदेशालय के तहत प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा निदेशालय के तहत कार्यरत कला कॉलेज को आंबेडकर विश्वविद्यालय का हिस्सा बनाने के लिए विलय को मंजूरी दी थी। दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद ने डी-संबद्धता को मंजूरी नहीं दी है और इस कदम का विरोध किया है। इस संबंध में गठित समिति ने कहा कि इस तरह के एकतरफा फैसले स्वीकार्य नहीं हैं और इसके बजाय उन्होंने विश्वविद्यालय से सरकार को कड़ा पत्र लिखने को कहा है। दिल्ली सरकार के निदेशक (प्रशिक्षण और प्लेसमेंट), प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा निदेशालय (डीटीटीई) डॉ दीप्ति मल ने कहा कि यह बेहद खेदजनक है कि दिल्ली विश्वविद्यालय कला कॉलेज की संबद्धता के मामले में देरी कर रहा है। पहले से ही एक पूर्ण शैक्षणिक सत्र का नुकसान हो रहा है और मामले में और देरी से ऐसे प्रतिष्ठित संस्थान से जुड़े छात्रों, शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों आदि जैसे सभी हितधारकों के लिए बड़ी असुविधा होगी। डॉ. मल ने द पायनियर को बताया कि दिल्ली सरकार ललित कला और संबंधित विषयों के क्षेत्र में बेहतर शिक्षा देने के लिए सभी प्रयास कर रही है। डॉ. मल को पिछले हफ्ते संस्थान, डीयू और जीएनसीटीडी के बीच की खाई को पाटने के लिए कॉलेज ऑफ आर्ट्स में ओएसडी के रूप में नियुक्त किया गया है।

### निर्यात 30...

में मोदी ने केरल में एम श्री नारायणन सहित कई व्यक्तियों का उल्लेख किया, जिन्होंने एक लाख से अधिक मिट्टी के बर्तन बनाए और पक्षियों को पानी देने के लिए लोगों को वितरित किया, इसके अलावा चंद्रकिशोर पाटिल जो महाराष्ट्र में गोदावरी नदी में फेंके जा रहे कचरे को रोक रहे हैं और साफ कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि आयुष उद्योग के बाजार लगातार बढ़ रहा है। छह साल पहले आयुर्वेद से जुड़ी दवाओं का बाजार करीब 22 हजार करोड़ रुपए था। मोदी ने कहा कि आज आयुष निर्माण उद्योग करीब एक लाख चालीस हजार करोड़ रुपये तक पहुंच रहा है, यानी इस क्षेत्र में संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं। स्टार्ट-अप की दुनिया में भी आयुष का आकर्षण बढ़ता जा रहा है।

### भारत से...

क्वांटास और अमेरिकी एयरलाइंस शामिल हैं। स्वीकृत कार्यक्रम के अनुसार इंडिगो प्रति सप्ताह 505 प्रस्थान, उसके बाद एयर इंडिया 361, एयर इंडिया एक्सप्रेस 340, स्पाइसजेट 130, गोएयर (गोफर्स्ट नाउ) 74 और विस्तारा 56 पर संचालित करेगी। भारतीय वाहकों को संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, सिंगापुर, थाईलैंड, श्रीलंका, कतर, मालदीव, ओमान, सऊदी अरब, नेपाल, बांग्लादेश, तुर्की, मलेशिया, ब्रिटेन, फ्रांस, केन्या, जर्मनी, अमेरिका, कनाडा, म्यांमार, ऑस्ट्रेलिया, इज़राइल, बहरीन, दक्षिण कोरिया, जापान, हांगकांग और रूस में संचालित करने की मंजूरी दी गई है। इंडिगो ने एक बयान में कहा कि वह अगले महीने के दौरान चरणबद्ध तरीके से 150 से अधिक मार्गों पर निर्धारित अंतरराष्टीय उड़ानों को फिर से शुरू करेगी। एयरलाइन के एक बयान के अनुसार, थाईलैंड में गंतव्यों के लिए निर्धारित संचालन 27 मार्च से शुरू हो चुका है। एयरलाइन दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, लखनऊ, हैदराबाद, अमृतसर, कोझीकोड, कोच्चि, चंडीगढ़, तिरुचिरापल्ली, तिरुवनंतपुरम और मंगलुरु से अंतरराष्टीय उड़ानें संचालित करेगी।

### मंत्रिमंडल से...

निवेदन के बाद राज्यपाल को भेजी गई है, जिसमें कहा गया कि विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के संस्थापक प्रमुख सहनी अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा नहीं हैं। भाजपा के कहने पर सहनी को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। भाजपा ने ही सहनी को विधान परिषद में भेजा था, क्योंकि वह विधानसभा का चुनाव हार गए थे।

### आज, कल...

करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। बैंक कर्मचारियों की यूनियनों के एक वर्ग ने सोमवार और मंगलवार की इस हड़ताल का समर्थन किया है। सरकार की जन-विरोधी आर्थिक नीतियों और श्रमिक विरोधी नीतियों के विरोध में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच और विभिन्न क्षेत्रों की स्वतंत्र श्रमिक यूनियनों ने दो दिन की हड़ताल का आह्वान किया है। इनकी प्रमुख मांगों में श्रम संहिता को समाप्त करना, किसी भी प्रकार के निजीकरण को रोकना, राष्ट्रीय मौद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) को समाप्त करना, मनरेगा के तहत मजदूरी के लिए आवंटन बढ़ाना और ठेका श्रमिकों को नियमित करना शामिल है। ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन (एआईबीईए) ने कहा, हमने हड़ताल के इस आह्वान का समर्थन करने का फैसला किया है। हम इस हड़ताल में बैंकिंग क्षेत्रों की मांगों पर ध्यान दिलाने के लिए शामिल हो रहे हैं। एआईबीईए के महासचिव सी एच वेंकटचलम ने कहा कि बैंक यूनियन की मांग है कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का निजीकरण बंद करे और उन्हें मजबूत करे। इसके अलावा हमारी मांग है कि डूबे कर्ज की वसूली को तेज किया जाए, बैंक जमा पर ब्याज बढ़ावा जाए, सेवा शुल्कों में कमी की जाए और पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए। सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने कहा है कि हड़ताल की वजह से उसकी सेवाओं पर कुछ हद तक सीमित असर पड़ सकता है। एसबीआई ने कहा कि उसने अपनी सभी शाखाओं और कार्यालयों में सामान्य कामकाज सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रबंध किए हैं। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने कहा कि है कि एआईबीईए, बैंक एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीईएफआई) तथा ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन (एआईबीओए) ने 28 और 29 मार्च को हड़ताल का नोटिस दिया है। बेंगलुरु मुख्यालय वाले केनरा बैंक ने भी कहा है कि हड़ताल की वजह से सामान्य बैंकिंग कामकाज प्रभावित हो सकता है। उधर ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल से पहले विद्युत मंत्रालय ने सरकार द्वारा संचालित सभी प्रतिष्ठानों और अन्य एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रहने, निरंतर बिजली आपूर्ति रखने तथा राष्ट्रीय ग्रिड की स्थिरता सुनिश्चित करने को कहा है।

### सीएपीएफ जवानों...

किया जा रहा है। शाह अक्टूबर 2019 में यह प्रस्ताव लेकर आए थे। सीएपीएफ में सीआरपीएफ, सीमा सुरक्षा बल(बीएसएफ), भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल(सीआईएसएफ) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) आते हैं। वहीं, असम राइफल्स, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) जैसे तीन अन्य केंद्रीय बलों को भी इस महत्वाकांक्षी परियोजना में शामिल किया जा सकता है।

### भारत एक...

राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना इकाई। से 4 का एफपीसी 2024 में अपेक्षित है और 2025 में चुटका मध्य प्रदेश परमाणु ऊर्जा परियोजना इकाइयों। और 2 का एफपीसी होने की संभावना है। केंद्र ने जून 2017 में 700 मेगावाट के 10 स्वदेशी विकसित दबावयुक्त भारी जल संयंत्र (पीएचडब्ल्यूआर) के निर्माण को मंजूरी दी थी। ए 10 पीएचडब्ल्यूआर 1.05 लाख करोड़ रुपए की लागत से बनाए जाएंगे। यह पहली बार है जब सरकार ने लागत कम करने और निर्माण के समय में तेजी लाने के उद्देश्य से एक बार में 10 परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों के निर्माण को मंजूरी दी थी।

### अमरनाथ यात्रा...

परम्परा के अनुरूप रक्षा बंधन के दिन होगा। हमने आगामी तीर्थयात्रा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर गहराई से विचार-विमर्श किया है। बैठक की जानकारियां देते हुए प्रवक्ता ने कहा कि बोर्ड ने मार्ग के आधार पर श्रद्धालुओं की दैनिक संख्या 10,000 तक सीमित रखने का फैसला किया है। इसमें हेलीकॉप्टर से यात्रा करने वाले यात्री शामिल नहीं हैं। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने 2.75 किलोमीटर लंबे बालटाल से डोमेल मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क बैटरी कार सेवा शुरू करने का भी फैसला किया है। बैठक को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने अधिकारियों से सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम करने को कहा। उन्होंने कहा, सरकार श्रद्धालुओं की कुशलक्षेम सुनिश्चित करने के लिए रास्ते में उनकी गतिविधि पर नजर रखने के लिए आरएफआईडी प्रणाली ला रही है। सिन्हा ने सभी श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सुविधाएं देने पर भी खास जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को संतों की तीर्थयात्रा के लिए अखाड़ा परिषदों और आचार्य परिषदों को विशेष निमंत्रण भेजे का भी निर्देश दिया। जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने यात्रा के लिए सुरक्षा इंतजाम की योजना पर बोर्ड को जानकारी दी॥

# भारत में कुष्ठ रोगियों के प्रति मानसिक अस्पृश्यता का रवैया अब भी कायम: कोविंद

**भाषा।** देहरादून

**राष्ट्रपति रामनाथ** कोविंद ने रविवार को कहा कि संविधान ने आजादी के बाद जाति और धर्म आधारित छुआछूत का अंत कर दिया है, लेकिन भारत में कुष्ठ रोगियों के प्रति मानसिक अस्पृश्यता का रवैया अब भी कायम है। राष्ट्रपति ने हरिद्वार में दिव्य प्रेम सेवा मिशन के रजत जयंती समारोह के समापन भाषण में कहा कि कुष्ठ रोग और बीमारी से पीड़ित लोगों के बारे में भारतीय समाज में अब भी कई गलत और अवैज्ञानिक धारणाएं प्रचलित हैं।

कोविंद ने मिशन के संस्थापक आशीष गौतम को ऐसे कई मिथकों को तोड़ने की दिशा में सराहनीय कार्य करने का श्रेय देते हुए कहा, देश में अनेक लोग अब भी महसूस करते हैं कि कुष्ठ एक अभिशाप है जो पिछले पापों का परिणाम है। उन्हें यह नहीं पता कि यह किसी अन्य बीमारी की तरह ही है। राष्ट्रपति ने महात्मा गांधी को उद्धृत करते हुए कहा कि जो लोग कुष्ठ रोगियों को तुच्छ समझते हैं, वे वास्तव में स्वयं बीमार हैं। गांधी ने यह भी माना कि स्वयं को जानने का सबसे अच्छा तरीका मानवता की सेवा के लिए खुद को समर्पित करना था। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी व्यक्तिगत रूप से कुष्ठ से पीड़ित अपने मित्र, संस्कृत के विद्वान, कवि और स्वतंत्रता सेनानी परचुरे शास्त्री के प्रति समर्पित थे। कोविंद ने कहा, हमारे संविधान निर्माताओं ने आजादी के बाद जाति और धर्म आधारित अस्पृश्यता को समाप्त कर दिया। उन्होंने इस प्रथा को एक दंडनीय अपराध भी बना दिया, लेकिन कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों के प्रति मानसिक अस्पृश्यता का रवैया अभी भी हमारे देश में बना हुआ है। हमें संवेदनशील नहीं कहा जा सकता है, जब तक हम राष्ट्र या समाज से उस रवैए को समाप्त नहीं कर देते। उन्होंने कहा कि इस अवसर ने मिशन के साथ उनके 25 साल लंबे जुड़ाव की यादें ताजा कर दी हैं। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि कैसे एक छोटी सी झोपड़ी में मिशन शुरू हुआ था और मुझे यह देखकर खुशी हुई कि 25 साल पहले जो बीज बोया गया था, वह आज एक बड़े पेड़ में तब्दील हो गया है। उस बीज को बोने में मेरी भी एक छोटी भूमिका थी। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गरीबों और बीमारों की सेवा करना धर्म का सर्वोच्च रूप है। राज्यपाल ने आशीष गौतम को स्वामी विवेकानंद का सच्चा अनुयाई बताते हुए कहा कि कुष्ठ रोगियों की सेवा करने का विकल्प चुनकर उन्होंने असाधारण इच्छा शक्ति और संकल्प का परिचय दिया था। योग गुरु रामदेव ने कुष्ठ रोगियों की नि:स्वार्थ सेवा के लिए मिशन के संस्थापक को भारत रत्न दिए जाने की सिफारिश की।



हरिद्वार में रविवार को दिव्य प्रेम सेवा मिशन के रजत जयंती समारोह के दौरान योग गुरु बाबा रामदेव से मिलते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

## बीकानेर में सेप्टी टैंक में उतरे चार मजदूरों की मौत, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**बीकानेर।** बीकानेर के करणी औधोगिक क्षेत्र में रविवार को सेफ्टी टैंक में सफाई के लिए उतरे चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। इस घटना पर राज्य के मुख्यमंत्री गहलोत ने शोक जताया है। बीछवाल पुलिस थाने के सहायक उपनिरीक्षक पूरणसिंह ने बताया कि करणी औद्योगिक क्षेत्र में एक ऊन मिल में बने सेफ्टी टैंक की सफाई के लिए चार मजदूर उतरे थे। टैंक में जमा गंदा पानी और जहरीली गैस से चारों मजदूरों का दम घुटने लगा तो उन्हें बाहर निकाला गया। इनमें से तीन जनों ने मौके पर दम तोड़ दिया। जबकि एक मजदूर की अस्पताल में मौत हुई। मृतकों की पहचान लाल चंद, चोरुलाल नायक, कालू राम वाल्मीकि व किशन बिहारी के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक प्रथम दृष्टया सेफ्टी टैंक में गंदगी के कारण कार्बन डाइऑक्साइड गैस के चलते यह हादसा हुआ है।इस घटना की सूचना के बाद जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हादसे पर शोक जताया है।

# बीरभूम हिंसा: अवैध खनन से जुड़ी हिंसा और भ्रष्टाचार की है कहानी

**भाषा।** रामपुरहाट (पश्चिम बंगाल)

**रेत से** भरे ट्रक आगे बढ़ने के लिए कड़ी मशक्कत करते नजर आ रहे थे। दरअसल, वाहनों को ब्राह्मणी नदी से निकाली गई इस रेत को लेकर नदी तट से ऊपर जाने में बहुत मुश्किल होती है। ट्रक चालकों को रेत के लिए कथित तौर पर स्थानीय नेताओं और प्रशासन को हफ्ता (घूस) देना होता है, जो ट्रक पर लदी रेत के आधार पर तय होती है और बंगाल तथा पड़ोसी राज्यों के निर्माण स्थल के लिए रवाना होने से पहले यह रकम देनी पड़ती है।

बीरभूम अवैध रेत खनन की यह दुनिया दुश्मनी, हत्या, बंदूक रखने और गैर कानूनी तरीके से बम बनाने और भ्रष्टाचार का केंद्र है। इस स्याह दुनिया का नवीनतम शिकार स्थानीय तृणमूल कांग्रेस का मजबूत नेता भादू शेख बना, जिसकी कथित हत्या नदी से अवैध तरीके से रेत निकालने से होने वाली कमाई में हिस्सेदारी नहीं देने की वजह से हुई। शेख की हत्या के प्रतिशोध में बीरभूम जिले के बोगतुई गांव में बच्चों और महिलाओं सहित आठ लोगों की जिंदा जला दिया गया। रामपुरहाट कस्बे से करीब 15 किलोमीटर दूर ब्रह्मणी नदी पर बने बैधारा पुल के नजदीक रहने वाले एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया, लंबे समय से ताकतवार लोगों की सरपस्ती में अवैध रेत खनन का कारोबार फलफूल रहा है। स्थानीय माफिया और सत्ता के लिए यह मिलीभगत वाला कार्य है। जिले से बहने वाली मयूराक्षी, अजय और ब्रह्मणी नदी के किनारे करीब 80 रेत खनन स्थल हैं, जहां से स्थानीय माफिया प्रभावशाली लोगों के सहयोग से यह कार्य (रेत खनन का) करता है। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रविंद्र नाथ टैगोर द्वारा स्थापित विश्व भारती के लिए चर्चित बीरभूम में रेत खनन के अलावा पत्थर का भी अवैध उत्खनन होता है। रामपुरहाट से करीब 48 किलोमीटर दूर केंदुली निवासी और सरकारी शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त बनेश्वर घोष के मुताबिक अवैध रेत खनन छोटे पैमाने के कारोबार से बदलकर कई सालों में वृहद, अधिक संगठित हो गया है और राज्य में रियल एस्टेट में आई तेजी ने रेत की मांग बढ़ा दी है। घोष ने बताया, वर्ष 1970 के कांग्रेस के शासन के दौरान तस्करी छोटे पैमाने पर शुरू हुई थी और वाम मोर्चे के शासनकाल में फलाफूला और अब तृणमूल कांग्रेस के शासन में भी जारी है। दियारा से रेत खत्म हो गई है और अब वे नदी के किनारों (बालीघाट) से खनन कर रहे हैं। ब्रह्मणी नदी की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 14 पर रेत या पत्थर से लदे ट्रक कतार में खड़े रहते हैं और चालकों को रास्ते में लोगों के समूह को रुपए देते हुए देखा जा सकता है। अनाधिकारिक जांच चौकी पर तैनात अंगुर आलम ने पीटीआई-भाषा को बताया, यह कुछ नहीं बल्कि ट्रांसपोर्टर द्वारा भुगतान किया जाने वाला शुल्क है। हम उन्हें इसकी रसीद देते हैं। शुल्क ट्रक के आकार के हिसाब से अलग-अलग है। उन्होंने बताया कि रोजाना रेत और पत्थर से क्षमता से अधिक लदे 700 ट्रकों को इस इलाके से जाने का परमिट दिया जाता है। आलम ने बताया कि प्रत्एक ट्रक को 2,200 रुपए का भुगतान करना होता है। आलम ने बताया कि इन इलाकों से रेत की तस्करी उत्तर 24 परगना, दुर्गापुर और पश्चिम बर्द्धमान जिले के आसनसोल, मुर्शिदाबाद के बेहरामपुर और यहां तक कई बार पड़ोसी राज्य झारखंड तक किया जाता है।

# सीबीआई ने शिपिंग कंपनी के फरार निदेशक को किया गिरफ्तार

**भाषा।** अहमदाबाद (गुजरात)

**केंद्रीय अन्वेषण** ब्यूरो (सीबीआई) ने रविवार को कहा कि उसने गुजरात की एक शिपिंग कंपनी के लंबे समय से फरार एक अधिकारी को केनरा बैंक से 20.68 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने एक विज्ञप्ति में बताया कि कंपनी के निदेशक आरोपी संजय गुप्ता को केन्या के नैरोबी से यहां पहुंचने पर गिरफ्तार कर लिया गया। वह अहमदाबाद में केनरा बैंक की एक शिकायत के आधार पर 27 जून 2012 को दर्ज मामले में नामजद आठ आरोपियों में से एक है। इसमें कहा गया है कि गुजरात की नोवा शिपिंग और उसके निदेशकों, मालिकों, बैंक अधिकारियों समेत अन्य के खिलाफ केनरा बैंक की जामनगर शाखा से 20.68 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई। विज्ञप्ति में कहा गया है, जांच के बाद अहमदाबाद के मिर्जापुर में 24 दिसंबर 2013 को आठ आरोपियों के खिलाफ विशेष सीबीआई अदालत में मामला दर्ज किया गया है। केंद्रीय एजेंसी ने बताया कि गुप्ता लंबे समय से फरार था और उसके खिलाफ एक लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) और रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। उसे अहमदाबाद में एक अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा।

# देश का सबसे आधुनिक शहर बनेगा चंडीगढ़: अमित शाह

**भाषा।** चंडीगढ़

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि आने वाले दिनों में चंडीगढ़ देश का सबसे अनुशासित और आधुनिक शहर बन जाएगा। उन्होंने अत्याधुनिक एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र समेत कई परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। शाह 632.78 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के लिए चंडीगढ़ आए थे।

गृह मंत्री ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उनमें एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र, चंडीगढ़ आवासीय बोर्ड का एक नया कार्यालय भवन, दो सरकारी स्कूल और एक शहरी पार्क शामिल हैं। शाह ने वाणिज्य महाविद्यालय के छात्रावास ब्लॉक और एक बस डिपो-सह-कार्यशाला की भी आधारशिला रखी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री के साथ पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित भी मौजूद थे। आईसीसीसी परियोजना के तहत यातायात उल्लंघन पर नजर रखने के लिए चंडीगढ़ में 2,000 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। आईसीसीसी केंद्र को सेवाओं और डेटा विश्लेषण की प्रभावी निगरानी के लिए पानी, बिजली, सीवेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, परिवहन, ई-गवर्नेंस, पार्किंग और सार्वजनिक-बाइक साझाकरण सहित प्रमुख नागरिक सेवाओं के साथ एकीकृत किया गया है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि वह लंबे समय के बाद इस खूबसूरत शहर का दौरा कर रहे हैं और बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं। शाह ने कहा, आधुनिक दुनिया के इतिहास में चंडीगढ़ नियोजित शहरों की श्रेणी में सबसे विकसित शहर है।

उन्होंने कहा कि गुजरात में जब वे छोटे थे, तब बच्चों को सुनियोजित और अच्छे शहर के रूप में चंडीगढ़ का उदाहरण दिया जाता था। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जब कोई शहर विकसित होता है, तो उसकी जरूरतें भी बदल जाती हैं और जैसे-जैसे समय बदलता है, जरूरतों में भी बदलाव आता है। उन्होंने कहा, ...और जो समय के साथ नहीं बदलते, वे खुद को प्रासंगिक नहीं रख सकते। शाह ने इस बदलाव के अनुकूल एक प्रणाली बनाने के लिए चंडीगढ़ प्रशासन की भी सराहना की। उन्होंने कहा, यह केवल लोगों की सुविधाओं के लिए नहीं है बल्कि इसमें सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण भी शामिल है। शाह ने कहा, आने वाले दिनों में चंडीगढ़ देश का सबसे अनुशासित और सबसे आधुनिक शहर बन जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने शहरी विकास से जुड़ी कई परियोजनाओं को लागू कराया। उन्होंने कहा कि गुजरात उन राज्यों में शामिल है जहां शहरी आबादी शायद सबसे ज्यादा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद वह पूरे देश में स्मार्ट सिटी का विचार लेकर आए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अमृत योजना, सौर मिशन और हरित शहर योजना भी लाए।



चंडीगढ़ के सेक्टर 17 में स्थित अर्बन पार्क में सभा को संबोधित करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

# मध्य प्रदेश के शहरों में प्रारंभ होगी गोबर-धन योजना: शिवराज

**भाषा।** भोपाल

**मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में गोबर-धन योजना प्रारंभ की जाएगी और गाय के गोबर को क्रय करने की व्यवस्था की जाएगी। मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि पचमढ़ी में शनिवार से हो रहे मंत्रिमंडल के दो दिवसीय चिंतन शिविर से पहले मंत्रिमंडल की बैठक को संबोधित करते हुए चौहान ने यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुजरात सहित अन्य राज्यों में गो-संवर्धन और गो-संरक्षण के प्रयोगों का अध्ययन कर मध्यप्रदेश में नवीन कार्यों की शुरुआत होगी।

चौहान ने कहा कि आमजन को गाय और सड़क पर विचरण करने वाले अन्य पशुओं की देखभाल के प्रति जागरूक करने का कार्य भी किया जाएगा। गाय के गोबर और गो-मूत्र से आय होने पर आम नागरिक गो-पालन के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि गो-शालाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए भी ठोस प्रयास किए जाएंगे। चौहान ने कहा कि इंदौर में गोबर-धन योजना में पीएनजी संयंत्र के संचालन के सफल प्रयोग को अन्य स्थानों तक ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गाय के गोबर का उपयोग बड़े पैमाने पर गो-काष्ठ के निर्माण में किया जाता है, इसे प्रोत्साहित किया जाएगा और इससे गो-पालकों को धन भी प्राप्त होगा। चौहान ने कहा कि सड़क पर विचरण करने वाले पशुओं की बेहतर व्यवस्था के लिए प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की अध्यक्षता में गठित मंत्री समूह आगे भी कार्य करता रहेगा।



# आंध्र में बस के घाटी में गिरने से आठ की मौत, 44 घायल

**भाषा।** तिरुपति (आंध्र प्रदेश)

**आंध्र प्रदेश** के चित्तूर जिले के भाकरपेट में शनिवार देर रात को एक निजी बस के ड्राइवर ने घाट रोड पर पहाड़ी रास्ते के मोड़ से गुजरते समय वाहन से नियंत्रण खो दिया जिससे बस नीचे घाटी में गिर गई। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और 44 घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसे के शिकार सभी लोग रिश्तेदार थे और अनंतपुरमू जिले के थे। ए सभी रविवार सुबह एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए धर्मावरम से तिरुपति जा रहे थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वाहन की तेज गति के कारण दुर्घटना हुई।

हादसे में मारे गए लोगों में स्थानीय भाषा के अखबार में काम करने वाला एक पत्रकार भी शामिल है। अंधेरा होने के कारण बचाव अभियान में काफी समय लगा। चित्तूर के जिलाधिकारी एम हरि नारायणन दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव एवं राहत कार्यों का जायजा लिया। तिरुपति नगर पुलिस अधीक्षक सीएच वी अप्पला नायडू और पुलिस कर्मियों की एक टीम मौके पर पहुंची और घायलों को रस्सियों की मदद से बाहर निकाला और उन्हें तिरुपति के आरयूआईए अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में शवों को दुर्घटनास्थल से बाहर निकाला गया। चित्तूर जिले के निवासी राज्य के पंचायत राज मंत्री पी आर सी रेड्डी ने अस्पताल में घायलों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। आंध्र प्रदेश सरकार ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे में लोगों की मौत पर शोक जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, आंध्र प्रदेश के चित्तूर में एक दुखद बस दुर्घटना में लोगों की जान जाने से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। मुझे उम्मीद है कि घायल जल्द ही स्वस्थ हो जाएंगे। प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। राज्यपाल बिस्वा भूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी, तेलुगु देशम पार्टी के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू, जन सेना प्रमुख के पवन कल्याण, प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उपाध्यक्ष एस विष्णुवर्धन रेड्डी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एस शैलजानाथ और अन्य ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया। पवन कल्याण ने राज्य सरकार से ऐसे दुर्घटना संभावित स्थानों पर सुरक्षा उपाय बढ़ाने और जानलेवा दुर्घटनाओं से बचाव के लिए कदम उठाने को कहा।

## जम्मू-कश्मीर में हिंदुओं, सिखों के नरसंहार में शामिल अपराधियों की पहचान के लिए एसआईटी की मांग

**भाषा।** नई दिल्ली

**जम्मू-कश्मीर** में 1989 से 2003 के बीच हिंदुओं और सिखों के कथित नरसंहार में शामिल अपराधियों की पहचान करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) वी द सिटिजन्स द्वारा दायर याचिका में उन हिंदुओं और सिखों की गणना करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है, जो जम्मू-कश्मीर में नरसंहार के शिकार हुए हैं या इससे बच निकलने में कामयाब हुए हैं तथा अब भारत के विभिन्न हिस्सों में रह रहे हैं। याचिका में ऐसे लोगों के पुनर्वास के निर्देश की भी मांग की गई है। याचिका में कहा गया है, याचिकाकर्ता ने कश्मीर के प्रवासियों से जुड़ी किताबों, लेखों और संस्मरणों को पढ़कर शोध किया है। याचिकाकर्ता ने जिन प्रमुख पुस्तकों की जांच की है उनमें जगमोहन द्वारा लिखित माई फ्रोजन टर्बुलेंस इन कश्मीर और राहुल पंडिता द्वारा अवर मून हैज़ ब्लड क्लॉट्स शामिल हैं। ए दो पुस्तकें वर्ष 1990 में भयानक नरसंहार और कश्मीरी हिंदुओं एवं सिखों के पलायन का प्रत्यक्ष विवरण देती हैं। अधिवक्ता बरुण कुमार सिन्हा के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है, तत्कालीन सरकार और पुलिस प्रशासन की विफलता और अंतत: संवैधानिक तंत्र के पूर्ण रूप से बिखरने को उन पुस्तकों में समाहित किया गया है।

## कर्नाटक: बोर्ड परीक्षा में हिजाब पहनने की अनुमति नहीं होगी

**बगलकोट (कर्नाटक)।** कर्नाटक के प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा मंत्री बी. सी. नागेश ने रविवार को कहा कि राज्य बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा के दौरान हिजाब पहनने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा सोमवार से शुरू होगी और 11 अप्रैल को संपन्न होगी। राज्य में 3,440 से अधिक केंद्रों में 40,000 से ज्यादा सभागारों में 8.76 लाख से अधिक छात्र परीक्षा में बैठने वाले हैं। नागेश ने यहां पत्रकारों से कहा, उच्च न्यायालय के आदेश के बाद हमने उसे (हिजाब पहनने) को अनुमति नहीं दी है। हमने स्पष्टीकरण दिया है कि वे (हिजाब पहनी छात्राएं) हिजाब पहनकर कैम्पस में आ सकती हैं लेकिन उन्हें कक्षा में हिजाब उतारना होगा। परीक्षाओं के दौरान भी यह स्थिति लागू रहेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा न देने वाले छात्रों के लिए फिर से परीक्षा नहीं होगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के वकीलों ने उच्च न्यायालय की संपूर्ण पीठ के समक्ष हिजाब के लिए दलील दी थी, जिसके बाद फैसला सुनाया गया।मंत्री ने बताया कि याचिकाकर्ताओं ने सरकारी अधिसूचना को चुनौती दी थी, जिसमें शांति, सौहार्द और लोक व्यवस्था में खलल डाल सकने वाले किसी भी वस्त्र के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने दलील दी थी कि हिजाब पहनना एक मौलिक अधिकार है।नागेश ने कहा, कर्नाटक शिक्षा कानून और नियमों के अनुसार, धार्मिक भावनाएं समान पोशाक संहिता का हिस्सा नहीं होनी चाहिए। उच्च न्यायालय ने यही अधिसूचना बरकरार रखी थी। कल, पोशाक संहिता के उल्लंघन की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि परीक्षा सुचारू रूप से कराने के लिए व्यवस्था की गई है। इस बीच, यहां से 120 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित हुब्बाली में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने छात्रों से बिना डर के परीक्षा देने की अपील की।बोम्मई ने कहा, छात्रों की भलाई और कोविड-19 के असर को ध्यान में रखते हुए हमने आसान परीक्षा कराने का फैसला किया है। बच्चों को परीक्षा देनी है और अपना भविष्य बनाना है।

# अन्नाद्रमुक में शशिकला की वापसी की गुंजाइश नहीं: पलानीस्वामी

**भाषा।** सलेम (तमिलनाडु)

**अन्नाद्रमुक के** शीर्ष नेता के पलानीस्वामी ने रविवार को दोहराया कि पार्टी में वीके शशिकला के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि जो मामला पहले ही सुलझ चुका है, उसे कोई भी पुनर्जीवित नहीं कर सकता। अपने सहयोगी और पार्टी समन्वयक ओ पनीरसेल्वम के यह कहने के कुछ दिनों बाद कि उनके मन में दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता की विश्वासपात्र शशिकला के प्रति व्यक्तिगत रूप से सम्मान है, पलानीस्वामी ने स्पष्ट किया कि अन्नाद्रमुक में उनकी वापसी की कोई गुंजाइश नहीं है।

सलेम में संवाददाताओं से मुखातिब पलानीस्वामी से जब यह पूछा गया कि क्या शशिकला को अन्नाद्रमुक में वापस लिए जाने की संभावना है तो उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान ने उन्हें संगठन में शामिल करने के खिलाफ पहले ही एक प्रस्ताव पारित कर दिया था और बाद में राज्यभर में पार्टी की जिला इकाइयों द्वारा भी ऐसे ही प्रस्ताव पारित किए गए थे। पलानीस्वामी ने याद दिलाया कि उन्होंने और पनीरसेल्वम ने शीर्ष नेतृत्व और जिला इकाइयों द्वारा पारित प्रस्तावों में परिलक्षित अन्नाद्रमुक के इस फैसले की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि पार्टी की सिर्फ दो इकाइयों ने इन प्रस्तावों को नहीं अपनाया था, जिनमें थेनी क्षेत्र की एक इकाई शामिल है। पलानीस्वामी ने कहा, शशिकला को अन्नाद्रमुक में शामिल करने की कोई गुंजाइश नहीं है। सब खत्म हो चुका है... पहले भी कई बार इस सवाल का जवाब दिया जा चुका है... कोई भी उस मद्दे को नया जीवन नहीं दे सकता, जिसका फैसला लागू किया जा चुका है। पनीरसेल्वम जहां शशिकला को अन्नाद्रमुक में दोबारा शामिल करने पर विचार करने के पक्षधर माने जाते हैं, वहीं पलानीस्वामी इसका विरोध कर रहे हैं। पलानीस्वामी का जाहिर तौर पर अन्नाद्रमुक में पनीरसेलवम से बड़ा कद है। पनीरसेल्वम ने कुछ दिन पहले न्यायमूर्ति ए अरुमुघस्वामी के नेतृत्व वाले जांच आयोग के समक्ष पेश होते हुए कहा था कि व्यक्तिगत रूप से उनके मन में शशिकला के प्रति सम्मान है। पनीरसेल्वम ने कई अन्य मौकों पर भी संकेत दिया था कि वह शशिकला को पार्टी से दोबारा जोड़ने के प्रस्ताव पर विचार करने के पक्ष में हैं। उन्होंने आयोग से यह भी कहा था कि उन्हें जयललिता की मौत की परिस्थितियों को लेकर कोई संदेह नहीं है और उन्होंने केवल जनता की राय के मद्देनजर जांच की वकालत की थी। आयोग जयललिता की मौत की परिस्थितियों की जांच कर रहा है। अन्नाद्रमुक की पूर्व प्रमुख का पांच दिसंबर 2016 को निधन हो गया था।

## देश में कोविड-19 के 1,421 नए मामले

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 1,421 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,30,19,453 हो गई, वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 16,187 रह गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में 149 और लोगों की मौत के बाद, मृतक संख्या बढ़कर 5,21,004 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 16,187 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.04 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 554 की कमी दर्ज की गई। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार दैनिक संक्रमण दर 0.23 प्रतिशत और साप्ताहिक संक्रमण दर 0.27 प्रतिशत दर्ज की गई। देश में अभी तक 78.69 करोड़ से अधिक नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 6,20,251 नमूनों की जांच पिछले 24 घंटे में की गई।



पश्चिम बंगाल में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कोलकाता में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 28 मार्च, 2022



# उदारवादी लोकतंत्र के लिए पश्चिमी देशों से संकल्प का आह्वान : बाइडन

**भाषा।** वारसॉ

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर जबरदस्त हमला बोला और पश्चिमी देशों से उदारवादी लोकतंत्र के लिए संकल्पित होने का आह्वान किया। यूरोप की चार दिवसीय यात्रा पर गए बाइडन ने विश्व के अन्य नेताओं के साथ मुलाकात के दौरान पुतिन के बारे में कहा, यह शख्स सत्ता में नहीं रह सकता। बाइडन ने पहले पुतिन को कसाई कहा था, लेकिन बाद में व्हाइट हाउस ने इससे दूरी बनाई। वहीं, बाइडन के इस बयान के बाद उनके सहयोगी स्पष्ट कर रहे थे कि उन्होंने मास्को में सरकार में तत्काल बदलाव का आह्वान नहीं किया था।

क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति कार्यालय) के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बाइडन की निंदा करते हुए कहा, रूस में कौन सत्ता में रहेगा यह न तो अमेरिका के राष्ट्रपति तय करेंगे और न ही अमेरिकी लोग। वारसॉ के प्रतिष्ठित रॉयल कैसल पहुंचने से पहले अपने लगभग 30 मिनट के भाषण में उन्होंने पश्चिमी सहयोगियों से आजादी के लिए नई लड़ाई में एक कठिन डगर पर चलने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। उन्होंने नाटो राष्ट्र के एक इंच क्षेत्र पर भी आक्रमण करने के खिलाफ पुतिन को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी।

बाइडन ने शुक्रवार को पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेजेज डूडा के साथ एक बैठक के दौरान कहा, मुझे यकीन है कि व्लादिमीर पुतिन नाटो को विभाजित करना चाहते थे। लेकिन वह ऐसा कर नहीं सकते हैं क्योंकि हम एकजुट हैं। पोलैंड में बाइडन ने लोकतंत्र के लिए निरंतर संघर्ष की बात करते हुए एक स्वतंत्र समाज में आवश्यक सिद्धांतों के साथ कानून के शासन और प्रेस की स्वतंत्रता का उल्लेख किया। इस दौरान पोलैंड में उनके समकक्ष आंद्रेजेज डूडा और उनकी लॉ एंड जस्टिस पार्टी के सदस्य भी मौजूद थे। बाइडन ने अपने भाषण में पोलैंड के लोकतंत्र के लिए लंबे संघर्ष को याद किया। वारसॉ के रॉयल कैसल में उन्होंने पोलैंड के आजादी के लिए संघर्ष को याद किया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मन सेनाओं के कब्जे के दौरान अधिकांश वारसॉ को नष्ट कर दिया गया था, जिसका बाद में पुनर्निर्माण किया गया था।



वारसॉ में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन रूस पर हमला बोलते हुए।

# सऊदी अरब ने यमन में हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए

**सना (यमन)।** यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों से लड़ रहे सऊदी अरब नीत गठबंधन ने यहां और लाल सागर तट पर स्थित रणनीतिक महत्व के एक शहर में हवाई हमले किए हैं। इन हमलों में कम से कम आठ लोग मारे गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले सना और होदैदा पर शुक्रवार रात किए गए हवाई हमले सऊदी के जेद्दा शहर में विद्रोहियों द्वारा एक तेल डिपो को निशाना बनाए जाने के एक दिन बाद किए गए हैं। सरकार संचालित सऊदी प्रेस एजेंसी की खबर के मुताबिक, सऊदी नीत गठबंधन के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल तुर्की अल मलिकी ने कहा कि हवाई हमलों में खतरे के स्रोतों को लक्षित किया गया।

उन्होंने दावा किया कि गठबंधन ने शनिवार तड़के विस्फोटकों से लैस दो ड्रोन को नष्ट कर दिया। वहीं, हूति विद्रोहियों ने कहा है कि गठबंधन ने एक बिजली संयंत्र, एक तेल आपूर्ति प्रतिष्ठान और सरकार संचालित सामाजिक बीमा कार्यालय को निशाना बनाया है। एक हूती मीडिया कार्यालय ने दावा किया है कि हवाई हमले में सामाजिक बीमा कार्यालय के सुरक्षा प्रहरियों के मकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम आठ लोग मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। हूती विद्रोहियों के हमले के चलते जेद्दा जाने वाली उड़ानों के रद्द होने पर मिस्र में काहिरा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सैकड़ों यात्री फंस गए। हूती विद्रोहियों ने शनिवार को एकतरफा संघर्ष-विराम की भी घोषणा की, जिसमें यमन में लड़ाई के साथ ही सऊदी अरब पर सीमा पार से हमलों पर तीन दिनों तक रोक लगाना शामिल है। उन्होंने बातचीत में शामिल होने से पहले उनके क्षेत्र में गठबंधन के हवाई और समुद्री अवरोधों को खत्म करने की मांग भी की।

# यूक्रेन के ल्वीव पर रॉकेट से हमले

**भाषा।** ल्वीव (यूक्रेन)

**यूक्रेन** के पश्चिमी शहर ल्वीव पर रूस की ओर से रॉकेट हमले जारी हैं, जो इस बात के संकेत हैं कि रूस देश के केवल पूर्वी हिस्से को निशाना बनाने के अपने दावों के बावजूद देश के अन्य स्थानों पर भी हमला कर रहा है। लगातार हवाई हमलों ने शहर को दहला दिया है।

अभी तक सुरक्षित माने जा रहे इस शहर में आस पास के क्षेत्रों के कम से कम 200,000 लोगों ने शरण ली हुई है। यूक्रेन पर रूसी हमले शुरू होने के बाद से ल्वीव पर अबतक हमले नहीं हुए थे, पिछले सप्ताह मुख्य हवाई अड्डे के पास विमान सुधार केन्द्र पर एक मिसाइल गिरी थी। क्षेत्रीय गवर्नर मैक्सिम कोजित्स्की ने फेसबुक पर कहा कि पहले हमले में दो रूसी रॉकेट शामिल थे जो ल्वीव के उत्तर पूर्वी इलाके में एक औद्योगिक क्षेत्र मे गिरे और इस घटना में चार लोग घायल हो गए। घटनास्थल से कई घंटे तक काला धुआं उठता रहा।

उन्होंने संवाददाताओं से बताया कि दूसरा रॉकेट हमला पहले हमले के कई घंटों बाद शहर के बाहरी इलाके में हुआ और इससे तीन विस्फोट हुए। कोजित्स्की ने कहा कि शनिवार को एक तेल संयंत्र और सेना से जुड़े कारखाने पर हमला किया गया, हालांकि उन्होंने हमले के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। इन दोनों स्थानों पर लोग रहते हैं।

उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति को शनिवार को विस्फोट स्थलों में से एक से जासूसी के संदेह में हिरासत में लिया गया था। उसे एक रॉकेट को लक्ष्य की ओर जाते और हमला करने की पूरी घटना को रिकॉर्ड करते गिरफ्तार किया गया है। कोजित्स्की ने कहा कि पुलिस को उसके फोन में चौकियों की तस्वीरें भी मिलीं हैं जिन्हें रूस में दो नंबरों पर भेजा गया था।

# लॉकडाउन में ढील के बाद भी लोगों में महामारी के कारण अवसाद बरकरार

**बोस्टन।** कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान हमने पाया है कि 2020 के बसंत और 2021 के बसंत में अमेरिका में हर पांच में से एक व्यक्ति संभावित रूप से अवसाद का शिकार हुआ। हमने पाया कि वित्तीय संपत्तियों ने अवसाद के लक्षणों को कम करने में सहायता की, लेकिन इनसे एक सीमा तक ही मदद मिली। प्रकाशित हमारे अनुसंधान में कोविड-19 के कारण अमेरिकी आबादी के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़े प्रभाव को रेखांकित किया गया है। हमने मानसिक स्वास्थ्य एवं संपत्तियों का आकलन करने के लिए मार्च 2020 में एक राष्ट्रीय अध्ययन शुरू किया था। कोविड-19 एक राष्ट्रीय आपात स्थिति थी, क्योंकि मौत की संख्या बढ़ रही थी। स्कूल, कार्यस्थल एवं सरकारी कार्यालय बंद थे और अमेरिकियों को घर पर रहने को कहा गया था। हमने उस समय हमारे अध्ययन में पाया कि 27.8 प्रतिशत अमेरिकी वयस्कों ने गतिविधियों में रुचि समाप्त होने या उदास एवं निराशावान महसूस करने जैसे अवसाद के लक्षणों की शिकायत की। अवसादग्रस्त वयस्कों की यह संख्या महामारी से पहले के समय की तुलना में तिगुनी थी। महामारी से पहले यह संख्या 8.5 प्रतिशत थी।

हमारे लिए सर्वाधिक हैरानी वाली बात यह है कि महामारी के एक साल बाद भी अवसाद की दर ऊंची है, जबकि संक्रमण और मौत की दर कम हुई है। अवसाद के लक्षणों की शिकायत करने वाले वयस्कों की संख्या बढ़कर 32.8 प्रतिशत हो गई है। इससे भी खराब बात यह है कि 2021 की संख्या में वे लोग भी शामिल हैं, जिन्होंने अप्रैल 2020 और अप्रैल 2021 दोनों में अवसाद के लक्षणों की शिकायत की है। हम यह भी पता लगाना चाहते थे कि कौन सी संपत्तियां-वित्तीय, शारीरिक और सामाजिक- वैश्विक महामारी के दौरान लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं। हमारे पहले सर्वेक्षण में पाया गया कि महामारी के दौरान जिनके पास अपेक्षाकृत कम संपत्तियां-खासकर कम वित्तीय संपत्तियां- थीं, उनके कोविड-19 संबंधी तनाव से प्रभावित होने की अधिक आशंका थी। अप्रैल 2021 के सर्वेक्षण में हमारी रुचि मानसिक स्वास्थ्य एवं संपत्तियों की स्थिति के बीच संबंध में अधिक थी। हमने व्यक्तिगत बचतों, मकान के मालिकाना हक जैसी चल संपत्तियों और शिक्षा एवं वैवाहिक स्थिति जैसी सामाजिक संपत्तियों पर ध्यान केंद्रित किया। हमने उन लोगों का अध्ययन किया, जो विवाह, शिक्षा या मकान के मालिकाना हक के संबंध में लगभग समान स्तर पर थे। हमने पाया कि 20,000 डॉलर प्रति वर्ष से कम आय वाले परिवारों में अवसाद के लक्षणों की संभावना 75,000 डॉलर कमाने वालों की तुलना में 3.5 गुना अधिक थी। हमने यह भी पाया कि जिन लोगों की बचत या बैंक खाते में 5,000 डॉलर या उससे अधिक थे, उनमें अवसाद की समस्या अपेक्षाकृत कम रही। बहरहाल, अधिक संपत्ति होने से नौकरी खोने, रिश्ते संबंधी समस्याएं होने या महामारी के दौरान वित्तीय कठिनाइयों का सामना करने संबंधी तनाव के कारण होने वाले अवसाद पर खास असर नहीं पड़ा।

## क्या मायने रखता है?

कोविड-19 के कारण करीब 10 लाख लोगों की मौत हो गई है और करीब 50 लाख लोग अस्पताल में भर्ती हुए, लेकिन राष्ट्र के मानसिक स्वास्थ्य पर वैश्विक महामारी के प्रभाव के अध्ययन की अभी शुरुआत है और हमारा मानना है कि महामारी के कारण राष्ट्र के मानसिक स्वास्थ्य पर लगातार पड़ रहा असर अभूतपूर्व है।

## अब आगे क्या?

हमारा अगला कदम अपेक्षाकृत कम संपत्तियों के साथ वैश्विक महामारी झेलने वाले और इस दौरान नौकरी खोने, रिश्तों से जुड़ी सम्पत्तियां या वित्तीय परेशानियों का सामना करने वाले लोगों संबंधी अन्य क्षेत्रों का अध्ययन करना है। संपत्तियां व्यक्ति को तनाव से निपटने में मदद कर सकती है, लेकिन वे भी महामारी के दौरान तनाव के नुकसानदेह प्रभावों से लोगों को नहीं बचा सकतीं। भले ही वैश्विक महामारी का असर कम होता प्रतीत होता है, लेकिन अमेरिकी अब भी इसका प्रभाव झेल रहे हैं और आगामी लंबे समय तक उनके मानसिक स्वास्थ्य पर इसका दुष्प्रचार जारी रह सकता है।

# नाटो अभ्यास में मारे गए नौसैनिकों के शव अमेरिका भेजे गए

**डाज्जेवर (अमेरिका)।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के एक अभ्यास के दौरान विमान दुर्घटना में मारे गए चार नौसैनिकों के शव शुक्रवार को अमेरिका भेज दिए गए। यूएस मरीन कॉर्प ने कहा कि 18 मार्च को आर्कटिक सर्कल में नॉर्वे के एक शहर में ऑस्प्रे विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चार नौसैनिक मारे गए। नौसेना के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि सैकड़ों अमेरिकी नौसैनिकों, नाविकों, सैन्य सदस्यों और नागरिकों ने शुक्रवार तड़के नॉर्वे के बोडो में दुर्घटना का शिकार हुए नौसैनिकों को अंतिम सलामी दी। मरीन कोर के अधिकारियों ने कहा कि नौसैनिकों के शवों को एयर नेशनल गार्ड सैन्य परिवहन विमान में रखा गया और डेलावेयर में डोवर वायुसेना अड्डा के लिए रवाना किया गया। दुर्घटना में लियोमिनस्टर, मैसाचुसेट्स के कैप्टन रॉस ए. रेनॉल्ड्स (27), फोर्ट वेन, इंडियाना के 27 वर्षीय कैप्टन मैथ्यू जे टॉमकिविज, गनरी सार्जेंट कैम्ब्रिज, ओहायो के 30 वर्षीय जेम्स डब्ल्यू स्पीडी और कैटलेट्सबर्ग, केंटुकी के सी.पी.एल. जैकब एम. मूर (24) की मौत हो गई। नौसैनिकों को मरीन मीडियम टिल्ट्रोटर स्क्वाड्रन 261, मरीन एयरक्राफ्ट ग्रुप 26 , 2 मरीन एयरक्राफ्ट विंग को मरीन कोर एयर स्टेशन न्यू रिवर, नॉर्थ कैरोलिना में तैनात किया गया था।

# सऊदी अरब ने यमन में हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए

सना (यमन)। यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों से लड़ रहे सऊदी अरब नीत गठबंधन ने यहां और लाल सागर तट पर स्थित रणनीतिक महत्व के एक शहर में हवाई हमले किए हैं। इन हमलों में कम से कम आठ लोग मारे गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले सना और होदैदा पर शुक्रवार रात किए गए हवाई हमले सऊदी के जेद्दा शहर में विद्रोहियों द्वारा एक तेल डिपो को निशाना बनाए जाने के एक दिन बाद किए गए हैं।

# सेंसेक्स की शीर्ष दस में सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.14 लाख करोड़ रुपए घटा

**भाषा।** नई दिल्ली

**सेंसेक्स** की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,14,201.53 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 501.73 अंक या 0.86 प्रतिशत नीचे आया।



समीक्षाधीन सप्ताह में जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी और भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस के मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। सप्ताह के दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 34,785.7 करोड़ रुपए घटकर 4,59,121.88 करोड़ रुपए रह गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 26,891.57 करोड़ रुपए घटकर 7,93,855.60 करोड़ रुपए पर आ गया। इसी तरह एचडीएफसी के मूल्यांकन में 20,348.29 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 4,17,511.38 करोड़ रुपए रह गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 14,372.87 करोड़ रुपए घटकर 4,85,801.96 करोड़ रुपए पर आ गई। एसबीआई के बाजार पूंजीकरण में 10,174.05 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 4,37,618.33 करोड़ रुपए पर आ गया। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 7,441.7 करोड़ रुपए के नुकसान से 3,89,522.03 करोड़ रुपए रहा। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 187.35 करोड़ रुपए के नुकसान से 4,22,138.56 करोड़ रुपए आ गया। इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 79,188.07 करोड़ रुपए के जोरदार उछाल के साथ 17,56,635.40 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 12,114.39 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 13,71,589.75 करोड़ रुपए रहा। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 9,404.12 करोड़ रुपए बढ़कर 7,89,352.44 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एसबीआई, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

# भारत, मालदीव ने शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए

**माले।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर और मालदीव के उनके समकक्ष अब्दुल्ला शाहिद ने शनिवार को माना कि क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के क्षेत्रों में प्रगति हुई है। दोनों देशों ने एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के साथ ही भारत के राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क और मालदीव के हायर एजुकेशन नेटवर्क के बीच संपर्क के लिए मार्ग प्रशस्त किया। राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क बहु-गीगाबाइट राष्ट्रीय अनुसंधान और शिक्षा नेटवर्क है, जिसका उद्देश्य भारत में शिक्षा तथा अनुसंधान संस्थानों के लिए एकीकृत उच्च गति वाला नेटवर्क मुहैया कराना है। जयशंकर ने यहां वार्ता के बाद मालदीव के विदेश मंत्री शाहिद के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, विदेश मंत्री शाहिद और मैंने क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के क्षेत्रों में की गई प्रगति को स्वीकार किया। हस्ताक्षर के साथ ही सिंगापुर, यूरोप और अमेरिका से 1500 से अधिक भारतीय संस्थान, विवि और केंद्र भारत के राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क के जरिए मालदीव से जुड़ गए हैं। मालदीव के राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र और एनआईसी के बीच हस्ताक्षरित समझौता शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए महत्वपूर्ण कदम है, मालदीव के हायर एजुकेशन नेटवर्क और भारत के नेशनल नॉलेज नेटवर्क के बीच संपर्क का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

## भारत, मालदीव एक-दूसरे के कोविड-19 टीके प्रमाणपत्रों को मान्यता देने पर राजी

**माले।** भारत और मालदीव एक-दूसरे द्वारा जारी किए कोविड-19 रोधी टीकों के प्रमाणपत्र को परस्पर मान्यता देने पर शनिवार को राजी हो गए। इस कदम से दोनों देशों के बीच यात्रा आसान हो जाएगी और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कोरोना वायरस महामारी के दौरान सफलता की कहानी लिखने के लिए मालदीव को बधाई दी।

# जयशंकर ने जलवायु परिवर्तन संबंधी प्रयासों के लिए मालदीव की प्रशंसा की

**माले।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 10 करोड़ डॉलर की जलवायु अनुकूलन परियोजन लागू करने के लिए मालदीव सरकार की शनिवार को प्रशंसा की और मालदीव के अपने समकक्ष अब्दुल्ला शाहिद को पड़ोसी देश को ऋण, अनुदान और विकास परियोजनाओं के जरिए भारत की ओर से सहयोग देने का वादा किया। जयशंकर ने मालदीव के विदेश मंत्री के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं इस अवसर पर दोनों सरकारों (भारत और मालदीव) तथा मालदीव के लोगों की जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में उनके प्रयासों और महत्वाकांक्षा के लिए तारीफ करना चाहूंगा। भारत, मालदीव के साथ अपनी क्षमताओं को साझा करने के लिए तैयार है। हम पहले ही 34 द्वीप समूहों पर पानी और सफाई की सुविधाओं के विकास में शामिल हैं। उन्होंने कहा, लेकिन द्वीपीय समुदायों को मूल नागरिक सुविधाएं देने के अलावा मालदीव में 10 करोड़ डॉलर की लागत से चल रहे सबसे बड़े जलवायु अनुकूलन उपायों में से एक परियोजना- मुझे लगता है कि बहुत उल्लेखनीय है। जलवायु अनुकूलन परियोजना का उद्देश्य मालदीव के बाहरी द्वीपों के 1,05,000 लोगों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पानी मुहैया कराना है।

# दुर्घटनाग्रस्त विमान का दूसरा ब्लैक बॉक्स मिला

**बीजिंग।** चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस के दुर्घटनाग्रस्त हुए बोइंग 737-800 विमान का दूसरा ब्लैक बॉक्स मिल गया है। यह विमान पिछले सप्ताह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और इस हादसे में विमान में सवार 132 लोगों की मौत हो गई थी। इस विमान का कॉकपिट वाइस रिकॉर्डर चार दिन पहले मिल गया था। इसके बाद से फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर की तलाश की जा रही थी। इन दो रिकॉर्डर की मदद से जांचकर्ता यह पता लगा सकते हैं कि विमान आसमान से अचानक नीचे क्यों गिरा। चाइना ईस्टर्न एयरलाइन्स की उड़ान संख्या एमयू5735 सोमवार को कुनमिंग से दक्षिणपूर्वी चीन के ग्वांगझू आते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी और आधिकारिक संवाद समिति शिन्हुआ ने अधिकारियों से हवाले से फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर मिलने की जानकारी दी।

# कोलोराडो वन आग के चलते 19,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के आदेश

**बोल्डर (अमेरिका)।** अमेरिका के कोलोराडो के जंगल में लगी आग धीरे धीरे दक्षिणी शहर बोल्डर की ओर बढ़ रही है जिसके चलते अधिकारियों ने 19 हजार लोगों को उस स्थान से निकालने और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के आदेश दिए हैं। शहर के आपदा प्रबंधन कार्यालय के अनुसार शनिवार दोपहर तक जंगल की आग 123 एकड़ में फैल गई। निकासी आदेश आठ हजार घरों के लिए जारी किए गए हैं। बोल्डर पुलिस ने ट्वीट किया कि टेबल मेसा के निकट संरक्षित वन भूमि में आग लगी है। आग के चलते एल्डोराडो कैन्यन स्टेट पार्क को बंद कर दिया गया है और अधिकारियों ने लोगों को क्षेत्र से जाने का आदेश दिया है। आग लगने के कारणों के बारे में फिलहाल जानकारी नहीं दी गई है।

# पेट्रोल, डीजल की कीमत में फिर से बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** पेट्रोल की कीमतों में 50 पैसे प्रति लीटर और डीजल की कीमत में रविवार को 55 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। पिछले छह दिन में पांचवी बार कीमत में बढ़ोतरी की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की तरफ से जारी मूल्य संबंधी अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 98.61 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर अब 99.11 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 89.87 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 90.42 रुपए प्रति लीटर हो गई है। पेट्रोल और डीजल के कीमतों में देश भर में वृद्धि की गई है लेकिन इनके दाम स्थानीय कर के आधार पर अलग-अलग राज्यों में भिन्न हैं। कुल मिला कर छह दिनों में पेट्रोल की कीमत 3.70 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 3.75 रुपए प्रति लीटर बढ़ी है।

# वैश्विक रुख तय करेगा शेयर बाजारों की दिशा कायम रहेगा उतार-चढ़ाव का दौर: विशेषज्ञ

**भाषा।** नई दिल्ली

**रूस-यूक्रेन** संघर्ष, मासिक डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान तथा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों की वजह से इस सप्ताह शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव रहने के आसार है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति-पक्ष की चिंताएं निवेशकों की धारणा को प्रभावित करती रहेंगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, इस सप्ताह मार्च के वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) अनुबंधों का निपटान है, जिससे बाजार के दायरे के बारे में दिशा मिलेगी। वैश्विक बाजारों में भी अब सुधार और कुछ स्थिरता दिख रही है। हालांकि, रूस-यूक्रेन के मुद्दे की वजह से अभी अनिश्चितता कायम है और इससे बाजार में उतार-चढ़ाव रहेगा।

मीणा ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव तथा आपूर्ति-पक्ष की चिंता में कच्चे तेल के दाम फिर ऊंचाई पर पहुंच गए है। यदि इनमें और तेजी आती है, तो यह भारतीय बाजार की चिंता बढ़ाएगा। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च माह के डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान की वजह से इस सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, बाजार भागीदारों की निगाह एक अप्रैल को आने वाले वाहन कंपनियों के बिक्री आंकड़ों पर भी रहेगी। वैश्विक मोर्चे पर रूस-यूक्रेन युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों पर सभी की निगाह रहेगी। कच्चे तेल की कीमतों पर भी निवेशक विशेष निगाह रखेंगे।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा बाजार का रुख रुपए के उतार-चढ़ाव तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश के रुख से भी तय होगा। रूस-यूक्रेन संघर्ष में किसी तरह की कमी नहीं आने के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में करीब एक प्रतिशत की गिरावट आई। इससे पिछले दो सप्ताह के दौरान इनमें लाभ दर्ज हुआ था। सैमको सिक्योरिटीज में इक्विटी शोध प्रमुख एशा शाह ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर बाजार में उतार-चढ़ाव रहेगा। चालू वित्त वर्ष के अंतिम मासिक निपटान के चलते बाजार की दिशा प्रभावित होगी।

विश्लेषकों का कहना है कि अनिश्चितता के बावजूद बाजार जुझारू क्षमता दिखा रहा है। हालांकि, वैश्विक धारणा में कमजोरी का यहां भी असर पड़ सकता है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार वैश्विक घटनाक्रमों से दिशा लेगा। युद्ध समाप्त होने और कच्चे तेल की आपूर्ति बढ़ने से भारत अपनी जुझारू क्षमता को कायम रख सकता है। हालांकि, लघु अवधि में उतार-चढ़ाव चिंता का विषय रहेगा।

# इंजीनियरिंग, दूरसंचार, स्वास्थ्य क्षेत्रों में 2025-26 तक उपलब्ध होंगी 1.2 करोड़ नौकरियां : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग, दूरसंचार और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में वित्त वर्ष 2025-26 तक रोजगार के 1.2 करोड़ अवसर उपलब्ध होंगे। एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। टीमलीज सर्विसेज के स्टाफिंग विभाग टीमलीज डिजिटल की रिपोर्ट में कहा गया है कि पुनरुद्धार के साथ प्रौद्योगिकी और डिजिटल की पहुंच बढ़ने से इन क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। रिपोर्ट कहती है कि रोजगार के कुल अवसरों में से 17 प्रतिशत बेहद कुशल और विशेषज्ञता वाले विशेषज्ञ कर्मचारियों या पेशवर कर्मियों के लिए उपलब्ध होंगे। पेशेवर नौकरियां-डिजिटल रोजगार का रुख-रिपोर्ट शीर्षक की रिपोर्ट में इंजीनियरिंग, दूरसंचार और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के 750 से अधिक नियोक्ताओंअधिकारियों की राय ली गई है। टीमलीज डिटिजल के प्रमुख (विशेषज्ञता वाली नौकरियां) सुनील सी ने कहा, इंजीनियरिंग, दूरसंचार और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र उद्योग 4.0 बदलाव की ओर है।



माले में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद समझौते पर किया हस्ताक्षर।



# व्यापक होती ग्रामीण शिक्षा

**अवल मदान का कहना है कि हालांकि इस डिजिटल-संचालित युग में नवाचार सबसे आगे उभर रहा है, मगर प्रौद्योगिकी शिक्षण प्रक्रियाओं के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में व हाशिए की आबादी के बीच कक्षाओं का चेहरा बदल रही है**

जैसे-जैसे दुनिया बदल रही है, डिजिटल संसाधन समय के साथ विकसित हो रहे हैं। यह क्रांति ग्रामीण समुदायों व दूरस्थ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है क्योंकि जनसंख्या में भारी वृद्धि हो रही है और साथ ही उनकी प्राथमिकताएं एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही हैं। इसके बावजूद संसाधनों का वितरण असमान है। इस कारक के कारण, ग्रामीण क्षेत्रों व दूरस्थ स्थानों की तुलना में विकसित या शहरी क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों की जीवन शैली में पर्याप्त अंतर है। शैक्षिक अनुभवों में भी भारी असमानता है। फिर भी, डिजिटल क्रांति गति पकड़ रही है, ग्रामीण क्षेत्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आगे बढ़ रहे हैं।

**ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल संसाधनों की बढ़ती प्रमुखता**

शिक्षा उद्योग एक लगातार विकसित होता बाजार है। महामारी के प्रकोप के बाद से, इस क्षेत्र में डिजिटल स्वीकार्यता को लेकर तेजी देखी गई है। नतीजतन, शैक्षिक सामग्री का उपभोग करने के लिए डिजिटल संसाधनों का अधिक उपयोग किया जाता है। इस अवधारणा में ऐप, सॉफ्टवेयर, प्रोग्राम या वेबसाइट जैसे शिक्षण संसाधन शामिल हैं जो सुनिश्चित करते हैं कि छात्र शिक्षण के दौरान जुड़े रहें और वे उन्हें उनके शिक्षण लक्ष्य प्राप्त



अवल मदान
सीईओ एंड फाउंडर
Awal English.com

करने में मदद करते हैं। तथ्य यह है कि ग्रामीण निवासियों की उन्नत संस्थानों के साथ-साथ चैनलों के शैक्षिक अनुभवों तक पहुंच नहीं है। हालांकि इस डिजिटल-संचालित युग में नवाचार सबसे आगे उभर रहा है, मगर प्रौद्योगिकी शिक्षण प्रक्रियाओं के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में व हाशिए की आबादी के बीच कक्षाओं का चेहरा बदल रही है।

डिजिटल संसाधनों के संदर्भ में, गांव न केवल अधिक शहरीकृत क्षेत्रों के साथ जुड़ रहे हैं, बल्कि परिवर्तन की यात्रा पर भी चल रहे हैं। वे अब और अधिक गतिशील हो रहे हैं और शिक्षण अनुभवों को बढ़ाने के लिए डिजिटल संसाधन शक्तिशाली उपकरण के रूप में प्रमुखता प्राप्त कर रहे हैं।

**ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा देने वाले डिजिटल संसाधन**

हाल के वर्षों में, भारतीय बच्चे और युवा तेजी से प्रौद्योगिकी-संचालित हुए हैं। वे सोशल मीडिया और ऑनलाइन चैनलों के माध्यम से सीखने और आत्मसात करने को तैयार हैं। ऑनलाइन पोर्टल और स्मार्ट प्लेटफॉर्म स्कूल छोड़ने वालों व उन वयस्कों के लिए बहुत फायदेमंद होंगे जिन्होंने अपने परिवार का समर्थन करने के लिए औपचारिक शिक्षा का विकल्प चुना है। चूंकि इंटरनेट की बढ़ती पहुंच तथा स्मार्टफोन की आसान उपलब्धता के कारण शिक्षा कभी भी कहीं भी अवधारणा बन गई है, ऐसे में डिजिटल सामग्री को उपकरणों पर आसानी से देखा जा सकता है और इसे उनकी सुविधा के अनुसार एक्सेस किया जा सकता है। डिजिटल संसाधनों को बाद में शिक्षार्थियों द्वारा उनकी आवश्यकता के अनुसार डाउनलोड और उपयोग किया जा सकता है।

हालांकि लोग स्मार्टफोन जैसे किफायती उपकरणों का उपयोग कर रहे हैं जो लाखों लोगों का जीवन बदल रहे हैं, वे भारत में ग्रामीण शिक्षा के परिदृश्य को भी बढ़ा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार वंचित क्षेत्रों को 'पुरानी' तकनीकों (जैसे रेडियो और टेलीविजन) समेत डिजिटल सामग्री के साथ-साथ स्मार्टफोन, ऐप व इंटरनेट सेवाओं जैसे नए जमाने की तकनीकों को अपनाकर मदद की पेशकश कर रही है।

> डिजिटल संसाधनों पर आसानी से उपलब्धता और सुलभ शैक्षिक सामग्री दूर दराज के स्थानों तक पहुंचने में मदद करती है। वे सहजता से शिक्षण-अध्यापन के अंतर को पाटते हैं और क्षेत्रीय भाषाओं में डिजिटल सामग्री के प्रावधान को सुनिश्चित करते हैं और इस तरह से भागीदारीपूर्ण, संवादात्मक और उच्च स्तरीय शिक्षण अनुभवों को सक्षम बनाते हैं।

ये ज्ञान का शक्तिशाली माध्यम, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और दूर-दराज के क्षेत्रों में व्यापक विश्वदृष्टि हो सकते हैं जहां शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि की आवश्यकता है, जहां संसाधनों की, विशेष रूप से वित्तीय और कुशल शिक्षकों की कमी है।

जैसे-जैसे हम विकास और प्रगति की ओर बढ़ रहे हैं, डिजिटलीकरण सभी क्षेत्रों में गति पकड़ रहा है। नतीजतन, ग्रामीण व दूरदराज के क्षेत्रों में डिजिटल परिवर्तन शैक्षिक अनुभवों को व्यापक बना रहा है। यूट्यूब, इंस्टाग्राम आदि जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सहित डिजिटल संसाधनों पर आसानी से उपलब्धता और सुलभ शैक्षिक सामग्री दूर-दराज के स्थानों तक पहुंचने में मदद करती है। वे सहजता से शिक्षण-अध्यापन के अंतर को पाटते हैं और क्षेत्रीय भाषाओं में डिजिटल सामग्री के प्रावधान को सुनिश्चित करते हैं और इस तरह से भागीदारीपूर्ण, संवादात्मक और उच्च स्तरीय शिक्षण अनुभवों को सक्षम बनाते हैं।

# व्यवसाय के रूप में बेहद मुश्किल है लॉजिस्टिक्स

आज की दुनिया में उद्यमिता और युवा पीढ़ी पर्यायवाची हैं। **प्रदीप शुक्ला** का कहना है कि सरकार और राज्य सरकारों की उदार व्यावसायिक नीतियों के साथ-साथ स्टार्ट-अप के लिए फंडिंग परिदृश्य युवाओं के लिए वरदान रहा है

**योजना बनाने/उपयोग करने में मेंटर्स की मदद लें**

रसद वो लागत है जिसे हर कोई कम करना चाहता है, इसलिए दक्षता महत्वपूर्ण है। लॉजिस्टिक्स कंपनियां और सर्विस पाने वाले भी चाहते हैं कि पूरा सिस्टम जवाबदेह हो। जब जवाबदेही बढ़ती है, तो दक्षता कम हो जाती है, रसद की लागत बढ़ जाती है। इसलिए इस हिस्से को बेहद अहमियत दें। यदि आप कम लागत वाले लाजिस्टिक मॉडल हैं और बेहतर लागत देते हैं और अपने ग्राहक के कुछ पैसे बचाते हैं, लेकिन सेवा स्तरों पर सस्ते हैं, तो यह एक कुशल मॉडल होगा। यदि आप अधिक लागत के साथ एक उच्च स्तरीय मॉडल बनने की योजना बनाते हैं, तो आप स्वचालित रूप से अधिक प्रतिक्रियाशील, बेहतर सेवा स्तर बन जाते हैं और आप अपने ग्राहकों से प्रीमियम सेवाओं के लिए प्रीमियम वसूल सकते हैं। इसे विभिन्न कूरियर सेवाओं द्वारा समझा जा सकता है। कुछ बहुत अधिक कीमत वसूलते हैं, और कई अन्य आपसे उसी पैकेट के लिए कम कीमत वसूलेंगे।

**अपने वित्त की सावधानीपूर्वक योजना बनाएं**

क्या आपने पैसे की खपत करने वाले व्यवसायों के बारे में सुना है? यह उनमें से एक है। इस व्यवसाय में जितने भी व्यावहारिक पहलू आप देखना चाहते हैं, उनके लिए हर कदम पर धन की आवश्यकता होगी। क्योंकि आप एक ऐसी कंपनी हैं जिसका कंप्यूटर और तकनीक से बहुत कम लेना-देना है और माल की आवाजाही और/या भंडारण में उच्च है। आपको धन की आवश्यकता होगी। मेरी सलाह है कि निवेशित फंड के टर्नअराउंड के लिए कम से कम 3-6 महीने का पैसा जरूर रखें। ग्राहकों से भुगतान में कभी-कभी देरी हो जाती है।

**नेटवर्क बेबाकी से**

मेरा विश्वास करें कि आपने मुझे सही सुना है। व्यवसाय में शामिल होना और व्यवसाय करना दो अलग-अलग बातें हैं। आपको ज्यादा से ज्यादा लोगों से जुड़ना होगा। वरिष्ठ, कनिष्ठ, समकालीन, सभी। मदद मांगें, अपने स्टार्ट-अप के लिए कड़ी मेहनत करें। उन लोगों तक पहुंचने की कोशिश करें जिनके पास संगठनों में उच्च पद हैं, लेकिन उनके साथ सम्मान के साथ व्यवहार करें और विनम्र रहें। चतुराई से काम न लें, कुछ नहीं मिलेगा।

**अपने कर्मचारियों के लिए काम करें**

निजी तौर पर, यह सबसे महत्वपूर्ण बात है, मुझे एक उद्यमी बनना पसंद है। अगर आपकी टीम आपके लिए काम करती है, तो आप उनके लिए काम करते हैं। इस डोमेन में स्टार्टअप शुरू करते समय आपको भरोसेमंद लोगों की आवश्यकता होगी। समान विचारधारा वाले लोगों की तलाश करें, बुद्धिमान सह-संस्थापकों व पदाधिकारी लोगों को लें जो आपके उतार-चढ़ाव



में साथ हो सकते हैं। यदि आप अच्छे लोगों से घिरे हैं, तो आपको अच्छा व्यवसाय मिलता है, आप अच्छा व्यवसाय करते हैं, और आप अच्छा लाभ कमाते हैं। उस बात पर मेरा विश्वास करें।

**ज्यादा संसाधन न खरीदें**

पुनः, यह आपको बना सकता है या तोड़ सकता है। संपत्तियां न खरीदें, यदि आप उन्हें किराए पर ले सकते हैं। जब तक आपका ग्राहक इसके लिए भुगतान नहीं करता है और समझौतों की अवधि के लिए लागत का परिशोधन नहीं किया जाता है, तब तक कुछ भी खरीदने में निवेश न करें। आवश्यकता पड़ने पर ट्रक किराए पर लें, आवश्यकता पड़ने पर गोदामों को किराए पर लें। अपनी आवश्यकता के अनुसार कंप्यूटर किराए पर लें।

**सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका**

महामारी ने एक ऐसी स्थिति पैदा कर दी है, जहां प्रौद्योगिकी एक अभिन्न अंग बन गई है, चाहे हम किसी भी कार्यक्षेत्र में काम कर रहे हों। इसी तरह आईटी, आपूर्ति श्रृंखला क्षेत्र में ट्रैकिंग व निगरानी कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ये उपकरण हैं : वेयरहाउस मैनेजमेंट सिस्टम, जीपीएस इनेबल्ड व्हीकल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम, इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम और कई अन्य।

टेक्नोलॉजी से लैस होने से पहले टेक्नोलॉजी को खुद समझ लेना चाहिए। ऐसे स्टार्ट-अप हैं जिन्होंने प्रौद्योगिकी में बहुत निवेश किया है लेकिन सारा पैसा व्यर्थ चला गया है क्योंकि यह उनकी आवश्यकता के मुताबिक नहीं थी।

बाजार में बने रहने के लिए हमें अपनी तकनीक का उन्नयन करते रहना होगा, हालांकि, हमें भी अनुकूल होना चाहिए और समझदारी से चुनाव करना चाहिए।

**-लेखक प्राइम एलसीएस में समूह के निदेशक और सीईओ हैं।**

# ड्रोन के साथ ऊंची उड़ान

**प्रभात सिन्हा** कहते हैं कि ड्रोन बहुत कम या बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के एवं न्यूनतम आवश्यक प्रयास, समय और ऊर्जा के साथ दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंच सकते हैं

अपने बजट भाषण में, भारतीय वित्त मंत्री, निर्मला सीतारमण ने ड्रोन शक्ति योजना के बारे में बात की, जो हमारे देश में ड्रोन को एक सेवा के रूप में प्रोत्साहित करती है। निस्संदेह, ड्रोन केवल रक्षा उपकरणों से लेकर बहुउद्देश्यीय उपकरणों तक विकसित हुए हैं, जिनका उपयोग शासन, खेती, रसद जैसे कई क्षेत्रों के लिए किया जा सकता है। वित्त मंत्री ने कीटनाशकों व पोषक तत्वों के छिड़काव सहित कृषि में ड्रोन के व्यापक उपयोग का प्रस्ताव रखा। प्रस्तावित ड्रोन-ए-ए-सर्विस (डीआरएएएस) मॉडल में नए व्यापार व रोजगार क्षेत्रों के लिए भारत के विखंडित ड्रोन उद्योग को सुधारने और बढ़ावा देने की क्षमता है। ड्रोन शक्ति योजना के तहत कई क्षेत्रों में ड्रोन शक्ति को लागू करने के लिए स्टार्टअप को प्रोत्साहित किया जाएगा। वित्त मंत्री के अनुसार चुनिंदा आईटीआई में सभी राज्यों में कौशलयुक्त होने के लिए जरूरी कोर्स शुरू किए जाएंगे। आईटीआई पाठ्यक्रम में ड्रोन को शामिल करने से ड्रोन आधारित पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक मजबूत आधार तैयार होगा।

हालांकि ड्रोन पिछले दो दशकों से मौजूद हैं, लेकिन बीते कुछ साल मानव रहित हवाई वाहनों के विकास में बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं। चाहे हम इसे फ्लाइंग मिनी रोबोट कहें या मिनिएचर पायलटलेस एयरक्राफ्ट हों, प्रमुख ड्रोन गतिविधियों को फ्लाइट पायलटिंग और ऑपरेशन, डेटा विश्लेषण एवं डेटा प्रोसेसिंग के रूप में पहचाना जा सकता है। ड्रोन आईओटी तकनीक का उपयोग करके बनाए जाते हैं, जिसमें एक नियंत्रक शामिल होता है जिससे लॉन्च, नेविगेशन और लैंडिंग गतिविधियों को रिमोट कंट्रोल, मोबाइल ऐप या स्वचालित की मदद से नियंत्रित किया जाता है। नियंत्रक वाई-फाई जैसी रेडियोधर्मी तरंगों की सेवा के साथ संचार करते हैं। किसी भी अन्य सक्रिय उपकरण की तरह, ड्रोन को भी बैटरी या ईंधन जैसे शक्ति स्रोत की आवश्यकता होती है। ड्रोन प्रोपेलर, रोटार और एक फ्रेम से भी लैस हैं। ड्रोन मिश्रित और हल्के पदार्थों से बने होते हैं ताकि बेहतर परिवहन क्षमता के साथ उनका वजन काफी कम हो।

ड्रोन न केवल सेना की मदद कर रहे हैं, बल्कि वे जटिल गतिविधियों वाले व्यवसायों की भी समय पर और प्रभावी तरीके से मदद कर रहे हैं जिन्हें आम तौर पर मनुष्यों द्वारा पूर्ववत नहीं किया जा सकता है। व्यवसायों द्वारा ड्रोन को अपनाना त्वरित है क्योंकि दुनिया भर की कंपनियों ने ड्रोन की असीम क्षमता की पहचान की है। यह गति, उत्पादकता और दक्षता को बढ़ाता है और सटीकता में सुधार करता है। एक्सप्रेस शिपिंग और डिलीवरी, मानव रहित कार्गो परिवहन, पत्रकारिता और फिल्म के लिए हवाई फोटोग्राफी, प्रभावी आपदा प्रबंधन के लिए जानकारी एकत्र करने, खोज और बचाव कार्यों के लिए थर्मल सेंसर ड्रोन, दुर्गम इलाके व स्थानों का भौगोलिक मानचित्रण, सुरक्षा निरीक्षण, फसलों के निर्माण के लिए ड्रोन का प्रमुख रूप से उपयोग किया जाता है। निगरानी व आकलन, सीमा नियंत्रण निगरानी और कानून प्रवर्तन, तूफान ट्रैकिंग, तूफान और बवंडर के लिए मौसम का पूर्वानुमान। ड्रोन बहुत कम या बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के और न्यूनतम





प्रभात सिन्हा
आईटी विशेषज्ञ और अमेज़ॅन बेस्टसेलर लेखक इनोवेट एंड सीज़ योर सक्सेस

आवश्यक प्रयास, समय और ऊर्जा के साथ दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंच सकते हैं। नतीजतन, दुनिया भर में ड्रोन को अपनाया जा रहा है, विशेष रूप से सैन्य, वाणिज्यिक, व्यक्तिगत और भविष्य प्रौद्योगिकी द्वारा।

हाल ही में, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने तेलंगाना राज्य सरकार की एक परियोजना को दूरस्थ क्षेत्रों में टीके पहुंचाने के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग करने की मंजूरी दी। कृषि क्षेत्र के विकास के लिए ड्रोन प्रौद्योगिकी पर बहुत कुछ निर्भर करता है। ड्रोन खेतों में समान रूप से कीटनाशकों व सूक्ष्म पोषक तत्वों का छिड़काव करेंगे और वे फसलों की निगरानी तथा किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों की पहचान करने के लिए व्यापक रूप से उपयोग किए जाएंगे। सरकार द्वारा शुरू की गई स्वामित्व योजना ने लाखों गांव वासियों को संपत्ति कार्ड के साथ मदद की है। अग्नि सुरक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और बाढ़ राहत जैसी आपातकालीन सेवाओं के लिए ड्रोन का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है जहां मानव हस्तक्षेप जीवन को जोखिम में डालता है। कई राज्यों के पुलिस विभाग कानून प्रवर्तन गतिविधियों, जैसे कि-खोज और बचाव, अपराध स्थल विश्लेषण, निगरानी, भीड़ की निगरानी आदि के लिए ड्रोन का उपयोग करते हैं। हाल ही में बिहार पुलिस ने शराब प्रतिबंध लागू करने हेतु ड्रोन का उपयोग दूरस्थ व घनी आबादी वाले क्षेत्रों में स्थित शराब निर्माताओं और वितरकों का पता लगाने के लिए करना शुरू कर दिया है।

मन्ना नाम की एक आयरिश कंपनी ने पिछले साल अपनी ड्रोन डिलीवरी सेवाएं शुरू की थीं। उनके मुताबिक, ड्रोन डिलीवरी कार-आधारित डिलीवरी से 90 फीसदी सस्ती है। ड्रोन उद्योग आशाजनक लग रहा है क्योंकि ड्रोन सेवा बाजार 2026 में तीन गुना बढ़कर 40.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने की उम्मीद है, जो हाल ही में 2021 में 13.9 बिलियन के बाजार मूल्य पर है। ड्रोन क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने ड्रोन और उनके कच्चे माल के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। कोविड 19 के दौरान लगाए गए लॉकडाउन ने कंपनियों के रूप में ड्रोन तकनीक का विकास बढ़ाया और सरकारी संगठनों ने इसका तेजी से उपयोग करना शुरू कर दिया। अमेजोन प्राइम एयर, जोमेटो, फेडेक्स, बोइंग, डीएचएल इंटरनेशनल जीएमबीएच, ड्रोन डिलीवरी कनाडा कॉर्प, एयरबस जैसी प्रमुख कंपनियों ने पहले ही अपनी ड्रोन डिलीवरी सेवाएं शुरू कर दी हैं। त्वरित विकास के अवसरों वाले युवाओं के लिए ड्रोन सेक्टर एक आकर्षक करियर विकल्प बन गया है। इसमें रोजगार के पर्याप्त अवसरों के साथ कई अन्य उद्योगों को विकसित करने और उसमें प्रवेश करने की क्षमता है।

कई क्षेत्रों में ड्रोन के बढ़ते उपयोग से कई संबद्ध जोखिम हैं जैसे उदाहरण के लिए, ड्रोन हमले, हथियारों की डिलीवरी, आतंकवाद में वृद्धि। ड्रोन पारंपरिक हथियारों की तुलना में तुलनात्मक रूप से सस्ते होते हैं लेकिन फिर भी बेहतर पहुंच के साथ विनाशकारी हो सकते हैं। जाहिर है, ड्रोन हमलों की संख्या बढ़ रही है, हमने पिछले साल जम्मू हवाई अड्डे पर अपने देश में एक ड्रोन हमले का भी सामना किया था। नतीजतन, डीआरडीओ ने एक ड्रोन रोधी प्रणाली विकसित की है, और दूसरी विकास में है। एंटी-ड्रोन सिस्टम में सॉफ्ट किल और हार्ड किल विकल्प उपलब्ध हैं। सॉफ्ट किल ऑप्शन ड्रोन को जाम कर देता है, हार्ड-किल ऑप्शन लेजर तकनीक, अन्य ड्रोन या मिसाइल की मदद से ड्रोन को मार गिराता है। ड्रोन के विनाशकारी उपयोग को रोकने के लिए सरकार को सख्त कानून व नियम बनाने चाहिए। आगे रक्षा ड्रोन किसी भी परिस्थिति में गैर-रक्षा उद्देश्यों के लिए नहीं खरीदे जाने चाहिए।

**लेखक आईटी विशेषज्ञ और अमेजॅन बेस्टसेलर लेखक हैं जिन्होंने इनोवेट एंड सीज योर सक्सेस पुस्तक लिखी है**

# बीते वर्ष में वैकल्पिक प्रतिष्ठा का उदय

**सुमेश नायर** का कहना है कि वैकल्पिक प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है क्योंकि यह उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा प्रदान किए जाने वाले कार्यक्रमों और कंपनियों के लिए आवश्यक कौशल के बीच की खाई को पाटती है

एडटेक स्पेस में त्वरित बदलाव होने से, माध्यमिक-उपरांत शिक्षा या उच्च शिक्षा में काफी बदलाव आया है। ऑनलाइन शिक्षा नया सामान्य हो गयी है। नई प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है जो दुनिया भर में लाखों छात्रों, शिक्षाविदों और शिक्षार्थियों को जोड़ती है। वैकल्पिक साख की एक विस्तृत श्रृंखला है। इनमें सूक्ष्म प्रतिष्ठाएं, डिजिटल बैज और उद्योग-मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र शामिल थे, जिन्होंने योग्यता निखार और पुनर्कौशल के मामले में उनके द्वारा दिए जाने वाले भारी लाभों के कारण शिक्षार्थियों का ध्यान आकर्षित किया। इन वैकल्पिक प्रतिष्ठाओं की भारी मांग का एक अन्य कारण इनकी सामर्थ्य है। यह अपनी गति से सीखने की सुविधा के साथ दूरस्थ स्थानों से सीखने में आसानी प्रदान करती है।

पिछले एक साल में, वैकल्पिक प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है क्योंकि यह उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा प्रदान किए जाने वाले कार्यक्रमों और कंपनियों के लिए आवश्यक कौशल के बीच की खाई को पाटती है। कोविड 19 ने शिक्षा व कौशल की धारणा को बदल दिया है। इसने 2019 में 36 बिलियन पूर्णतया ऑनलाइन स्नातक डिग्री के लिए बाजार को और तेज कर दिया है। पारंपरिक बाजार का समर्थन, परिवर्तित या प्रतिस्थापित ऑनलाइन डिग्री या वैकल्पिक प्रतिष्ठा किस हद तक हो, यह निर्धारित किया जाना बाकी है। लेकिन डेटा बताता है कि 2019 में वैश्विक वैकल्पिक और सूक्ष्म-प्रतिष्ठा मार्केट का हिस्सा अभी भी केवल 10 अरब डालर था। हालांकि, 2021 तक, यह संख्या नाटकीय रूप से बढ़ गई। महामारी के कारण, लोगों ने पारंपरिक शिक्षा के बजाय कौशल बढ़ाने और ज्ञान प्राप्त करने पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया।

**वैकल्पिक प्रतिष्ठा के उदय के कारण**

लचीलापन और अतिरिक्त ज्ञान प्रदान करती है – उच्च शिक्षा परंपरागत रूप से दीर्घकालिक शिक्षण मॉडल पर हावी रही है। इसमें भविष्य की भूमिकाओं और व्यवसायों के लिए उपयुक्त ज्ञान के निकायों के साथ संयुक्त रूप से निर्मित,



सुमेश नायर
को-फाउंडर एंड सीईओ
ऑफ बोर्ड इनफिनिटी

ऑर्डर किए गए और चयनित पाठ्यक्रम शामिल हैं। मानक योग्यता की सीमा की गणना, सीखने के समय की गणना करके की जाती है जिसे बाद में प्रत्येक योग्यता के समग्र शिक्षण-स्तर के लिए आम तौर पर सहमत मानकों के साथ छोटे मॉड्यूल में विभाजित किया जाता है। ये छोटे मॉड्यूल (विषय, इकाइयां, पाठ्यक्रम, कक्षाएं) पारंपरिक रूप से क्रेडिट से परे स्वतंत्र रूप से मान्यता प्राप्त नहीं थे। इसलिए, वैकल्पिक साख जो व्यापक शिक्षण के दायरे और लचीलेपन की पेशकश करते हैं, ने गति प्राप्त की, क्योंकि व्यवसाय ऐसे संसाधन प्राप्त करने के इच्छुक होते हैं जिन्होंने पाठ्यक्रम अध्ययन से परे कौशल हासिल कर लिया है। नियोक्ताओं के बीच उच्च विश्वसनीयता : उस हद तक जहां तक पारंपरिक उत्तर-माध्यमिक शिक्षा मॉडल का तेजी से बदलती उद्योग आवश्यकताओं का समर्थन विवादास्पद है। ऐसे माहौल में जहां डिग्री और औपचारिक शिक्षा की बढ़ती लागत, सरकार व व्यक्तिगत शोधन क्षमता से अधिक है, पिछले 5-10 वर्षों में कई उपकरण व विकल्प विकसित किए गए हैं। हालांकि, भर्ती करने वालों, विकल्पों व मॉडलों की उलझन और जटिलता बनी हुई है। आज, वैकल्पिक प्रतिष्ठा इन सभी मुद्दों को हल करने और भर्ती करने वालों का विश्वास हासिल करने का एक प्रभावी तरीका है।

**पिछले वर्ष में वृद्धि**

एक एमओओसी सर्च इंजन, क्लास सेंट्रल, के अनुसार, दुनिया भर में 2019 में लगभग 900 एचईआई एमओओसी की पेशकश कर रहे थे। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी खडगपुर और यूनिवर्सिटी ऑफ नेपल्स फेडेरिको द्वितीय, जैसे उच्च शिक्षा संस्थान, 150 से अधिक पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। आज, कई अन्य निजी संगठन शिक्षार्थियों को अत्यधिक मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र प्राप्त करने में मदद करने हेतु अत्यधिक उन्नत वैकल्पिक प्रमाण-पत्र प्रदान करते हैं, जो विश्व स्तर पर संगठनों द्वारा स्वीकार किए जाते हैं।

बड़ी कंपनियां, खास तौर पर प्रौद्योगिकी कंपनियां, विशेष रूप से क्यूरेटेड प्रशिक्षण कार्यक्रम भी प्रस्तावित करती हैं। अमेजोन, सिस्को, गूगल, आईबीएम, माइक्रोसाफ्ट और अन्य तकनीकी कंपनियां सकारात्मक रूप से सूचना प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता व साइबर सुरक्षा पर केंद्रित वैकल्पिक प्रतिष्ठा प्रोग्राम की पेशकश कर रही हैं।

आज, अन्य निजी संगठनों ने भी अपने कर्मचारियों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करने का उपक्रम किया है। वैकल्पिक प्रतिष्ठा का भविष्य हर क्षेत्र के शिक्षार्थियों की मदद करने के लिए नए कार्यक्रमों को लागू करने के साथ-साथ भावी अनुसंधान और विकास में निहित है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास हुआ है, मगर यह अभी शुरुआत है!

# ललित और अक्षर ने दिलाई दिल्ली को जीत

## ● मुंबई को चार विकेट से हराया

**भाषा। मुंबई**

**ललित यादव** और अक्षर पटेल ने पांच ओवर में 75 रन की अटूट साझेदारी करके दिल्ली कैपिटल्स को रविवार को यहां मुश्किल परिस्थितियों से उबारकर मुंबई इंडियन्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चार विकेट से जीत दिलाई। दिल्ली की टीम 178 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 14वें ओवर में छह विकेट पर 104 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन ललित (38 गेंदों पर नाबाद 48, चार चौके, दो छक्के) और अक्षर (17 गेंदों पर नाबाद 38, दो चौके, तीन छक्के) ने यहीं से जिम्मेदारी संभालकर अपनी टीम का स्कोर 18.2 ओवर में 179 रन पर पहुंचाया। इससे पहले मुंबई ने इशान किशन (48 गेंदों पर नाबाद 81 रन, 11 चौके दो छक्के) की बड़ी अर्धशतकीय पारी की मदद से बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के झटकों के बावजूद पांच विकेट पर 177 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। रोहित शर्मा (32 गेंदों पर 41, चार चौके, दो छक्के) और इशान ने पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़कर बल्लेबाजी का न्योता पाने वाले मुंबई को बहुत अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन इन दोनों के अलावा मुंबई का कोई भी अन्य बल्लेबाज देर तक नहीं टिक पाया। कुलदीप दिल्ली के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके जवाब में दिल्ली का शीर्ष और मध्यक्रम लड़खड़ा गया था। दिल्ली के लिए तीन ओवर तक सब कुछ सही चल रहा था। उसने इन ओवरों में 30 रन बना लिए थे लेकिन अचानक ही चार गेंद और दो रन के अंदर उसके तीन विकेट निकल गए और इनमें कप्तान ऋषभ पंत (एक) का विकेट भी शामिल था। लेग स्पिनर मुरूगन अश्विन (14 रन देकर दो) ने चौथे ओवर में गेंद संभाली। उनकी दूसरी गेंद पर पारी के शुरू में इशान की जगह विकेटकीपिंग कर रहे आर्यन जुयाल ने उनका कैच छोड़ा लेकिन वह अगली गेंद पर टिम सीफर्ट (21) और फिर मनदीप सिंह (शून्य) का विकेट लेने में सफल रहे। पंत ने टाइमल मिल्स की अगले ओवर की अतिरिक्त उछाल लेती अगली गेंद पर थर्डमैन पर कैच थमा दिया। स्कोर तीन विकेट पर 32 रन हो गया। पृथ्वी सॉव (24 गेंदों पर 38 रन, चार चौके, दो छक्के) अच्छी तरह से पारी संवार रहे थे लेकिन पुल शॉट खेलने में ढिलाई के कारण फिर से उन्हें अपना विकेट गंवाना पड़ा। बासिल थम्पी (35 रन देकर तीन) ने इसी ओवर में एक और शार्ट पिच गेंद पर रोवमैन पॉवेल को आउट करके दिल्ली के खेमे में खलबली मचा दी। शार्दुल ठाकुर (11 गेंदों पर 22) गेंदबाजी की भरपाई बल्लेबाजी करने के मूड में दिख रहे थे।


ललित व अक्षर

### कैपिटल्स में कुलदीप को मिली मानसिक सुरक्षा : अक्षर

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के हरफनमौला अक्षर पटेल ने रविवार को यहां कहा कि उनकी फ्रेंचाइजी ने कुलदीप यादव को टीम में जगह को लेकर सुरक्षा की भावना दी जिससे कलाई के इस भारतीय स्पिनर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मे टीम के पहले मैच मे मुंबई इंडियन्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। अपनी पूर्व फ्रेंचाइज़ी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए पिछले दो सत्र में ज्यादातर मैचों में अंतिम एकादश से बाहर रहने वाले कुलदीप ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ 18 रन देकर तीन विकेट लिए। दिल्ली कैपिटल्स की जीत में अहम भूमिका निभाने के लिए वह मैन ऑफ द मैच चुने गए। मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में जब अक्षर से कुलदीप के प्रदर्शन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह सब मानसिकता के बारे में है। वह आईपीएल मे संघर्ष कर रहे थे क्योंकि केकेआर की टीम मे उनकी जगह सुरक्षित नही थी। उसे यकीन नही था कि वह अपने सभी मैच खेलेगा।

### रोहित पर 12 लाख का जुर्माना

**मुंबई।** मुंबई इंडियन्स के कप्तान रोहित शर्मा पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रविवार को खेले गए आईपीएल मैच में धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल ने मीडिया विज्ञप्ति मे कहा, मुंबई इंडियन्स पर 27 मार्च को मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2022 मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण जुर्माना लगाया गया है।

### स्कोरबोर्ड

**मुंबई इंडियन्स:** रोहित का पॉवेल बो कुलदीप 41, किशन नाबाद 81, अनमोलप्रीत का ललित यादव बो कुलदीप 08, तिलक का पृथ्वी सॉव बो खलील अहमद 22, पोलार्ड का सीफर्ट बो कुलदीप यादव 03, डेविड का मनदीप सिंह बो खलील अहमद 12, सैम्स नाबाद 07, अतिरिक्त (लेग बाई 01, वाइड 02) 03, **कुल** (20 ओवर मे, पांच विकेट पर) 177, **विकेट पतन** : I-67, 2-83, 3-117, 4-122, 5-159, **गेंदबाजी** : ठाकुर 4-0-47-0, खलील 4-0-27-2, पटेल 4-0-40-0, नागरकोटी 2-0-29-0, यादव 4-0-18-3, यादव 2-0-15-0

**दिल्ली कैपिटल्स:** सॉव का इशान बो थम्पी 38, सीफर्ट बो अश्विन 21, सिंह का तिलक वर्मा बो अश्विन 00, पंत का डेविड बो मिल्स 01, ललित नाबाद 48, पावेल का सैम्स बो थम्पी 00, ठाकुर का रोहित बो थम्पी 22, पटेल नाबाद 38, अतिरिक्त (लेग बाई 04, वाइड 07) 11, कुल (18.2 ओवर मे छह विकेट पर) 179, **विकेट पतन** : I-30, 2-30, 3-32, 4-72, 5-72, 6-104, **गेंदबाजी:** सैम्स 4-0-57-0, बुमराह 3.2-0-43-0, थम्पी 4-0-35-3, अश्विन 4-0-14-2, मिल्स 3-0-26-I।

# डुप्लेसी की आतिशी पारी से बेंगलुरु ने दो विकेट पर बनाए 205 रन



**भाषा। मुंबई**

**नए कप्तान फाफ** डुप्लेसी की 88 रन की ताबड़तोड़ पारी और पूर्व कप्तान विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में रविवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 205 रन बनाए। अपनी पारी की शुरुआत 30 गेंद में 17 रन बनाने वाले डुप्लेसी ने 57 गेंद की पारी में सात छक्के और चार चौके लगाए। कोहली ने भी उनका शानदार तरीके से साथ देते हुए 29 गेंद में एक चौका और दो छक्के जड़ित नाबाद पारी में 41 रन बनाए। आखिरी ओवरों में दिनेश कार्तिक ने 14 गेंद में नाबाद 32 रन बनाए। उन्होंने तीन चौके और इतने ही छक्के जड़े। पंजाब के गेंदबाजों ने 12 वाइड सहित 23 अतिरिक्त रन देकर बेंगलोर के बल्लेबाजों का काम आसान किया। पंजाब के टॉस जीतने के बाद गेंदबाजी का फैसला किया और उसके गेंदबाजों में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के सलामी बल्लेबाजों डुप्लेसी और अनुज रावत को खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया। पावर प्ले में बेंगलोर की टीम सिर्फ चार बार गेंद को सीमा रेखा के पार भेज सकी और इस दौरान उसका स्कोर बिना किसी नुकसान के 41 रन था। इस बीच चौथे ओवर में ओडीन स्मिथ की गेंद में शाहरुख खान ने डुप्लेसी का आसान कैच टपका दिया। सातवें ओवर में राहुल चाहर (22 रन पर एक विकेट) ने रावत को बोल्ड कर डुप्लेसी के साथ उनकी अर्धशतकीय साझेदारी को तोड़ा। रावत ने 20 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाए। टीम के पूर्व कप्तान कोहली ने शुरू में संभल कर बल्लेबाजी की और 10वें ओवर में हरप्रीत बराड़ के खिलाफ छक्का जड़कर अपना हाथ खोला। 10 ओवर के बाद टीम का स्कोर एक विकेट पर 70 रन था। डुप्लेसी और कोहली ने इसके बाद खुलकर खेलना शुरू किया। दोनों ने 13वें ओवर में स्मिथ के खिलाफ 23 रन बटोरे जिसमें डुप्लेसी ने दो छक्के और एक चौका जड़ा। उन्होंने इसके बाद डुप्लेसी ने 14वें ओवर में हरप्रीत के शुरुआती दोनों गेंदों पर छक्का जड़ा जबकि विराट कोहली ने पांचवीं गेंद पर अंपायर के सिर के ऊपर से शानदार छक्का लगाया। डुप्लेसी ने 16वें ओवर में अर्शदीप (31 रन पर एक विकेट) के खिलाफ छक्का लगाकर कोहली के साथ 55 गेंद में शतकीय साझेदारी पूरी की। उन्होंने इस ओवर की आखिरी गेंद को एक बार फिर दर्शकों के पास भेजा। डुप्लेसी को जीवनदान देने वाले शाहरुख ने 18वें ओवर में अर्शदीप की पहली गेंद पर शानदार कैच लपक कर उनकी पारी को खत्म किया। डुप्लेसी के आउ ट होने के बाद दिनेश कार्तिक ने उन्हीं के अंदाज तें खेल जारी रखते हुए 19वें ओवर में स्मिथ के खिलाफ दो छक्के और एक चौका जडा जबकि आखिरी ओवर में संदीप शर्मा के खिलाफ छक्का और दो चौके जड़कर स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। बेंगलोर की टीम ने अपनी पारी में 13 छक्के और नौ चौके जड़े।

### स्कोरबोर्ड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर पारी:**
फाफ डुप्लेसी का शाहरुख बो अर्शदीप 88, अनुज रावतबो चाहर 21, कोहली नाबाद 41, कार्तिक नाबाद 32, **अतिरिक्त** (बाई: 05, लेग बाई: 06, वाइड: 12) 23, **कुल** : (20 ओवर मे दो विकेट पर) 205 रन, **विकेट पतन:** I-50, I-168, **गेंदबाजी:** संदीप 4-0-37-0, अर्शदीप 4-0-31-I, स्मिथ 4-0-52-0, चाहर 4-0-22-I, बराड़ 3-038-0, लिविंगस्टोन I-0-14-0

### नितेंद्र और ज्योति ने जीती नई दिल्ली मैराथन

**नई दिल्ली।** रियो ओलंपियन नितेंद्र सिंह रावत और ज्योति गावटे ने रविवार को यहां एजिस ź398डरल लाइफ इंश्योरेंस नई दिल्ली मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। छह पुरुष धावकों ने इस बीच राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलो के लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के तय मानकों को भी हासिल किया। नितेन्द्र रावत ने शुरू से बढ़त बनाए रखते हुए पूर्ण मैराथन का खिताब 2:16.05 (दो घंटे, 16 मिनट, पांच सेकेंड) का प्रभावशाली समय लेकर जीता। अनीश थापा मगर (2:16.41) और अनिल कुमार सिंह (2:16.47) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

### अर्जुन, हर्ष और गुकेश शीर्ष पर काबिज

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगैसी, हर्ष भरतकोटि और डी गुकेश रविवार को यहां दिल्ली अंतरराष्ट्रीय ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के 19वे संस्करण मे संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज है। टूर्नामेंट मे अब सिर्फ दो दौर का खेल बचा है और यह रोमांचक समापन की ओर बढ़ रहा है जिसमे भारत के तीन खिलाड़ी अब सात अंकों के साथ तालिका मे संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे है।

### कोरोना पॉजिटिव पाए गए न्यूजीलैंड के बल्लेबाज चैपमैन बाहर

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्क चैपमैन कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के कारण नीदरलैंड के खिलाफ आगामी वनडे श्रृंखला से बाहर हो गए है। तीन मैचो की श्रृंखला मे उनकी जगह जॉर्ज वर्कर ने ली है। उन्होने आखिरी बार 2018 मे न्यूजीलैंड के लिए खेला था। टी20 टीम का हिस्सा रहे चैपमैन शनिवार को नैपियर से आक्लैंड पहुंचे और रविवार को उनमे कोरोना के लक्षण पाए गए।

### इस आईपीएल में धोनी के कप्तानी छोड़ने पर 2021 में बात की थी : फ्लेमिंग

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा है कि महेंद्र सिंह धोनी का कप्तानी छोड़ने का फैसला अचानक लिया गया नही है बल्कि इस पर पिछले सत्र मे ही बात हुई थी। फ्लेमिंग ने हालांकि कहा कि कप्तानी छोड़ने की टाइमिंग को लेकर फैसला धोनी पर छोड़ दिया गया था। उन्होने आईपीएल 15 के पहले मैच मे कोलकाता नाइट राइडर्स से मिली छह विकेट से हार के बाद वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, हमने इस पर बात की है। एम एस ने पिछले सत्र मे मुझसे इस बारे मे बात की थी। टाइमिंग का फैसला उसका अपना था।

### निरंतरता का अभाव रहे भारतीय महिला टीम की हार के कारण

**नई दिल्ली।** टीम मे दरार, फिटनेस से जुड़े मुद्दो और धारहीन आक्रमण भारतीय टीम के आईसीसी महिला वनडे विश्व कप से जल्दी बाहर होने के मुख्य कारण रहे। पांच साल पहले उप विजेता रहने के बाद भारत मे महिला क्रिकेट का चेहरा बदल गया था और इसलिए उम्मीद की जा रही थी कि टीम इस बार आगे बढ़ने मे सफल रहेगी। लेकिन भारतीय अभियान निराशाजनक तरीके से लीग चरण मे ही समाप्त हो गया।

# स्विस ओपनः सिंधू ने जीता खिताब

## ● प्रणय पुरुष एकल के उपविजेता बने

**भाषा। बासेल**

**भारत की शीर्ष** महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के फाइनल में रविवार को यहां थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरंगफान को हराकर मौजूदा सत्र का अपना दूसरा महिला एकल खिताब जीता लेकिन पुरूष एकल के फाइनल में एच एस प्रणय को हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट में अपना लगातार दूसरा फाइनल खेल रही दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने यहां सेंट जैकबशाले में चौथी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की खिलाड़ी को 49 मिनट तक चले मुकाबले में 21-16, 21-8 से हराया। बुसानन के खिलाफ 17 मैचों में यह सिंधू की 16वीं जीत है। वह उनसे सिर्फ एक बार 2019 हांगकांग ओपन में हारी है। प्रणय हालांकि इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी की चुनौती से पार नहीं ना सके। प्रणय चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से 48 मिनट तक चले मुकाबले में 12-21, 18-21 से हार गए। सिंधू पिछले सत्र के फाइनल में रियो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता स्पेन की कैरोलिना मारिन से हार गई थीं। हैदराबाद की 26 वर्षीय खिलाड़ी की इस स्थल से हालांकि सुखद यादें जुड़ी है। उन्होंने 2019 में विश्व चैंपियनशिप में यहां स्वर्ण पदक जीता था। सिंधू ने इस साल जनवरी में लखनऊ में सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 जीता था। सुपर 300 टूर्नामेंट बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) टूर कार्यक्रम का दूसरा सबसे निचला स्तर है। हैदराबाद की खिलाड़ी ने इस मैच में आक्रामक शुरुआत की और 3-0 की बढ़त बना ली। बुसानन ने हालांकि वापसी करनी शुरू की और स्कोर को 7-7 से बराबर कर लिया। बुसनान सिंधू को नेट से दूर रखने की कोशिश कर रही थी लेकिन अपने शॉट को ठीक से खत्म नहीं कर पा रही थी।



### मोदी ने बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को स्विस ओपन जीतने पर बधाई देते हुए रविवार को कहा कि उनकी उपलब्धियां भारत के युवाओ को प्रेरित करती है। मोदी ने ट्वीट किया, स्विस ओपन 2022 जीतने पर पीवी सिंधू को बधाई। उनकी उपलब्धियां भारत के युवाओ को प्रेरित करती है। उन्हे भविष्य की प्रतियोगिताओ के लिए शुभकामनाएं।

# गुजरात व लखनऊ की नजरें जीत के साथ पदार्पण करने पर

**भाषा। मुंबई**

**आक्रामक हरफनमौलाओं** से भरी गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स सोमवार को जब इंडियन प्रीमियर लीग में एक दूसरे के खिलाफ पदार्पण करेंगी तो उनका इरादा जीत के साथ आगाज करने का होगा।
गुजरात की पारी की शुरूआत शुभमन गिल और अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज कर सकते हैं। दोनों फॉर्म में होने पर किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में माहिर हैं। वैसे वानखेड़े स्टेडियम पर गेंदबाजों को उछाल मिल सकती है जिससे उन्हें सावधान रहना होगा। गुजरात के प्रदर्शन का दारोमदार कप्तान हार्दिक पंड्या पर होगा जिन्हें वानखेड़े स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस के लिए खेलने का काफी अनुभव है। छक्के जड़ने में उस्ताद हार्दिक को बल्लेबाजी क्रम में और ऊपर आना होगा। इसी तरह राहुल तेवतिया भी आईपीएल में एक मैच के चमत्कार का ठप्पा हटाने की कोशिश में होंगे। वह पहले ही कह चुके हैं कि बतौर बल्लेबाज अधिक जिम्मेदारी से खेलना चाहते हैं। हरफनमौला विजय शंकर के चार ओवर भी महत्वपूर्ण होंगे। ए तीनों अपने दम पर मैच जिताने की क्षमता रखते हैं और गुजरात को उम्मीद होगी कि ए एक ईकाई के रूप में सोमवार को अच्छा प्रदर्शन करें। कर्नाटक के अभिनव मनोहर और डेविड मिलर मध्यक्रम में उतरेंगे। गेंदबाजी में मोहम्मद शमी नेतृत्व करेंगे। वह अपने प्रदर्शन के दम पर साल के आखिर में आस्ट्रेलिया में होने वाले विश्व कप की टीम में चयन का दावा पुख्ता करना चाहेंगे।

# वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड से तीसरा टेस्ट और श्रृंखला जीती

**भाषा। सेंट जॉर्ज**

**जोशुआ डा सिल्वा** के पहले टेस्ट शतक के बाद काइल मायर्स की घातक गेंदबाजी से वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में रविवार को यहां 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला I-0 से अपने नाम की। मायर्स ने 18 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि केमार रोच ने 10 रन देकर दो विकेट हासिल किए जिससे इंग्लैंड की दूसरी पारी मैच के चौथे दिन 120 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज को इस तरह से जीत के लिए 28 रन का लक्ष्य मिला जो उसने 4.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के हासिल कर दिया। कप्तान क्रेग ब्रेथवेट 20 और जॉन कैंपबेल छह रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले वेस्टइंडीज ने डा सिल्वा के नाबाद 100 रन की मदद से अपनी पहली पारी में 297 रन बनाकर 93 रन की बढत ली थी। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 204 रन बनाए थे। इंग्लैंड का इस हार से पिछले 18 साल से कैरेबियाई धरती पर टेस्ट श्रृंखला जीतने का इंतजार बढ़ गया जबकि वेस्टइंडीज ने 2019 के बाद अपनी धरती पर पहली टेस्ट श्रृंखला जीती। इंग्लैंड ने सुबह अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 103 रन से आगे बढ़ाई और 17 रन जोड़कर बाकी बचे दोनों विकेट गंवाए।

### बांग्लादेश को 100 रन से हराकर इंग्लैंड विश्व कप सेमीफाइनल में

**वेलिंगटन।** गत चैम्पियन इंग्लैंड आईसीसी महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी टीम बन गई जिसने बांग्लादेश को रविवार को सौ रन से हराया। सोफिया डंकली के 72 गेंद में 67 रन की मदद से इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 234 रन बनाए। इसके बाद सोफी एक्सेलेटन ने 15 रन देकर तीन विकेट लिए। बांग्लादेश की टीम 48वें ओवर में 134 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड ने अब लगातार चार मैच जीतकर टूर्नामेंट में धीमी शुरूआत की भरपाई कर दी है। अनुभवी आन्या श्रुबसोले को रविवार को आराम दिया गया जिनकी जगह चार्ली डीन ने ली और 31 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

### मेदवेदेव ने मरे को हराया, नजरें नंबर वन रैंकिंग पर

**भाषा। मियामी गार्डंस**

**शीर्ष वरीयता** प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने मियामी ओपन टेनिस के दूसरे दौर में एंडी में को 6- 4, 6- 2 से हराया और अब उनकी नजरें सेमीफाइनल में पहुंचकर नंबर वन रैंकिंग हासिल करने पर लगी हैं। इस समय नंबर वन पर सर्बिया के नोवाक जोकोविच हैं। पिछले 18 साल में सिर्फ पांच पुरूष खिलाड़ी नंबर एक रैंकिंग तक पहुंचे हैं जिनमें जोकोविच, रफेल नडाल, रोजर फेडरर, मेदवेदेव और में शामिल हैं। मेदवेदेव तीन सप्ताह तक नंबर वन रहे लेकिन सोमवार को जोकोविच फिर शीर्ष पर पहुंच गए। एक अन्य मैच में गत चैम्पियन हुबर्ट हुरकाज ने आर्थर रिंडरनेक को 7-6, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

### बेलारूस ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैत्री मैच में भारत को 3-0 से हराया

**भाषा। मनामा**



**भारतीय फुटबॉल** टीम को शनिवार को यहां अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में बेलारूस के खिलाफ दूसरे हाफ में निराशाजनक खेल के कारण 0-3 से हार गई। भारत को बुधवार को यहां एक अन्य अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में बहरीन से I-2 से हार का सामना करना पड़ा था। फीफा रैंकिंग में भारत से 10 स्थान ऊपर 94वें पायदान पर काबिज बेलारूस के लिए बायको आर्टसेम (48वां मिनट ), सालवी आंद्रेई (68वां मिनट) और हरामिका वालेरी (902 मिनट) ने गोल किए। भारत ने पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया और बेलारूस को गोल करने के अधिक मौके नहीं दिए। दूसरे हाफ में टीम के खिलाड़ियों के बीच तालमेल की कमी दिखी जिसका फायदा बेलारूस ने उठाया। भारत के लिए होर्मिपम रुइवा ने इस मैच में पदार्पण किया।

# भारतीय महिला टीम विश्वकप से बाहर

**भाषा। क्राइस्टचर्च**

**आखिरी ओवर** में फेंकी गई नोबॉल ने मैच की तस्वीर पलट दी और दक्षिण अफ्रीका से करो या मरो के मुकाबले में आखिरी गेंद पर तीन विकेट से हारकर भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को आईसीसी विश्व कप से बाहर हो गई। जीत के लिए 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका को आखिरी ओवर में सात रन की जरूरत थी। दीप्ति शर्मा के इस ओवर की दूसरी गेंद पर तृषा शेट्टी रन आउट हो गई। अगली दो गेंद पर दो रन बने लेकिन पांचवीं गेंद पर मिगनोन डु प्रीज (63 गेंद में नाबाद 52 रन) ने लांग आन पर कैच थमा दिया। इस समय दक्षिण अफ्रीका को एक गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। यह गेंद हालांकि नोबॉल निकली और अब दक्षिण अफ्रीका को दो गेंद पर दो रन की जरूरत थी जो आसानी से बन गए। आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने विश्व कप के अंतिम चार में जगह बनाई। इससे पहले शेफाली ,मंधाना और संभवत: अपना आखिरी मैच खेलने वाली कप्तान मिताली राज के अर्धशतकों की मदद से भारत ने सात विकेट पर 274 रन बनाए। भारतीय कप्तान मिताली राज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। शेफाली (46 गेंद में 53 रन) और स्मृति (84 गेंद में 71 रन) ने 90 गेंद में 91 रन की साझेदारी की जबकि हरमनप्रीत कौर ने आखिर में 57 गेंद में 48 रन बनाए।अफ्रीका के लिए लौरा वोल्वार्ट ने 79 गेंद में 80 और लारा गुडाल ने 69 गेंद में 49 रन बनाकर दूसरे विकेट के लिए 125 रन की साझेदारी की। भारत को झूलन गोस्वामी के अनुभव की कमी बहुत खली जो बाजू की मांसपेशी में खिंचाव के कारण नहीं खेल सकी। हरमनप्रीत ने सलामी बल्लेबाज लिजेले ली (छह) को रन आउट किया था। हरमनप्रीत ने वोल्वार्ट और सुने लुस (22) के भी विकेट लिए। भारत का क्षेत्ररक्षण बहुत ही ढीला था और स्मृति ने 45वें ओवर में डु प्रीज को जीवनदान दिया। ट्रायोन ने गायकवाड़ के डाले 47वें ओवर में तीन चौके लगाकर रन और गेंद का अंतर कम कर दिया था। इससे पहले भारत के लिए शेफाली ने काफी आक्रामक बल्लेबाजी की और स्मृति ने पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाई। शेफाली ने दक्षिण अफ्रीका की सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल को शुरू ही से दबाव में रखा। उन्होंने शबनम के दूसरे ओवर में तीन चौके जड़े। अपनी पारी में उन्होंने आठ चौके लगाए। 18 वर्ष की शेफाली ने तेज गेंदबाज मसाबाता क्लास को मिडआन पर चौका लगाकर टूर्नामेंट में पहला अर्धशतक पूरा किया। जिस तरह से भारतीय सलामी बल्लेबाज खेल रहे थे , ऐसा लग रहा था कि भारत एक बार फिर 300 के पार स्कोर बना लेगा। लेकिन शेफाली और तीसरे नंबर की बल्लेबाज यस्तिका भाटिया एक के बाद एक विकेट गंवा बैठी जिससे रनगति पर अंकुश लगा। शेफाली और स्मृति के बीच लेग साइड में एक रन लेने को लेकर गलतफहमी हुई और शेफाली रन आउट हो गई। वहीं यस्तिका ने आफ स्पिनर चोल ट्रायोन की गेंद पर स्वीप शॉट खेला और गेंद उनके स्टम्प पर जा लगी। भारत का स्कोर बिना किसी नुकसान के 91 रन से दो विकेट पर 96 रन हो गया। इसके बाद मिताली और स्मृति ने पारी को आगे बढाया। शुरूआती स्पैल में महंगी साबित हुई शबनम ने शानदार वापसी की और भारतीय कप्तान पर दबाव बनाया। एक बार क्रीज पर जमने के बाद मिताली ने हालांकि खुलकर खेला। स्मृति के जाने के बाद मिताली और हरमनप्रीत ने तेजी से रन बनाए। आखिरी दस ओवर में हालांकि 51 रन ही बन सके और चार विकेट गिर गए। मिताली ने इसी मैदान पर 22 साल पहले अपने पहले विश्व कप में भी अर्धशतक बनाया था।



### मैंने अपने भविष्य के बारे में अभी नहीं सोचा हैः मिताली ने संन्यास के सवाल पर कहा

**क्राइस्टचर्च।** दिग्गज क्रिकेटर मिताली राज ने विश्व कप से पहले संन्यास लेने का संकेत दिया था लेकिन भारत की अनुभवी कप्तान ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका से हारकर विश्व कप के सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने के बाद कहा कि दिल तोड़ने वाले परिणाम के बाद भविष्य के बारे मे फैसला करने का यह सही समय नही है। छह एकदिवसीय विश्व कप खेलने वाली इकलौती महिला क्रिकेटर ने कहा कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी लीग मैच मे तीन विकेट की हार की निराशा से बाहर नही निकल पाई है। इस 39 साल की क्रिकेटर ने संन्यास के बारे मे पूछे जाने पर कहा, आपने आज जो हुआ उसे समझने और मुझे मेरे भविष्य के बारे मे सोचने के लिए एक घंटे का भी समय नही दिया। जब आप विश्व कप के लिए एक साल से अधिक समय तक लगातार मेहनत के साथ तैयारी करते है और आपका अभियान इस तरह से समाप्त होता है तो काफी निराशा होती है। इसे स्वीकार करने और वहां से आगे बढ़ने मे समय लगता है। किसी भी खिलाड़ी का भविष्य कैसा भी हो, मैंने वास्तव मे अ पने भविष्य के बारे मे नही सोचा है।

**भारत महिला पारी :** मंधाना का ट्रायोन बो क्लास 71 शेफाली वर्मा रन आउट 53, यस्तिका भाटिया बो ट्रायोन 2 मिताली राज का ट्रायोन बो क्लास 68 हरमनप्रीत कौर बो खाका 48 पूजा वस्त्राकर का लुस बो इस्माइल 3 रिचा घोष का लुस बो इस्माइल 8 स्नेह राणा नाबाद। दीप्ति शर्मा नाबाद 2 **अतिरिक्त** : 18 रन कुल योग : 50 ओवर मे सात विकेट पर 274 रन **विकेट पतन** : I-91, 2-96, 3-176, 4-234, 5-240, 6-268, 7-271 **गेंदबाजी :** इस्माइल 10 - I- 42 - 2 काप 9-0-56- 0 खाका 9- 0- 58-I ट्रायोन 10-0-51-I, क्लास 8-0-38- 2 लुस 4-0- 26- 0
**दक्षिण अफ्रीका पारी :** ली रन आउट 6, वोल्वार्ट बो कौर 80, गुडाल स्ट घोष बो गायकवाड़ 49, लुस पगबाधा बो कौर 22, डु प्रीज नाबाद 52, काप रन आउट 32, ट्रायोन का और बो गायकवाड़ 17, शेट्टी रन आउट 7, इस्माइल नाबाद 2, **अतिरिक्त** : आठ रन, कुल योग : 50 ओवर मे सात विकेट पर 275 रन, **विकेट पतन** : I . 1 4, 2 . 139, 3 . 145, 4 . 182, 5 . 229, 6 . 255, 7 . 270, **गेंदबाजी** : मेघना 6-0-37-0, दीप्ति 10-0-41-0, राणा 10-0-54-0, गायकवाड़ 10-0-61-2, वस्त्राकर 6-I-37-0, हरमनप्रीत 8-0-42-2